2 | फरीदाबाद
इधर सीलिंग का हाईवोल्टेज ड्रामा उधर धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण

6 | अभिमत
पाकिस्तानी दमन से नाराज बलूच

9 | देश/विदेश
मेरा सपना है हर व्यक्ति पर एक स्मार्ट फोन और ड्रोन हो : प्रधानमंत्री

12 | स्पोर्ट्स
सुपर चार मुकाबले में जापान के खिलाफ बदला लेने उतरेगा भारत

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 110
फरीदाबाद, शनिवार, 28 मई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



तेज गर्मी में कहीं सनसट्रोक बिगाड़ न दे आपकी सेहत!

पेज - 11

**बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 54,884 | 632 |
| निफ्टी | 16,352 | 182.30 |
| सोना | 50,939 | 303 /10 gm |
| चांदी | 62,636 | 1023 /kg |

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 42.00°C
न्यूनतम 29.00°C

### आय से अधिक संपत्ति केस में सजा मुकर्रर

# हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे ओमप्रकाश चौटाला को चार साल कैद

- ओमप्रकाश चौटाला इससे पहले भर्ती घोटाले में दस साल की सजा काट चुके
- अब सजा सुनाए जाने के बाद दूसरी बार जेल पहुंचे
- पुत्र अभय चौटाला ने कहा, वे सजा के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे
- चौटाला के खिलाफ 106 गवाह पेश किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को आय से अधिक संपत्ति के मामले में अदालत ने चार साल की सजा सुनाई है। साथ ही 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसमें से 5 लाख रुपये सीबीआई को दिए जाएंगे। जुर्माना न भरने पर छह महीने की सजा अतिरिक्त भुगतनी पड़ेगी। कोर्ट में बचाव पक्ष ने दिव्यांगता के आधार पर सहानुभूति रखने की दलील को स्वीकार नहीं किया। अदालत ने हेली रोड, पंचकूला, गुरुग्राम, असोला की संपत्तियां भी सीज करने के आदेश दिए। ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे हैं। हालांकि सिर्फ एक टर्म पूरा कार्यकाल पूरा कर पाए।

सीबीआई के वकील अजय गुप्ता ने बताया कि आरोपी ने 10 दिन का समय दिए जाने की मांग की, ताकि मेडिकल रिपोर्ट कराई जा सके। परंतु कोर्ट ने कहा कि जो मेडिकल टेस्ट करवाने हैं, जेल में करवाएं। सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें कस्टडी में ले लिया गया। कोर्ट में उनके बेटे अभय चौटाला और पोते अर्जुन भी थे। अभय चौटाला ने कहा कि वे हाइकोर्ट जाएंगे। अभी वकीलों के साथ रायशुमारी करेंगे।

इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यु कोर्ट में गुरुवार को सजा पर वकीलों की बहस के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। चौटाला की ओर से वकील ने अदालत में दलील दी है कि उनकी उम्र 87 साल है और लंबे समय से बीमार हैं। उनके पास 60 प्रतिशत दिव्यांगता का सर्टिफिकेट है, लेकिन अब वह 90 प्रतिशत दिव्यांग हो चुके हैं। स्वास्थ्य खराब रहता हैं और अपने कपड़े भी खुद बदल नहीं पाते। इससे पहले शिक्षक भर्ती मामले में जेल में सजा काट चुके हैं। जेल में रहते हुए 10वीं और 12वीं पास की है। वहीं, सीबीआई के वकील ने दलील दी है कि पूर्व सीएम को कम सजा देने से गलत संदेश जाएगा। गौरतलब है कि चौटाला को अदालत ने 21 मई को दोषी करार दिया गया था। सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति के इस मामले में चौटाला के खिलाफ 106 गवाह पेश किए थे।

पूर्व सीएम के खिलाफ सीबीआई ने 2005 में यह मामला दर्ज किया था। 2010 में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट के बाद 16 जनवरी 2018 को ओपी चौटाला के बयान दर्ज हुए थे। सीबीआई ने चौटाला और उनके बेटों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।

बता दें, आय से अधिक संपत्ति का मामला कांग्रेसी नेता शमशेर सिंह सुरजेवाला की शिकायत पर सीबीआई ने 2005 में दर्ज कराया था। सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया था कि निर्धारित अवधि के दौरान ओपी चौटाला की आय उनकी 3.22 करोड़ रुपये की आय से 189 प्रतिशत अधिक थी। अजय चौटाला के पास उनकी आय से 339.27 प्रतिशत अधिक संपत्ति थी। मई 1993 से मई 2006 के बीच उनकी आय 8.17 करोड़ रुपये रही। अभय चौटाला की संपत्ति 2000 से 2005 के बीच के आयकर आंकड़ों के अनुसार 22.89 करोड़ रुपये की उनकी कमाई से पांच गुना अधिक की थी। मामले में ईडी ने छह करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। इसमें दिल्ली, पंचकूला और सिरसा की प्रॉपर्टी शामिल है।



### चौटाला को सजा के बाद अजय-अभय की बढ़ी मुश्किलें

**आय** से अधिक संपत्ति के मामले में ओपी चौटाला को चार साल की सजा होने के बाद उनके दोनों बेटों अजय और अभय के लिए भी मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। अभय चौटाला के मामले की सुनवाई 28 मई को है। इसमें अभी गवाही हो रही है। सीबीआई के आरोप पत्र अनुसार अभय चौटाला की संपत्ति 2000 से 2005 के बीच आयकर आंकड़ों अनुसार 22.89 करोड़ रुपये की कमाई से पांच गुणा अधिक है। वहीं अजय चौटाला की 30 मई को सुनवाई है और गवाही पर केस चल रहा है। इसके तहत अजय चौटाला के पास उनकी वैद्य आय से 339.27 प्रतिशत अधिक संपत्ति है। मई 1993 से मई 2006 के बीच उनकी वैध आय 8.17 करोड़ रुपये रही।

### निकाय चुनाव नजदीक कार्यकर्ता निराश

**इनेलो** सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के जेल जाने के सिरसा में उनके निवास पर वीरानी छाई हुई है। नगर निकाय चुनावों से पहले ओपी चौटाला को सजा होने से कार्यकर्ताओं का निराश होना स्वाभाविक है। जिसका असर चुनावों पर पड़ेगा। ओपी चौटाला और उनके बेटे अजय चौटाला को जेबीटी घोटाले में 2013 में 10 साल की सजा हुई थी। इसके 2 जुलाई 2021 को ओपी चौटाला की सजा पूरी हुई। परंतु एक साल पूरा होने से पहले ही उन्हें नौ महीने में ही उन्हें दोबारा जेल जाना पड़ा। चौटाला 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते।

### चौटाला पर सजा का फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और पीड़ादायक : दिग्विजय चौटाला

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने दादा ओमप्रकाश चौटाला को आय से अधिक मामले में सजा के फैसले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं पीड़ादायक बताया। दिग्विजय ने कहा कि सजा के फैसले से हम और उनके चाहने वाले सभी समर्थक बहुत दुखी हैं और उनके लिए एक बड़ा झटका है।

उन्होंने हाईकोर्ट से राहत की उम्मीद भी जताई। साथ ही जजपा ने सजा के फैसले के बाद अपने आगामी सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। जजपा प्रधान महासचिव ने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला सर्वमान्य नेता हैं और आइडियल के तौर पर जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज सजा के फैसले से सभी आहत हैं और सबको पीड़ा महसूस हो रही है। दिग्विजय ने कहा कि 87 वर्ष के बुजुर्ग व्यक्ति को इतनी कठोर सजा होने से सबको चिंता है क्योंकि चौटाला साहब विकलांग होने के चलते उनका 90 फीसदी शरीर काम नहीं करता है। दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि आज देश को दोनों हाथों से लूटने वाले लोग विदेशों में घूम रहे हैं जबकि मेहनतकश, कमेरे वर्ग की आवाज ओपी चौटाला पर एक बार फिर से ऐसा फैसला आना मन को दुखी करता है क्योंकि वे दस साल की पहले भी सजा काट चुके हैं।



सजा के फैसले के बाद जेजेपी ने पार्टी के आगामी कार्यक्रम किए स्थगित

### ऐतिहासिक राइफल हेलमेट को राष्ट्रीय समर स्मारक ले जाया गया



**नई दिल्ली।** इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति का हिस्सा रही ऐतिहासिक राइफल और सैनिक के हेलमेट को शुक्रवार को राष्ट्रीय समर स्मारक ले जाया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सशस्त्र बलों ने इंडिया गेट से उलटी राइफल और हेलमेट राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के परम योद्धा स्थल पर पहुंचा दिया है। उल्लेखनीय है कि यह राइफल और हेलमेट 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों का प्रतीक है। मंत्रालय ने बताया कि राइफल और हेलमेट को परम वीर चक्र विजेताओं की आवक्ष प्रतिमाओं के बीच स्थापित किया गया।

### संतरा उद्यानों की स्थिति सुधारी जा सकती है : विशेषज्ञ

**अगरतला।** नागपुर स्थित सेंट्रल सीट्रस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीसीआरआई) के विशेषज्ञों का कहना है कि यदि किसान रखरखाव एवं कीट नियंत्रण के वैज्ञानिक तौर-तरीकों का इस्तेमाल करें तो त्रिपुरा में संतरा उद्यानों की स्थिति सुधारी जा सकती है। सीसीआरआई के निदेशक दिलीप कुमार घोष की अगुवाई में एक टीम ने हाल में उत्तरी त्रिपुरा के जामपुई पहाड़ी क्षेत्र का दौरा किया, जहां राज्य के 200 संतरा किसानों में से 75-80 रहते हैं और टीम ने उनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया।

### पत्रकार हत्याकांड : अंतरराष्ट्रीय अदालत जाएगा अल जजीरा

**यरूशलम।** अल जजीरा न्यूज नेटवर्क का कहना है कि पत्रकार शिरीन अबु अकलेह की हत्या के मामले में वह अंतरराष्ट्रीय अपराधिक अदालत (आईसीसी) जाएगा। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में इजराल के नियंत्रण वाले वेस्ट बैंक इलाके में उसकी (इजराइल) छापेमारी के दौरान शिरीन की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।

## क्विक न्यूज

### कुत्ता प्रेमी आइएएस दंपति को सजा, दोनों के ट्रांसफर



**नई दिल्ली।** दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम को रोज रात में जल्दी खाली कराकर वहां अपना कुत्ता घुमाने को लेकर विवादों में घिरे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रिंकु दुग्गा और उनके पति आईएएस संजीव खिरवार का तबादला कर दिया गया है। संजीव खिरवार का लद्दाख और रिंकू दुग्गा का अरुणाचल प्रदेश तबादला किया है। माना जा रहा है कि तबादले की यह कार्रवाई आइएएस दंपति को सबक सिखाने के लिए की गई है। यह मामला आज पूरे दिन सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड करता रहा। यूजर्स ने इन दोनों की खूब खिंचाई की है। एक यूजर ने लिखा कि कुत्ता घुमाने के लिए दोनों को इससे बेहतर पोस्टिंग नहीं मिल सकती।

### बिना जांच किए चार बच्चों को चढ़ाया एचआईवी संक्रमित खून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नागपुर में खून चढ़ाए जाने के बाद चार बच्चों के एचआईवी से संक्रमित हो जाने संबंधी खबर को लेकर महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार के साथ ही केंद्र सरकार के खाद्य एवं औषधि विभाग के सचिव को भी नोटिस जारी कर कहा गया है कि मामले में शुरुआती जांच को लेकर छह सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपी जाए।

### ईडब्ल्यूएस के तहत दाखिले की तारीख 14 जून तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने प्रवेश स्तर की कक्षाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के तहत दाखिला लेने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 जून कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शिक्षा विभाग के उपनिदेशक योगेश पाल सिंह ने कहा, प्रवेश स्तर की कक्षाओं में ईडब्ल्यूएस और वंचित वर्ग (डीजी) के तहत सफल बच्चों के दाखिला लेने की तिथि बढ़ाकर 14 जून कर दी गई है।

## अगले दो-तीन दिनों में केरल पहुंच सकता है मॉनसून

एजेंसी। नई दिल्ली

**मॉनसून** आने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

इससे दिल्ली में भी राहत की उम्मीद जताई गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने शुक्रवार को कहा कि केरल में मॉनसून की



शुरुआत दो-तीन दिनों में होने की संभावना है। दक्षिण पश्चिम मॉनसून दक्षिण अरब सागर और लक्षद्वीप के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है।

पिछले 24 घंटों में, केरल तट और दक्षिण-पूर्व अरब सागर में बादलों की उपस्थिति बढ़ी है। जेनामणि ने कहा कि बारिश के कारण भारत के अधिकांश हिस्सों में तापमान फिलहाल सामान्य और सामान्य से नीचे है। अगले पांच दिनों में कोई लू की स्थिति नहीं होगी। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है जो वहां बारिश का कारण बनेगा। दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिनों तक बादल छाए रहेंगे।

### प्रोफेसर को रिश्वतखोरी के मामले में चार साल कैद

**जींद।** जिले की एक अदालत ने छात्र से रिश्वत लेने के मामले में एक सरकारी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर को शुक्रवार को चार साल कैद की सजा सुनाई।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत के जज ने सुभाष दुग्गल पर 10000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। हरियाणा राज्य सतर्कता ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के मामले की जांच करने के बाद दुग्गल को गिरफ्तार किया था।

### लद्दाख में बड़ा हादसा

# सेना की बस श्योक नदी में गिरी सात जवानों की मौत

## मोर्चे पर जा रहे जवानों की बस 60 फीट नीचे नदी में गिरी

बस में 26 फौजी परतापुर से लेह में मोर्चे पर जा रहे थे

एजेंसी। लद्दाख

**लद्दाख** के तुर्तक सेक्टर में सेना की बस श्योक नदी में गिर गई। हादसे में सात जवानों की मौत हो गई और 19 जवान घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इंडियन आर्मी के बयान के मुताबिक, 26 सैनिकों की टुकड़ी परतापुर से लेह जिले के हनीफ सब सेक्टर के फॉरवर्ड पोस्ट पर जा रही थी।

हादसा शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे थोइसे से करीब 25 किलोमीटर दूर हुआ। यहां सेना की बस अनियंत्रित होकर श्योक नदी में जा गिरी। घायल 26 जवानों को वहां से निकालकर



चंडीमंदिर कमांड अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर चोटों की वजह से सात सैनिकों की मौत हो गई।

लेह से परतापुर के लिए सेना की सर्जिकल टीमें रवाना कर दी गई हैं। भारतीय सेना ने कहा, हम हादसे में घायल सभी जवानों को सर्वोत्तम चिकित्सा मदद दिलाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं, जिससे हादसे में घायल जवान जल्द स्वस्थ हो सकें।

पीएम मोदी ने इस हादसे पर दुख जताया है। पीएम ने ट्विटर पर लिखा, लद्दाख में हुए बस हादसे से आहत हूं, जिसमें हमने सेना के कई वीर जवानों को खो दिया। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायल जवानों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करता हूं। इस हादसे से प्रभावित जवानों और उनके परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी।

### रूस ने पूर्व में यूक्रेन के गढ़ों की घेराबंदी और बढ़ाई



**कीव।** रूसी सेना ने शुक्रवार को यूक्रेन के अलगाववादी-नियंत्रित पूर्वी प्रांत में उसके कुछ अंतिम गढ़ों पर भारी गोलाबारी की। इस गोलाबारी के दायरे में एक शहर भी शामिल था और अधिकारियों का कहना है कि युद्ध शुरू होने के बाद से वहां 1500 लोग मारे गए हैं और 60 प्रतिशत आवासीय भवन नष्ट हो गए हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी कि विदेशी हथियारों की नई खेप के बिना, यूक्रेनी सेना रूस को सिविएरोदोनेत्सक और पास के लिस्चांस्क पर कब्जा करने से नहीं रोक पाएगी। ये इलाके यूक्रेन के समूचे औद्योगिक क्षेत्र डोनबास पर कब्जा करने के रूसी लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस क्षेत्र को बनाने वाले दो प्रांतों में से एक लुहान्स्क में यूक्रेनी नियंत्रण के तहत आने वाले ये शहर अंतिम क्षेत्र हैं। रूसी सेना ने धीमी लेकिन लगातार प्रगति की है क्योंकि उन्होंने बमबारी की और लिस्चांस्क और सिविएरोदोनेत्सक दोनों को घेरने की कोशिश की।

### सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर

## 100 साल से अधिक पुरानी प्रमुख मस्जिदों के गोपनीय सर्वे की मांग

एजेंसी। नई दिल्ली

**देश** में चल रहे मंदिर-मस्जिद विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है कि वो देश की सौ साल से अधिक प्राचीन और प्रमुख मस्जिदों की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के जरिए एक गोपनीय सर्वे कराने का निर्देश दे।



जनहित याचिका में सौ साल से अधिक पुरानी प्रमुख मस्जिदों के तालाबों और कुओं से वुजू को स्थानांतरित करने के निर्देश देने की भी मांग की गई है। वुजू एक इस्लामी प्रक्रिया है, जिसे मस्जिदों में प्रवेश से पहले शरीर के अंगों को साफ करने के लिए अपनाई जाती है। जनहित याचिका में कहा है कि ऐसी मस्जिदों का गोपनीय सर्वेक्षण किया जा सकता है ताकि वहां से यदि कोई अवशेष मिले तो अनावश्यक सांप्रदायिक तनाव और धार्मिक भावनाओं को आहत करने से बचा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका अधिवक्ता शुभम अवस्थी की ओर से अधिवक्ता विवेक नारायण शर्मा के जरिए दायर की गई है।

### नेपाल में चीन का दबदबा खत्म करेगा यूएस

## 20 साल बाद अमेरिकी दौरा करेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

एजेंसी। काठमांडू

**नेपाल** में चीन के बढ़ते दबदबे को खत्म करने के लिए अमेरिका कई दिनों से साइलेंट डिप्लोमैसी की स्ट्रैटेजी के तहत काम कर रहा है। अब इसके नतीजे सामने आने लगे हैं। नेपाल और अमेरिका हाईएस्ट लेवल पर बातचीत करने जा रहे हैं। नेपाल के आर्मी चीफ प्रभुराम शर्मा जून में अमेरिका जा रहे हैं। इसके कुछ दिनों बाद प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा वॉशिंगटन पहुंचेंगे। यह 20 साल में नेपाल के किसी प्रधानमंत्री का पहला अमेरिका दौरा होगा।

'काठमांडू पोस्ट' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों ने



नेपाली आर्मी चीफ जून में वॉशिंगटन जाएंगे

अमेरिका और नेपाल के बीच कई स्तरों पर बातचीत चल रही है। इसमें पॉलिटिकल और मिलिट्री लीडरशिप शामिल है। अब चीजें सामने आने लगी हैं। नेपाल के आर्मी चीफ शर्मा पेंटागन पहुंच रहे हैं। इसके बाद जुलाई के पहले हफ्ते में प्रधानमंत्री देउबा अमेरिका पहुंचेंगे। उनके प्रोग्राम का शेड्यूल जल्द सामने आ सकता है। इसके पहले और बाद में दोनों देशों के आला अफसर बातचीत करेंगे। नेपाल आर्मी ने भी इस यात्रा की पुष्टि कर दी है। नेपाल के आर्मी चीफ अमेरिका के अलावा कुछ और देशों का भी दौरा करेंगे।

आर्मी चीफ 27 जून को अमेरिका रवाना होंगे। यहां वो पेंटागन का दौरा करेंगे। इसके बाद साउथ एशिया के मामले देखने वाले अमेरिका के तमाम आला अफसरों से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि अमेरिका नेपाल को पहाड़ी इलाकों के लिए जरूरी मिलिट्री हार्डवेयर देने जा रहा है।

## अब मंजूषा नियोगी की हुई मौत, दो अभिनेत्रियों ने पहले की खुदकुशी

### दो को बॉयफ्रेंड से धोखा मिला, एक सहेली के सुसाइड के अगले दिन फांसी के फंदे पर लटकी

एजेंसी। कोलकाता

**बंगाली** मॉडल मंजूषा नियोगी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। मंजूषा का शव पटोली स्थित उनके घर पर फंदे से लटका मिला है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पिछले 15 दिनों में बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की तीन अभिनेत्रियों की मौत हो हुई है। बीते दिन मंजूषा की दोस्त और एक्ट्रेस बिदिशा डे मजूमदार ने सुसाइड कर लिया था। वहीं 15 मई को पल्लवी डे की लाश उनके फ्लैट में पाई गई थी। उभरती मॉडल और एक्ट्रेसेस की आत्महत्या की खबरों ने बंगाली इंडस्ट्री में हर किसी को



हैरान कर दिया है।

शुक्रवार की सुबह जब मंजूषा अपने कमरे से बाहर नहीं आई तो उसके पेरेंट्स बेटी को कॉल कर रहे थे। जब कोई जवाब नहीं मिला तो मंजूषा के पेरेंट्स चिंतित हो उठे और जब बेटी के बेडरूम में देखा तो बेटी का शव फंदे से लटका था।

फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में तफ्तीश शुरू कर दी है।

मंजूषा नियोगी पेशे से एक मॉडल और एक्ट्रेस थीं। मंजूषा हाल ही में टीवी शो कांची में नर्स के किरदार में नजर आई थीं। इसके साथ ही उन्होंने कई शोज में छोटे-मोटे रोल किए हैं। वहीं मंजूषा की मां ने पुलिस को बताया कि वह दोस्त बिदिशा की मौत के बाद से डिप्रेशन में थी।

बता दें, बुधवार शाम को दमदम के नागरबाजार में मंजूषा की दोस्त और मॉडल बिदिशा के शवों को उनके रेंटेड अपार्टमेंट में फंदे से लटका पाया गया। बिदिशा की उम्र 21 साल थी। एक्ट्रेस डेढ़ महीने पहले इस फ्लैट में शिफ्ट हुई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिदिशा के अपार्टमेंट से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। बिदिशा की फैमिली और उनके फ्रेंड्स ने बताया है कि उनके रिलेशनशिप में कोई परेशानी चल रही थी, जिस वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक जिम ट्रेनर के साथ रिलेशनशिप में थीं। दोनों के रिश्ते में कुछ ठीक नहीं चल रहा था, जिस वजह से बिदिशा काफी परेशान थीं। इसी महीने की 12 तारीख को पल्लवी डे की भी संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी।

एक्ट्रेस का शव उनके फ्लैट में फंदे पर लटकता पाया गया था। हालांकि, कुछ दिनों बाद पल्लवी के लिव-इन-पार्टनर साग्निक चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक्ट्रेस के घरवालों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने बताया कि साग्निक पहले से शादीशुदा था, जिससे कपल के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, शनिवार, 28 मई, 2022 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 39.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 27.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरु: सुबह 8 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन: सुबह 9 बजे।
- मंदिरों में पूजा-अर्चना का आयोजन: सुबह 5 बजे।

**निवेश गुरु**

**युवा** महिला निवेशक अधिक जोखिम और अधिक रिटर्न देने वाले एसेट्स, मसलन शेयर बाजार में निवेश करना पसंद करती हैं। एक सर्वे के अनुसार, 18-25 साल की महिला निवेशक सुरक्षित निवेश जैसे टर्म डिपॉजिट (एफडी) के बजाय अधिक जोखिम वाले विकल्पों में निवेश करने की संभावना तीन गुना अधिक रहती है। यह सर्वे वित्त सेवा फिनटेक कंपनी ग्रो ने किया है, जिसमें इसमें 28,000 लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करायी। सर्वे में महिलाओं के निवेश लक्ष्य के बारे में भी बताया गया है।

**यूटीलिटी न्यूज**

## भागवत कथा श्रवण से खत्म होते हैं पाप

**फरीदाबाद।** श्रीकृष्ण पहलवान द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समस्त पाराशर परिवार के साथ खेड़ी पुल जीवन धर्म कांटा प्राचीन हनुमान मंदिर में चल रही है जिसका समापन आज 27 मई को भंडारे प्रसाद के साथ हो गया। कथा व्यास संत हरिदासजी महाराज जो ऋषिकेश से आए हैं। पिछले 21 मई से शाम को कथा वाचन करते हैं। इसी कार्यक्रम में स्वर्गीय रोहतास पहलवान की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित भागवत कथा में अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विश्व ब्राह्मण संघ के जिला अध्यक्ष लखन शर्मा नंबरदार अतिथि के रूप में पहुंचे। वहीं उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में श्रीमद् भागवत कथा बहुत महत्वपूर्ण कथा है इसका सबको श्रवण करना चाहिए। इससे कई जन्मों के पाप खत्म हो जाते हैं और पुण्य की शुरुआत होती है। जो की पीढ़ी दर पीढ़ी सबको प्राप्त होती है। ऐसे महायज्ञ में सबको योगदान देना चाहिए।

**क्विक न्यूज**

## कंट्रोल रूम स्थापित

**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद में दिनांक 5 जून 2022 को 60 परीक्षा केंद्रों पर समय प्रात: 09.30 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक व दोपहर 2.30 बजे से शाम 04.30 बजे तक होने वाली सिविल सर्विसेज प्रिलिमनरी एग्जामिनेशन-2022 की लिखित परीक्षा के संचालन के लिए, नगराधीश कार्यालय, फरीदाबाद रूम नंबर 215 में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम से दूरभाष नंबर 01292227934 पर संपर्क किया जा सकता है। कुंदन लाल, उप-अधीक्षक (8586961951) उपायुक्त कार्यालय, फरीदाबाद को कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। हौरी लाल, सहायक (7678689944) उपायुक्त कार्यालय फरीदाबाद, जितेंद्र, लिपिक (8689096096) नगराधीश कार्यालय फरीदाबाद, कुमारी प्रियंका, नगराधीश कार्यालय फरीदाबाद, कुमारी प्रियंका, सेवादार नगराधीश कार्यालय फरीदाबाद को निर्देश दिए गए हैं कि 05 जून को प्रात: 6 अपने कार्यालय स्थल पर पहुंचकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# इधर सीलिंग का हाईवोल्टेज ड्रामा, उधर धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण

### अदालत की तारीख आने पर निगम द्वारा किया जाता है सीलिंग का दिखावा

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद शहर आज तक स्मार्ट नहीं बन पाया है। बल्कि अधिकारियों की कार्यशैली की वजह से लगातार शहर की सूरत तो बिगड़ ही रही है, साथ ही पर्यावरण पर बुरा असर पड़ रहा है।

शहर में चारों तरफ धड़ल्ले के साथ हो रहे अवैध निर्माणों की वजह से शहर में कई तरह की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। एनआइटी और शहर के विभिन्न सेक्टरों में चार मंजिला अवैध फ्लैटों की वजह से नगर निगम के सीमित संसाधन पर बोझ बढ़ने से लोगों को पानी और सीवर जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रिहायशी जमीनों पर व्यवसायिक इमारतों के निर्माण की वजह शहर की सड़कों पर अतिक्रमण और जाम की समस्या भी बढ़ रही है। इससे संबंधित अदालत की तारीख नजदीक आने पर नगर निगम की तरफ से सीलिंग अथवा


निगम द्वारा की गई तोड़फोड़ से कुछ दूरी पर होता निर्माण।


अतिक्रमण हटाता नगर निगम का तोड़फोड़ दस्ता।

### जिम्मेदारों पर कारवाई नहीं

**शहर** ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहां फिलहाल अवैध निर्माण न हो रहा है। शहर में जहां देखो वहीं खुलेआम रिहायशी जमीनों पर व्यवसायिक इमारतों का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं इससे पहले भी शहर में हजारों की संख्या में इस तरह के अवैध निर्माण बनकर तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा नगर निगम के लाख दावों के बावजूद शहर की तमाम सड़कों और बाजारों में बड़े पैमाने पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। शहर में होने वाले अवैध निर्माण और अतिक्रमण के लिए सीधे तौर पर नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी ही जिम्मेदार है। लेकिन नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारी अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत महसूस नहीं करते। जबकि नगर निगम और एचएसवीपी के पास तोड़फोड़ शाखा मौजूद है। इनमें अधिकारियों और कर्मचारी के साथ साथ तमाम संसाधन भी मौजूद हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी आज तक तय नहीं की गई है। जिम्मेदारी तय न होने और कार्रवाई का डर न होने से अधिकारी और कर्मचारी रोकने की बजाए शह देते हैं।

### अदालत को करते हैं गुमराह


रिहायशी जमीनों पर किया जा रहा व्यवसायिक निर्माण।

**नगर** निगम अथवा एचएसवीपी के अधिकारी सिर्फ अदालत के आदेश पर अतिक्रमण अथवा अवैध निर्माण की तरफ अपना रुख करते हैं। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अतिक्रमण और अवैध निर्माण के मामले में काफी गंभीरता दिखा रहे हैं। अदालत का आदेश आने पर संबंधित विभागों द्वारा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्रवाई तो की जाती है। लेकिन वह भी सिर्फ दिखावा कर अदालत को गुमराह करने का प्रयास ही किया जाता है। अदालत को गुमराह करने के लिए नगर निगम द्वारा इससे पहले भी कई बार हाईवोल्टेज ड्रामा किया जा चुका है। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण लाल रंगा की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने एनआइटी इलाके में अवैध निर्माणों को तोड़ने के आदेश दिये थे, लेकिन नगर निगम ने एक आध अवैध निर्माणों की दीवार हिलाकर अन्य अवैध निर्माणों को सील कर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया था। अदालत के आदेश पर हुई कार्रवाई के बाद सीलें तो खुल ही चुकी हैं। साथ ही अवैध निर्माणों की संख्या कई गुणा बढ़ गई है। निगम ने तिकोना पार्क इलाके में भी सीलिंग की थी। अब ज्यादातर इमारतों की सील खुल चुकी है।

अतिक्रमण हटाने का दिखावा कर कर्तव्य पूरा कर लिया जाता है। शुक्रवार को भी निगम द्वारा सेक्टर नौ-दस की मार्केट में सीलिंग और अतिक्रमण हटाने का हाईवोल्टेज ड्रामा किया गया। जबकि आसपास के इलाकों में धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण खुलेआम करवाए जा रहे हैं। तीन साल पहले यहां निगम ने सीलिंग की थी। लेकिन अब सील खुलने के साथ निर्माणों की संख्या भी बढ़ गई है।

### तोड़फोड़ का सिर्फ ड्रामा

**नगर** निगम अधिकारियों ने सेक्टर सात, दस और आसपास के इलाके में रिहायशी जमीनों पर बने व्यवसायिक भवनों को सील करने और अतिक्रमण हटाने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी। जिसके बाद शुक्रवार सुबह निगम का तोड़फोड़ भारी पुलिस बल के साथ सेक्टर नौ और दस की डिवाइडिंग रोड पर पहुंच गया। इस दौरान निगम की जेसीबी मशीनों ने एक के बाद एक अतिक्रमणों को हटाना शुरू कर दिया। इस दौरान रिहायशी जमीनों पर बने कुछ व्यवसायिक इमारतों को सील भी किया गया। साथ ही कुछ इमारतों में मामूली तोड़फोड़ भी की गई। सूत्रों के

### कार्रवाई का अभाव



**सामाजिक** कार्यकर्ता विष्णु गोयल का कहना है कि नगर निगम की लापरवाही के कारण शहर भर में बड़े पैमाने पर रिहायशी जमीनों पर व्यवसायिक इमारतों का निर्माण और चार मंजिला अवैध फ्लैट बनाए जा रहे हैं। शहर में होने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। तोड़फोड़ के दौरान होने वाले सरकारी खर्च की रिकवरी कार्यरत अथवा सेवानिवृत अधिकारी से की जानी चाहिए।

मुताबिक निगम की यह कार्रवाई अदालत की तारीख नजदीक आने की वजह से हुई है। इससे पहले भी नगर निगम ने करीब तीन साल पहले इन सेक्टरों में रिहायशी जमीनों पर बने अनेक व्यवसायिक इमारतों को सील किया था। सील कुछ दिनों बाद ही लोगों ने खुद तोड़कर फिर से काम धंधे शुरू कर दिये थे। जिन्हें देखकर आसपास के अन्य लोगों ने रिहायशी जमीन पर व्यवसायिक इमारतों का निर्माण करवा लिया। लेकिन निगम ने कोई ध्यान नहीं दिया।

# मॉडर्न बीपी के मॉडल को विधायक ने सराहा

### विधायक शर्मा ने की मॉडर्न बीपी स्कूल के बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की प्रशंसा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर-23** संजय कॉलोनी स्थित मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को देखकर विधायक नीरज शर्मा ने प्रशंसा की। मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा तैयार किए गए बायोलॉजी के मॉडल खुले हुए सीवरेज मेनहोल के दुर्घटना से निजात दिलाने के उपाय को लेकर विधायक नीरज शर्मा ने बच्चों टीचरों की प्रशंसा की।

नगर निगम आयुक्त से बात कर उनको मिलने का समय दिलवाया


विधायक शर्मा को मॉडल की जानकारी देते प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार, शिक्षक नवीन और विद्यार्थी।

ताकि वह उनके पास जाकर इस बारे में अवगत कराएं। मॉडल प्रस्तुत करने वाले बच्चों ने बताया कि मॉडर्न बीपी स्कूल विज्ञान के क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ रहा है पिछले 8 सालों से लगातार सीबीएससी के माध्यम से प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर रहा है। विधायक नीरज शर्मा ने इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन ओपी परमार और स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र परमार व बच्चों को बधाई दी और आगे भी ऐसा काम करने को प्रेरित किया। स्कूल के विद्यार्थी ने मिलकर ओपन हॉल डिटेक्टर नामक मॉडल तैयार किया है। उन्होंने दो ढक्कन लगाकर मॉडल तैयार किया है। मैनहोल के ढक्कन में उन्होंने एक खास जीएसएम माड्यूल्स लगाया है। इसमें एक बार में एक साथ 100 लोगों तक संदेश पहुंचाने की व्यवस्था है। मेनहोल का ढक्कन खुलते ही मॉडल तुरंत उस में मौजूद नंबरों पर कोड के जरिए संदेश भेज देता कि किस स्थान पर ढक्कन खुला है। जब उस ढक्कन को बंद कर दिया जाएगा, तब एक बार फिर संबंधित अधिकारी और कर्मचारी को संदेश मिल जाएगा। इस मौके पर प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार ने विधायक शर्मा को पुष्प भेट किए। वहीं शिक्षक नवीन जोशी, छात्रा संचिता, स्नेहा कुमारी, आदर्श यादव ने मॉडल प्रस्तुत किया।

# विश्व मासिकधर्म स्वच्छता दिवस पर किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**माहवारी** यानी पीरियड्स के दौरान साफ-सफाई के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल 28 मई को वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे (विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस) के रूप में मनाया जाता है। क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल फरीदाबाद से वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंदर कौर खुराना ने कहा कि मासिक धर्म प्राकृतिक रूप से होने वाली एक प्रक्रिया है जिससे हर महिला हर महीने गुजरती है।


डॉ. रविन्द्र कौर।

माहवारी का चक्र आमतौर पर 28 दिनों का होता है और यह 4 से 5 दिन तक चलता है। इस दौरान महिलाएं कमर, पैरों और पेट में दर्द, उल्टी होना, सिर दर्द, चक्कर आना आदि जैसे कई तरह के शारीरिक, हार्मोनल बदलावों से भी गुजरती है। इसलिए मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को अपने हाइजीन/साफ-सफाई का खास ख्याल रखना चाहिए क्योंकि लापरवाही मूत्र पथ का संक्रमण (यूटीआई), वेजाइनल इन्फेक्शन (योनि संक्रमण) जैसी बीमारियों को जन्म दे सकती है। कई बार इंफेक्शन के कारण महिलाओं को इनफर्टिलिटी (बांझपन) से जुड़ी समस्या भी हो सकती है। इसलिए महिलाओं को अपने मासिक चक्र के पैटर्न और साफ-सफाई को लेकर ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीरियड्स (माहवारी) के दौरान पैड का इस्तेमाल करें और हर 4-5 घंटे बाद इसे बदलते रहें। जननांगों की साफ-सफाई का भी खास ध्यान रखें ताकि किसी तरह का संक्रमण और बदबू की समस्या न होने पाए। हर बार पेशाब करने के बाद साबुन से हाथ जरूर धोएं। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। आहार में मौसमी ताजे फल शामिल करें जिनमें पानी की उचित मात्रा होती है। दही का सेवन करें, यह अच्छे बैक्टीरिया को प्राप्त करने में मदद करती है।

# छात्राओं को मिली 33.50 लाख रुपये की स्कॉलरशिप

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


स्कालरशिप मिलने पर खुशी मनाती गवर्नमेंट पालीटेक्निक फॉर विमेन की छात्राएं।

**गवर्नमेंट** पॉलिटेक्निक फॉर विमेन फरीदाबाद में कुल 67, जिसमें 66 (41 फ्रेश और 25 रिन्यूअल) प्रगति स्कॉलरशिप और एक स्वनाथ स्कॉलरशिप छात्राओं को एआईसीटी (ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन) के द्वारा प्रति छात्रा 50,000 छात्रवृत्ति प्रति वर्ष के लिए आवंटित की। इस तरह से 33 लाख 50000 रुपये कुल राशि के तौर पर बांटे गए। चयनित छात्राओं को 3 साल के डिप्लोमा प्रोग्राम में कुल डेढ़ लाख राशि मिलेगी।

यह स्कॉलरशिप, जो सिर्फ कन्याओं के लिए है, हेतु अनिवार्य योग्यता परिवार की कुल वार्षिक आय 8,00000 से कम व दसवीं की मेरिट के आधार पर बांटी गई। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन के प्रधानाचार्या मीनू वर्मा ने बताया की तकनीकी शिक्षा डिप्लोमा में अधिकतर लड़कियां ऐसे घरों से आती हैं। जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं होती है ऐसे में यह स्कॉलरशिप उन्हें अपनी पढ़ाई करने में और आगे बढ़ने में बहुत सहायक होगी। प्रगति स्कॉलरशिप की नोडल ऑफिसर सोनिया और सभी विभाग अध्यक्ष को धन्यवाद करते हुए कहा की हर वर्ष यूं ही बच्चों को प्रोत्साहित कर फॉर्म भरवाए जाएंगे, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा छात्राएं इस योजना का लाभ उठा पाएं। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वूमेन में जो सात कोर्स आर्किटेक्चर, फैशन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, सिविल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और बिजनेस मैनेजमेंट चलाए जा रहे हैं, उसमें जरूरतमंद और मेधावी छात्राएं दाखिला ले सकती है और इस स्कॉलरशिप के द्वारा वे अपने 3 वर्ष की डिप्लोमा की पढ़ाई यहां पूर्ण कर सकती है।

# चौटाला ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं का किया समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जननायक** जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक गोपाल वाटिका, सेक्टर-88 ,ग्रेटर फरीदाबाद में अध्यक्षता की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दिग्विजय सिंह चौटाला शामिल हुए। उनके फरीदाबाद आगमन पर जेजेपी कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



जननायक जनता पार्टी के प्रधान सचिव दिग्विजय सिंह चौटाला कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए।

बैठक में दिग्विजय सिंह चौटाला ने पार्टी के सभी कार्यकर्ता साथियों की समस्याओं को सुना। उनका मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों को बोलकर समाधान भी किया। इस कार्यकर्ता बैठक में गुलदस्तों की बाढ़ सी आई हुई थी। हर तरफ कार्य कर्ता अपने प्रधान महासचिव को गुलदस्ता देकर पार्टी की मजबूती की खुशी व्यक्त कर सम्मानित कर रहे थे। प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता मीटिंग में समस्याओं को सुना और उनका समाधान मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देकर समाधान कराया है, वह काबिले तारीफ है इससे पार्टी के कार्यकर्ता को मजबूती मिलेगी और संगठन मजबूत होगा। डॉक्टर अजय सिंह चौटाला के मार्गदर्शन और उप मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में, और दिग्विजय सिंह चौटाला के साथ मिलकर पार्टी को दीवार की भांति मजबूत करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया मौजूद थे।

**रखी मांगें :** वरिष्ठ प्रदेश महासचिव दिग्विजय चोटाला के सामने गांव कौराली का मांग पत्र रखते हुए उमेश भाटी प्रदेश प्रवक्ता, सत्येंद्र भाटी, राकेश भाटी, करन भाटी, जोगिंद्र भाटी ने समस्याएं सामने रखी जिस पर दिग्विजय चौटाला ने अधिकारियों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। लोगों ने उनका दिल की गहराई से धन्यवाद दिया। मांगों में बजुर्गों के लिये बैठने के लिये बेंच। गलियों में लाइट की व्यवस्था। गांव में लाइब्रेरी और गलियों में पानी की लाइन डलवाने की मांगें रखीं।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

खुशी जो खो गयी उसको मिला कोई नहीं सकता
सपन टूटे उन्हें फिर से सजा कोई नहीं सकता
निरंतर ही गिरावट आचरण में आदमी के है
कहाँ जायेगी ये दुनिया बता कोई नहीं सकता

# सरकारी स्कूल में किट्स वितरण समारोह आयोजित

### मुख्य अतिथि के तौर पर एडीसी मोहम्मद इमरान रजा मौजूद रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (अप्लाइड लर्निंग स्किल्स, उत्कृष्टता केंद्र) सेक्टर-28, फरीदाबाद में NSQF Component के तहत किटस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला अतिरिक्त उपायुक्त फरीदाबाद, मोहम्मद इमरान रजा मौजूद रहे।

व्यवसायिक पाठ्यक्रम संबंधित इस किटस वितरण समारोह में डॉ. मनोज मित्तल, खंड शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। हरजीत आहूजा, प्राचार्या ने सभी अतिथियों का


सेक्टर-28 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किट वितरित करते एडीसी मोहम्मद इमरान।

विधिवत स्वागत किया। इसी कड़ी में एपीसी अलका कंवर ने समग्र शिक्षा के विभिन्न हस्तक्षेपों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दीपेंद्र चौहान ने इनक्यूबेशन सेंटर व विद्यार्थियों के कौशल विकास क्षमता पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मुख्य अतिथि महोदय ने ऑटोमोबाइल, ब्यूटी एंड वैलनेस तथा पेशेंट केयर असिस्टेंस से संबंधित किटस का वितरण किया। विद्यार्थियों को किटस के जरिए संबंधित कौशल को निखारने का भरपूर मौका मिलेगा।

मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यार्थियों के साथ कैरियर से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने भी कौशल व शिक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपनी बेबाक राय रखी। खंड शिक्षा अधिकारी फरीदाबाद डॉ मनोज मित्तल ने सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन की महत्ता पर चर्चा की। कार्यक्रम में मंच संचालन श्रीकांत व सीमा मुंडे ने किया।


इस अवसर पर उत्कृष्टता केंद्र के अन्य सदस्य, प्रवक्तागण, व्यवसायिक शिक्षा से जुड़े हुए सभी शिक्षक व इनक्यूबेशन सेंटर के डोमेन एक्सपर्ट्स एवं एडमिन हेड, डॉ मंजुला चौधरी, सुषमा रोहिल्ला, निर्मल देशवाल, देशराज दलाल, प्रवेश अहलावत, मनदीप कौर शिवानी व प्रवीण दहिया, अनुराग यादव, अमित, सतपाल, सुरेंद्र, सचिन, नेहा गुप्ता, सीमा व ज्योत्सना मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम का परिचायक है।

# सबडिवीजन नम्बर-तीन के प्रधान बने अशोक


कर्मचारी महासंघ बिजली निगम के चुनाव में चुने गए पदाधिकारी शपथ लेते हुए।

**फरीदाबाद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से जुड़ी बिजली कर्मचारियों की हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के त्रिवार्षिक कर्मचारी चुनावों की प्रक्रिया में आगामी वर्ष 2022-2025 के लिये सेक्टर-23 सर्कल स्तिथ डिविजिन एनआईटी फरीदाबाद की सबडिविजिन नम्बर-तीन के प्रांगण में सर्कल के सचिव सन्तराम लाम्बा की मौजूदगी सहित बतौर चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद रहे एनआईटी फरीदाबाद यूनिट के प्रधान विनोद कुमार शर्मा व यूनिट के सचिव बृजपाल तंवर की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए गए। जिसमें बिजली दफ्तर से सभी स्टाफ मेम्बरान ने बिना किसी मतभेद के अपनी सब यूनिट बॉडी का चयन किया।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह बच्चा जो अपना नाम मोहित पिता का नाम छोटे लाल व माता का नाम आरती बताता है कल दिनांक 17-05- 2022 को इलाका चौंकी अंखिर थाना सूरजकुंड में पाया गया था जिस पर उप निरीक्षक देशराज के द्वारा इस बच्चे को एस ओ एस विलेज सेक्टर 29 फरीदाबाद की संस्था में छोड़ दिया गया था यह बच्चा इस संस्था से आज दिनांक 18-05-2022 को गुम हैं यह बच्चा अपना पता ठिकाना नहीं जानता है केवल अपना खुद का वह माता-पिता का नाम ही बता पाना बयान हुआ है हुलिया रंग सांवला चेहरा गौल दुबला पतला शरीर कद करीब 4 फुट पहनावा सफेद रंग की बनियान वह जींस की हाफ पेंट रंग नीला पहने हुए हैं और गले में एक काले रंग का ताबीज पहने हुए हैं। मुकदमा नं० 206 थाना सेक्टर 31 फरीदाबाद। सूचना मिलने पर सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना सेक्टर 31 फरीदाबाद-9582200122, 9582200140**

# ग्रेटर फरीदाबाद : पानी बिक रहा 50 से 70 रुपये प्रति बल्टी

कविता। फरीदाबाद

**बीपीटीपी** सेक्टर-75 व 76 में पिछले छह दिनों से लगातार पानी नहीं आ रहा है। कई-कई मंजिला इमारतों में पानी न आने के कारण वहां के निवासी परेशान हो गए है। पायनियर संवाददाता ने जब लोगों से बातचीत की, तो उन्होंने बताया कि उनके सपनों को पूरा करने का दावा करते हुए बिल्डर ने बिजली, पानी सभी तरह की सुविधाएं देने के वायदे किए थे। लेकिन 45 डिग्री तक पहुंचे तापमान में उन्हें जहां बिजली की समस्या से जूझना पड़ा। वहीं अब पिछले छह दिनों से लगातार पानी न आने की समस्या से जुझना पड़ रहा है। सेक्टरवासियों ने बताया कि उन्हें रोज टैंकरों से 500 से 700 रुपये में पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है।

**10 बाल्टी 500 रुपये में :** सेक्टर-75 और 76 में मौजूद सोसायटी के निवासियों ने बताया

### बीपीटीपी सेक्टर-75 व 76 के निवासियों को रोजाना टैंकरों से 500 से 700 रुपये में पानी खरीदकर करना पड़ रहा गुजारा

कि पिछले छह दिनों से उन्हें पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 10 बाल्टी पानी भरने के बदले में उन्हें 500 से 700 रुपये तक देने पड़ रहे है। पहले ही जनता पर महंगाई की मार हर तरफ से पड़ रही है। अब ऐसे में पानी भी खरीदकर पीना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

**ऊपरी मंजिल पर खतरा :** सेक्टर में ऊपर की मंजिलों में रहने वाले लोगों को काफी परेशानियां हो रही हैं। पानी न आने पर उन्हें टैंकरों से खरीदकर पानी ऊपर रस्सी व कपड़े


कपड़े और रस्सी को बांधकर सोसायटी के ऊपर टैंकर से पानी खिंचते हुए बच्चे

बांधकर खींचना पड़ रहा है, जोकि काफी जोखिम भरा होता है। इस खबर के संग प्रकाशित फोटो में देखा जा सकता है कि कई-कई कपड़े और रस्सी को बांधकर किस तरह से लोग पानी ऊपरी मंजिलों पर खींचने को मजबूर हो रहे हैं।

**टैंकर से भरवा रहे टैंक :** सोसायटी में रहने वाली सीमा भारद्वाज ने बताया कि हर रोज टैंकरों से पानी मंगाकर अपने फ्लैटों के टैंक भरवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिल्डर को कई बार शिकायत करने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। बताया जा रहा है कि जहां से पेयजल की सप्लाई होती है, वहां पानी की पाइप लाइन फट गई है। जिस कारण से बीपीटीपी निवासियों को पानी नहीं मिल रहा है। हालांकि बृहस्पतिवार को बिल्डर ने पानी आने का आश्वासन महिलाओं को दिया था। लेकिन वायदे के 24 घंटे बाद भी पानी की सप्लाई नहीं की गई।

## एनसीसी यूनिट ने राष्ट्रीय स्तर पर किया नाम रोशन

**फरीदाबाद।** राजकीय महाविद्यालय मोहना की एनसीसी यूनिट ने राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के 6 कैडेट्स एक भारत श्रेष्ठ भारत इवेंट 2022-23 के तहत कैंप अटेंड करने के लिए चयनित हुए हैं । इनमें से दो कैडेट्स कोडरमा जाएंगे व चार छात्रा 4 से 15 जून तक रोपड़ जाएंगे। साथ ही महाविद्यालय की 16 कैडेट्स ने एनसीसी के सी सर्टिफिकेट की परीक्षा दी और सभी उसमें उत्तीर्ण हुए। कॉलेज प्राचार्य डॉ शैलेश्वर कौशिक ने सभी उत्तीर्ण कैडेट्स और एनसीसी इंचार्ज डॉ सुनीता देवी की इस उपलब्धि के लिए सराहना की। एनसीसी प्रभारी डॉक्टर सुनीता ने बताया कि सभी कैडेट्स एवम परिवारों में खुशी का माहौल है।

# पुलिस रिमांड पर कांग्रेसी नेता विकास चौधरी का हत्यारा शूटर

### कौशल गैंग के गुर्गे शूटर सज्जन उर्फ भोलू ने मारी थी विकास चौधरी को गोली

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगेंद्र की टीम ने वर्ष 2019 के कांग्रेसी नेता विकास चौधरी की हत्या के मुकदमे में आरोपी शूटर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कौशल गैंग का सदस्य सज्जन उर्फ भोलू झज्जर के बिशन गांव का रहने वाला है। जिसने वर्ष 2019 में अपने साथियों के साथ कांग्रेसी नेता विकास की हत्या कर दी थी। मृतक विकास के भाई की शिकायत के अनुसार 27 जून 2019 को सुबह करीब 9 बजे उसका भाई सेक्टर 9 की मार्केट में एशियन


विकास चौधरी का हत्यारा सज्जन।

अस्पताल के ऊपर स्थित जिम के लिए पार्किंग में पहुंचा था। तभी वहां आरोपी ने साथियों के साथ भाई की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसमें उसके भाई की मृत्यु हो गई थी। आरोपियों के खिलाफ हत्या मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

पुलिस द्वारा मामले में शामिल कौशल गैंग के मुखिया कौशल तथा अमित सहित 19 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एक आरोपी रोहित गुड़गांव पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा जा चुका है। इस मामले में अभी एक आरोपी विकास फरार चल रहा है। जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। आरोपी सज्जन को दिल्ली पुलिस ने एक महीने पहले गिरफ्तार किया था। जिसे गुड़गांव पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। इसके पश्चात क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर अपराधी है जिसके ऊपर हरियाणा तथा पंजाब में हत्या के 8 मुकदमे दर्ज हैं। वह कौशल गैंग का सदस्य है। कौशल गैंग के करीब 250 सदस्य हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली की जेलों में बंद है। जो इन राज्यों में हत्या, लूट, डकैती, फिरौती जैसी सैंकड़ों वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। वर्ष 2019 में विकास चौधरी से कौशल गैंग ने फिरौती मांगी थी। विकास द्वारा मना करने पर आरोपियों ने ने 2 दिन तक विकास की रेकी की तथा मौका मिलते ही उसकी हत्या कर दी।

पुलिस द्वारा इस मामले में वारदात में प्रयोग तीन गाड़ियां बरामद की जा चुकी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस मामले में दो पिस्टल तथा एक देसी कट्टे का प्रयोग किया गया था। जिसमें से आरोपी के साथी सचिन से एक देसी कट्टा बरामद किया था चुका है। एक पिस्टल आरोपी सज्जन से पुलिस रिमांड के दौरान बरामद किया जाएगा। एक पिस्टल आरोपी विकास के पास है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# हवलदार ने पुलिस लाइन में फांसी लगाकर की आत्महत्या


बीके अस्पताल की मोरचरी के बाहर खड़े मृतक हवलदार के परिजन।

### पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने हवलदार की मृत्यु पर जताया शोक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रात** पुलिस लाइन सेक्टर-30 में बहुत ही दुखद घटना हुई। जिसमें पुलिस थाना बीपीटीपी में तैनात हवलदार तिलक ने पुलिस लाइन सेक्टर-30 में पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर ली।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तिलक का जन्म वर्ष 1987 में पलवल जिले के पियाला गांव में हुआ था। तिलक ने वर्ष 2008 में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। जनवरी 2022 में इनका ट्रांसफर नूंह से फरीदाबाद हुआ था और वह बीपीटीपी थाना में ड्राइवर के तौर पर कार्यरत थे।


हवलदार तिलक का फाइल फोटो।

हवलदार तिलक के पिता द्वारा पुलिस थाना सेक्टर 31 में दर्ज करवाए गए अपने बयान में उन्होंने बताया कि उनका बेटा काफी समय से मानसिक तनाव में चल रहा था। तिलक अपनी पत्नी तथा बेटे के साथ पुलिस लाइन सेक्टर 30 के सरकारी क्वार्टर में रह रहा था। 26 मई को तिलक की पत्नी ने अपने ससुर को फोन करके बताया कि तिलक काफी परेशान चल रहे हैं। उसे वहां आकर अपने बेटे को समझाने के लिए अपने पास बुलाया। तिलक के माता-पिता उससे मिलने के लिए क्वार्टर पर आए तथा उसे किसी भी प्रकार से परेशान न होने के लिए काफी देर तक समझाया। शाम के समय तिलक ने उन्हें बताया कि वह अब ठीक है।

# आल इंडिया लॉ ट्रस्ट एनजीओ ने आभार जताया


सेक्टर-12 लायर्स चैंबर में यूनिवर्सिटी हापुड में ला विभाग रिसर्च गाइड नियुक्त होने पर शिवदत्त वशिष्ठ को बधाई देते सहयोगी वकील।

**फरीदाबाद।** सेक्टर 12 लॉयर्स चैंबर्स में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सुरेश नागर को आल इंडिया ला ट्रस्ट गवर्नमेंट आफ इंडिया अस्सीजी की परमिशन मिलने पर बार काउंसिल पंजाब और हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट व जिला बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी सन्दीप पाराशर एडवोकेट ने आल इंडिया ट्रस्ट के सुरेश नागर एडवोकेट जो वर्तमान में मोहनाड यूनिवर्सिटी हापुड़ में लॉ विभाग रिसर्च गाइड पर नियुक्ति पर बधाई दी। सुरेश नागर एडवोकेट सामाजिक संस्था पिछले 5 वर्ष से चला रहे और गली-गली व सलम बस्तियों में एनजीओ का कार्यक्रम व लोगों में अवेयर करने का काम संस्था करती है। जो लोग दस हजार रुपये से कम महीने में कमाते हैं। उनका कोई भी कैसे फ्री में लड़ा जाता है। जो लोग 5 लाख अधिक कमाते है।

# स्किल मीट को उद्योगों से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रबर,** केमिकल एंड पेट्रोकेमिकल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल (आरसीपीएसडीसी) द्वारा आयोजित स्किल मीट (कौशल सम्मेलन) में उद्योग जगत, एनएसडीसी, एवं इंडियन रबर इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और इन तीनों क्षेत्रों में कुशल लोगों की जरूरत को पूरा करने पर चर्चा की। फरीदाबाद में प्रेरणा ग्रुप के सहयोग से इस स्किल मीट का आयोजन किया गया।

आरसीपीएसडीसी की हेड ट्रेनिंग डॉ. अश्रिता त्रिपाठी ने इस सेक्टर में कौशल विकास की दिशा में आरसीपीएसडीसी की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने इस मौके पर रिकग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल), नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम (एनएपीएस) और सीएसआर प्रोजेक्ट्स से उद्योग जगत हुए व्यापक लाभ का उल्लेख किया। दीपमाला मूरजानी, सीनियर मैनेजर, इंडस्ट्री एंगेजमेंट, आरसीपीएसडीसी ने कहा, 'अब तक देश में करीब 600 रबर कंपनियों में 7,000 से ज्यादा अप्रेंटिस नियुक्त किए गए हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, हरियाणा और कर्नाटक इस मामले में पांच अग्रणी राज्य हैं, जहां रबर मेन्यूफेक्चरिंग कंपनियों ने सबसे ज्यादा अप्रेंटिस को नियुक्ति दी है।'

उन्होंने उद्योग के द्वारा प्रायोजित आरपीएल प्रोग्राम और सीएसआर परियोजनाओं के लिए आरसीपीएसडीसी के साथ जुड़ने को लेकर उद्योगों को प्रोत्साहित किया। आरपीएल प्रोजेक्ट 'सामर्थ' इस दिशा में अनुकरणीय बनकर सामने आया है। 'सामर्थ' के माध्यम से टायर सर्विस एवं मैंटेनेंस के क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा लोगों का कौशल विकास किया गया है। इसके अतिरिक्त दूसरा महत्वाकांक्षी प्रोग्राम



'उत्थान' है, जिसका उद्देश्य मोबाइल स्किल वैन के माध्यम से प्लास्टिक कचरा पृथक्करण, प्रोसेसिंग और रीसाइकिलिंग में लगे लोगों का कौशल विकास करना है। इस मौके पर एनएसडीसी के अप्रेंटिसशिप एडवाइजर श्री जेन एबन ने अप्रेंटिसशिप की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि अप्रेंटिसशिप से कुशल लोगों का एक इंटरनल पूल बनता है, जिससे बाहर से नियुक्ति करने में होने वाला खर्च कम होता है और उत्पादकता बढ़ती है। इस प्रक्रिया से काम छोड़कर जाने के मामले भी कम होते हैं।

## हवलदार की सूझबूझ से बची युवक की जान

**फरीदाबाद।** रात करीब एक बजे पुलिस थाना एनआईटी एरिया में शराब पीकर तेज गति से मोटरसाइकिल चलाने की वजह से सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई और दूसरा सफदरजंग अस्पताल में भर्ती है जिसकी जान अभी खतरे से बाहर है।

मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के रहने वाले 19 वर्षीय संकेत के रूप में हुई है वहीं दूसरा युवक 16 वर्षीय मोहित मेवला का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रात पुलिस थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता की टीम एरिया में गश्त कर रही थी कि रोड एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई। गश्त कर रहे पीसीआर सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची और देखा कि संकेत की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी है और मोहित गंभीर रूप से घायल है। मोहित के सिर में गंभीर चोट लगी हुई थी और बहुत खून बह रहा था। पीसीआर में तैनात हवलदार विनोद ने उसके सिर को कपड़े से बांधा और इलाज के लिए तुरंत बीके अस्पताल में भर्ती करवाया।

# क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए लगातार प्रयासरत : सीमा त्रिखा

### विधायक सीमा त्रिखा ने एनएच-3 जी ब्लॉक में पार्क का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सीमा त्रिखा ने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उनका एक ही उद्देश्य एवं प्रयास है कि लोगों को बेहतरीन सुविधाएं एवं बेहतरीन वातावरण मुहैया करवाया जाए। ये वक्तव्य शुक्रवार को विधायक सीमा त्रिखा ने एनएच-3 जी ब्लॉक में पार्क का उद्घाटन करते हुए दिया।

सीएम उद्घोषणा संख्या 25284 के तहत 20 लाख रुपये की लागत से किए गए कार्यों का उद् ाटन करते हुए उन्होंने कहा की पार्क का सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण किया जाएगा।


एनएचतीन में पार्क का सौदर्यीकरण का उद्घाटन करती बुजुर्ग।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र में अधिकतर पार्कों की काया पलट कर दी गई है। इसके बावजूद भी कुछ क्षेत्रों में बदहाल पार्क है उनको भी जल्द ही बेहतरीन रूप दिया जाएगा। सीएम अनाउंसमेंट के तहत क्षेत्र में ताबड़तोड़ विकास कार्य किए जा रहे हैं और भाजपा सरकार में विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बड़खल झील का कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही बड़खल झील पानी से सरोबार होगी। क्षेत्र के विकास में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। फरीदाबाद में भी इतनी व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं कि आने वाले कुछ दिनों में फरीदाबाद की शक्ल एवं सूरत बदल जाएगी। जब कोई भी व्यक्ति अपने मकान को तोड़कर बनाता है तो उसे परेशानी आना संभावित है। ऐसा ही कुछ फरीदाबाद के साथ है लेकिन बहुत जल्दी फरीदाबाद के विकास को एक नई गति व नया स्वरूप मिलेगा। इस मौके पर उनके साथ अमित आहूजा, संजय अरोड़ा, पंडित सुरेंद्र शर्मा, यशपाल जयसिंह, ओमप्रकाश विरमानी, नवीन जेटली, पी डी अरोड़ा, युधिष्ठिर आहूजा, लेखराज टुटेजा आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार खत्म कर सरकार ने जनता को दी राहत : विधायक राजेश नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में जिस प्रकार भ्रष्टाचार समाप्त कर सभी वर्गों को जो राहत दी है। वह सराहनीय है। ये विचार तिगांव के विधायक राजेश नागर ने फरीदाबाद आईएमटी एसोसिएशन की कार्यकारिणी मीटिंग में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। आपने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल हरियाणा में भ्रष्टाचार का काल है ये बात भ्रष्ट लोगो को याद रखनी है क्योंकि किसी को भी भरष्टाचार में लिप्त होने पर बख्शा नहीं जायेगा। श्रीनागर ने कहा की उद्योगपतियों की समस्याओं को समाप्त करने हेतु सरकार ने लगभग सभी विभागों को ऑनलाइन कर दिया है।

ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत 15 दिन में जवाब देना अनिवार्य है और यदि ऐसा नहीं होता तो आवेदक की फाइल वरिष्ठ अधिकारी को स्वयं चली जायेगी। यही प्रक्रिया अगले 15 दिन उपरांत उसके वरिष्ठ अधिकारी को और यदि 45 दिन में कोई जवाब नही आया तो फाइल को स्वीकृत माना जायेगा। श्रीनागर ने कहा कि विभाग द्वारा जवाब न देने ओर देरी के लिए विभाग के उच्च अधिकारी को तलब कर कार्यवाही की जाएगी। उद्योग सरकार के लिए अति महत्वपूर्ण है क्योंकि वे राजस्व के साथ रोजगार प्रदान करते हैं। जो खुशहाल प्रदेश के लिए अति


होटल डिलाइट में फरीदाबाद आईएमटी एसोसिएशन की बैठक में तिगांव के विधायक राजेश नागर का स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

आवश्यक है। कार्यक्रम के वरिष्ठ अतिथि हरियाणा के इंडस्ट्रियल सेफ्टी एंड हेल्थ के निदेशक रविन्द्र मलिक ने कहा कि विभाग एवम् उद्योगों को मिलकर कार्य करना होगा ताकि दोनो में पूर्ण समन्वय बना रहे। मलिक ने कहा की विजिट के दौरान अधिकारियों द्वारा बताई कमियों को दूर करने हेतु एक महीने का समय भी दिया जाएगा उसके बाद जुर्माने का प्रवधान जारी किया जाएगा। संस्थान को ईमेल तथा फोन पर लिंक भेज सूचित किया जाएगा। आपने उद्योगपतियों से अपने ईमेल तथा फोन नंबर भी कार्यालय में अपग्रेड करने की भी अपील की। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान श्री किशन कौशिक ने कहा की आईएमटी औद्योगिक क्षेत्र वर्तमान में बिना सूचना के अधिकारियों द्वारा विजिट से परेशान है जिसका निदान आवश्यक है।

## संक्षिप्त समाचार

### मूक बधिर बच्चे को परिजनों के पास पहुंचाया



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए दिल्ली से लापता हुए बोलने तथा सुनने में असमर्थ दिल्ली से लापता हुए 11 वर्षीय बच्चे को सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचाने का पहुंचाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 मई रात्रि को सूचना प्राप्त हुई कि मेवला महाराज पुर मेट्रो स्टेशन के आस पास करीब 11 वर्षीय बच्चा घूम रहा है जो बोलने तथा सुनने में असमर्थ है। जिसकी दिमागी हालात ठीक नहीं है। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन से रविंद्र व क्राइम ब्रांच कैट व सेक्टर 31 थाने की टीमें पहुंचीं। बच्चे का मेडिकल कराकर प्रभात आश्रम भूपानी गांव में छोड़ा गया। काफी समय पश्चात साउथ ईस्ट दिल्ली बदरपुर से एचटीयू एवं एचसी प्रशांत द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ये बच्चा दिल्ली जैतपुर का रहने वाला है और जिसकी गुमशुदगी की जैतपुर थाने में दर्ज है। उसके बाद टीम ने जैतपुर थाने में सम्पर्क किया। इस केस के अनुसंधान अधिकार सब इंस्पेक्टर सत्यवान के पास बच्चे की फोटो पहचान ली और परिवार को वीडियो कॉल पर दिखया बच्चे को वीडियो कॉल पर देखकर मां के आंसू निकल गए।

### डीटीपी और एसटीपी ने सुनीं आरडब्ल्यूएच की समस्याएं



**फरीदाबाद।** शुक्रवार को सेक्टर-12 में फरीदाबाद के डीटीपी और एसटीपी फरीदाबाद में डीटीपी और एसटीपी ने सुनी आरडब्ल्यूएच की समस्याएं। डीटीपी रेणुका और सीनियर टाउन प्लानर रवि सिहाग ने बिल्डर प्रतिनिधियों के सामने आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों से उनके प्रोजेक्ट में पेंडिंग काम के बारे में बात करें लगभग 20 आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें पार्क एलिट प्रीमियम सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान अवनिंद्र तिवारी ने भी अपनी समस्याएं रखी। अवनिंद्र तिवारी ने बताया कि उनकी सोसाइटी में 13 टावर हैं और बिल्डर ने 7 टावर का ऑक्युपेंसी नहीं लिया है। इस पर एसटीपी ने बिल्डर प्रतिनिधि को वहीं पर आदेश दिया कि 10 दिन के अंदर ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट के ऊपर करंट स्थिति स्पष्ट करी जाए। डीटीपी रेणुका ने आश्वासन दिया कि 10 दिनों के अंदर स्टेटस रिपोर्ट आरडब्ल्यूए के साथ शेयर करी जाएगी।

### 29 मई की रैली को लेकर अहम बैठक का आयोजन



**फरीदाबाद।** शुक्रवार को जिला कार्यालय पर कुरूक्षेत्र में होने वाली 29 मई की रैली को लेकर अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने की। बैठक को सबोंधित करते हुए धर्मबीर भड़ाना ने कहा की आगामी 29 मई को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृतव में होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली ऐतिहासिक होगी। प्रदेश के कोने-कोने से लोग उनको देखने के लिए भारी संख्या में रैली में शिरकत करने पहुंचेंगे। उन्होने कहा की 29 मई को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली काफी अहम होगी और यह प्रदेश की राजनीति को एक नई दिशा देगी। इस अवसर पर जिला महासचिव भीम यादव, ओपी वर्मा, राकेश भड़ाना, परवेश मेहता गुलशन बग्गा, साउथ जोन से महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष वाई.के शर्मा, बडखल विधानसभा अध्यक्ष मनीष भाटिया, एनआईटी विधानसभा अध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला प्रवक्ता हंसराज दाहिमा, सुरेंद्र गुप्ता, मुल्कराज भड़ाना, एडवोकेट सिकंदर शर्मा, दीप्तेश भारद्वाज, चंचल तंवर, महेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने मनाई पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि



**फरीदाबाद।** पूर्व विधायक आनन्द कौशिक के अनुज व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने आज भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर नीलम चौक स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा को जल से धोकर साफ किया। सैकड़ों की संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाये। इस अवसर पर आनंद कौशिक ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इस अवसर पर बलजीत कौशिक ने कहा कि भारतरत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू का संपूर्ण जीवन देश के प्रति समर्पित रहा। इस मौके पर डॉक्टर सौरव शर्मा प्रेसिडेंट आईएस, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता फागना, अनिल कुमार नेता, अयाज अनवर, उमर भाई, बुरा भाई, दानिश भाई, आस मोहम्मद, ताहिर मलिक, सिंह बाग सिंह, रामप्रवेश, अमित भामोत्रा, एलएन मित्तल, संजय सोलंकी पूर्व महासचिव, सरदार सुरेंद्र सिंह, पुरषोतम लाल, गौरव चौधरी, बबीता चौधरी, सोहन देवी, बबीता भामोत्रा, ममता, हुकुम, उगनिति, लाडो बाई मौजूद थे।

### नागरिक मंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बल्लभगढ़।** सेक्टर-2 की तरफ जाने वाली रोड को एक्सप्रेस वे का निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा बंद कर दिए जाने के विरोध में एवम् सेक्टर में लगातार हो रही बिजली कटौती तथा खस्ताहाल सड़कों की रिपेयरिंग की मांग को लेकर सेक्टर-2 के नागरिक मंच ने आज उपायुक्त के नाम मांगों का ज्ञापन एसडीएम श्री परमजीत सिंह चहल को सौंपा। यह जानकारी देते हुए नागरिक मंच के प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि सेक्टर दो को जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग को बंद कर देने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि जब सेक्टर 2 में वर्ष 2003 में मकानों का निर्माण होना शुरू हुआ था। तब से लेकर अब तक सेक्टर दो में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। इस मौके पर मंच के सदस्य एस पी त्यागी, हरवीर शर्मा, कंवर प्रकाश सिंह, संत राम सोलंकी भी उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने शिष्टमंडल को विश्वास दिलवाया कि हरियाणा, शहरी विकास प्राधिकरण को निर्धारित अवधि में सारे काम करने के निर्देश जारी किए जाएंगे।

### निगम भंग करने को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा आज जिला उपायुक्त कार्यालय सेक्टर 12 में जोरदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग करने, नियमित, अनियमित कर्मचारियों, पेंशनरों, बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने एवं स्वास्थ्य विभाग में नौकरी से हटाए कोविड-19 कर्मचारियों की सेवाएं बहाल करने की मांग को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता में विशाल धरना आयोजित कर जोरदार प्रदर्शन करते हुए एसडीएम परमजीत चहल के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन व धरने का संचालन जिला सचिव बलबीर सिंह बालगोहेर ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कहां की सरकार ने वर्षों से लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने एवं बेरोजगार युवाओं को स्थायी रोजगार मिले।

# गुरुग्राम में ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री की प्रगति रैली : सुधीर सिंगला

## जिला कोर्ट के सामने पार्किंग स्थल पर होगी यह रैली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार 29 मई 2022 को गुरुग्राम में होने वाली मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रगति रैली के लिए गुरुग्राम के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 से लेकर इस साल की शुरुआत तक हम सब कोरोना से जूझ रहे थे, लेकिन अब हमें प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ना है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें गुरुग्राम विधानसभा से हजारों लोग शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला कोर्ट के सामने पार्किंग स्थल पर यह रैली होगी। रैली शुरू होने का समय सायं 5 बजे का है। यह रैली जिला



गुरुग्राम में मुख्यमंत्री की रैली स्थल का जायजा लेते विधायक सुधीर सिंगला व अन्य नेतागण।

स्तर की होगी। यानी गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं गुरुग्राम, पटौदी, बादशाहपुर और सोहना विधानसभा से लोग यहां पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उनके साथ गुरुग्राम प्रभारी एवं पलवल के विधायक दीपक मंगला, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बादशाहपुर के विधायक राकेश जांघू, मनीष यादव, संदीप गाड़ौली समेत कई पार्टी नेता पहुंचे।

विधायक सुधीर सिंगला ने इस रैली को लेकर सेक्टर-52 स्थित वजीराबाद कम्युनिटी सेंटर में वजीराबाद व आसपास के लोगों के साथ मुलाकात की। उन्होंने आगामी 29 तारीख को होने वाली हरियाणा प्रगति रैली के लिए ग्रामीणों को न्यौता दिया। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में इस समय सरकारी अस्पताल की जरूरत है। पुराने नागरिक अस्पताल को जल्द ही तोड़ा जाएगा। इसके साथ लगते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) से ली गई जमीन का हिस्सा अस्पताल में मिला दिया गया है। पुराने गुरुग्राम में मेट्रो कनेक्टिविटी भी अहम है, इस विषय पर भी सरकार गंभीरता से काम कर रही है।

बस अड्डे का निर्माण कराना भी उनके प्रमुख एजेंडे में है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम विश्वस्तरीय शहर बन चुका है। इसलिए यहां सिटी और इंटर स्टेट बस अड्डे का निर्माण होना है। इसके अलावा पुराने बस अड्डे के पास अंडरपास निर्माण का कार्य भी अंतिम चरण में है। पुराना दिल्ली रोड पर लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का काम भी पूरा होने वाला है। अगले माह तक यह तैयार हो जाएगा। इसके चालू होने के बाद पुराना दिल्ली रोड पर यातायात जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। इसी तरह सेक्टर-10 से की तरफ से द्वारका एक्सप्रेस-वे की तरफ आने-जाने वाले वाहनों के लिए बसई चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य भी पूरा होने वाला है।

# तेज आंधी और बारिश ने खोली पोल सोसायटी की निर्माण सामग्री की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **सोसायटी** के अंदर हुआ आंधी व बारिश से फ्लैटों में नुकसान को लेकर निर्माण सामग्री की जांच की जाएगी। इस मामले को जल्द की ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में उठाया जाएगा।
>
> **संजय सिंह**
> **( विधायक सोहना )**

**शहर** के गुरुग्राम मार्ग पर स्थित एलडीको एकोलेड सोसाइटी में शुक्रवार की तेज आंधी व भारी बारिश से 10 से 12 फ्लैटों की दरवाजे व खिड़कियों को उखाड़ फेंका। 7 वर्षीय बच्चा और 74 वर्षीय नाना को आई चोटें। मौके पर पहुंचे विधायक ने यहां रहने वालों से मुलाकात करते हुए भवन निर्माण सामग्री की जांच कराने का भरोसा दिया है।

शहर के गुरुग्राम मार्ग पर स्थित एलडीको एकोलेड सोसायटी में शुक्रवार की शाम को तेज आंधी के साथ आई बारिश ने यहा बनें फ्लैटों की पोल खोल दी। सोसायटी के अलग-अलग टावर में 10 से 12 फ्लैटों की खिड़की व दरवाजों को उखाड़ दिया। इस दौरान पीआर 304 फ्लैटों में रहने वाली कल्पणा अरोड़ा ने बताया कि तेज आंधी ने किचन के दरवाजा खुल जाने से भारी नुकसान हुआ है। उसके 74 वर्षीय पिता और 7 वर्षीय बेटा को दरवाजा व सामान गिरने से चोटें आई है। टावर पी-एक में के 801 नंबर फ्लैटों मालिक दीपक का कहना है कि उसके यहा पर दूसरी बार आंधी से खिड़की व दरवाजे उखड़ गए है। इनके अलावा फ्लैटों नंबर 203, 204 ,303, 1004 आदि में भी आंधी से भारी नुकसान हुआ है।

**पुलिस जुटी जांच में :** आंधी व बारिश से हुआ नुकसान की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौक पर पहुंची पुलिस ने सभी नुकसान होने वाले फ्लैटों मौका मुआयान कर लिया है। एएसआई वेदप्रकाश ने बताया कि जांच शुरु कर दी है। जांच पूरी होने पर ही मामला दर्ज किया जाएगा।

**विधायक ने दिया भरोसा :** सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे विधायक संजय सिंह ने सोसायटी के अंदर हुआ नुकसान का जायजा लिया। स्थानीय नागरिकों को आज हुआ नुकसान की शिकायत उच्चाधिकारियों को करने को कहा है।

# सोहना में पानी निकासी न होने पर विधायक बैठे धरने पर



धरना पर बैठे विधायक संजय सिंह और व्यापारियों को समस्या का समाधान जल्द होने का आश्वासन देते सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दो** सरकारी विभागों की उदासीनता व लापरवाही बरते जाने से शहर के पुराने लेबर चौक पर पिछले चार दिन से सीवरेज और नाली का गंदा पानी आम रास्ते में जमा होने से परेशान दुकानदार चौक पर दरियां बिछाकर बैठ गए। मौके पर पहुंचे विधायक संजय सिंह भी दुकानदारों के साथ देते हुए नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ धरना पर बैठ गए। विधायक के धरना पर बैठने के साथ ही दोनों विभागों के अधिकरियों समेत एसडीएम और तहसील कार्यालय में खलबली मच गई।

शहर के पुराने लेबर चौक पर रास्ते के साथ दोनों तरफ बनी गंदे पानी की नालियां और बंद सीवरों से गंदा पानी ऑवर फ्लो होकर आम रास्ते में जमा हो रहा है। जिसकी सूचना नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को दुकानदारों द्वारा दी गई। दुकानदारों ने व्यापार मंडल संघ के पदाधिकारियों के माध्यम से अपनी समस्या को सोहना विधायक संजय सिंह तक पहुंचाई। इसके बावजूद दोनों विभागों के अधिकारियों के कानों पर जू तक नहीं रेंगी और समस्या का समाधान होने पर चौक के आस पास बनी दुकानों समेत व्यापार मंडल संघ के पदाधिकारी शुक्रवार की सुबह 10 बजे दरियां बिछाकर धरना देकर बैठ गए। जिसकी सूचना मिलने पर विधायक संजय सिंह भी व्यापारियों का साथ देते हुए धरना पर बैठ गए।

> **विधायक के बैठते ही अधिकारियों में हड़कंप मचा**
>
> **जैसे** ही प्रशासनिक अधिकारियों को विधायक संजय सिंह व्यापारियों के साथ मिलकर धरना में शामिल होने की सूचना मिली। तुरन्त ही नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह, नायब तहसीलदार लछीराम, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर दस मिनट में पहुंच गए। करीब 40 मिनट तक व्यापारियों के साथ तेज धूम और गर्मी में विधायक व्यापारियों के बीच में धरना पर बैठे रहे। विधायक ने एसडीएम जितेन्द्र गर्ग को नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों द्वारा पिछले चार दिन से बरती जा रही लापरवाही की शिकायत की। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने विधायक समेत व्यापारियों को शुक्रवार की शाम तक इस समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया है। एसडीएम ने मौके पर ही मौजूद दोनों विभागों के अधिकारियों को शाम तक समस्या का समाधान न होने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दे दी है।

**निलंबन किए जाने की चेतावनी :** सोहना विधायक संजय सिंह ने धरना पर मौजूद दोनों ही विभागों के अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाते हुए एसडीएम जितेन्द्र गर्ग को कर्मचारी और अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि शुक्रवार की शाम तक यदि समस्या का समाधान नहीं होता है। अधिकारी अपना बिस्तर बांध लें।

## मेवात मॉडल स्कूल आयोजित होगा जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नूंह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मेवात मॉडल स्कूल नूंह में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते समय कही।

उपायुक्त ने कहा कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में स्थानीय मेवात मॉडल स्कूल नूंह में जिला स्तरीय योगा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022 के आयोजन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मई से 30 मई तक चलेगा और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर मेवात माडल स्कूल, नूंह व ब्लाक स्तर नगीना तावडू फिरोजुपर झिरका व पुन्हाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में प्रात: 06:00 बजे से 07: 30 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# जीएसटी कार्यालय के सामने हवन के साथ चार्टर अकाउंटेंट का धरना खत्म

## मांगों को लेकर लड़ते रहेंगे लड़ाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जीएसटी कार्यालय के सामने हवन करते सीए।

**यहां** जीएसटी कार्यालय के सामने धरने पर बैठे चार्टर अकाउंटेंट ने हवन किया। सीबीआई जांच की उनकी ओर से लगातार मांग की जा रही है। शुक्रवार को भी वे इसी मांग पर अड़े रहे और जमकर नारेबाजी भी की। इसी के साथ उन्होंने धरना खत्म किया और आंदोलन जारी रखने की बात कही।

बता दें कि 15 करोड़ के रिफंड मामले में कुछ दिन पहले 2 सीए को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जीएसटी विभाग ने सीए पर गलत सर्टिफिकेट बनाने का आरोप लगाया है। अपने साथियों को गलत फंसाने की बात कहकर कई दिनों से सीए जीएसटी दफ्तर के बाहर धरने पर है। उसका मानना है कि इस जीएसटी रिफंड कांड में जीएसटी अधिकारी मिले हुए हैं। सीए सत्यवान सिंह ने बताया कि सरकार ने इस मामले से जुड़े अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे सीए संतुष्ट नहीं है। उनका कहना है कि सीबीआई जांच की जाए।

इस मामले में अधिकारी दोषी हैं और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। एमएसएमई वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज वर्मा ने सीए के सदस्यों से बात की। सीबीआई जांच की मांग को लेकर शनिवार को जंतर-मंतर पर भी धरना दिया जाएगा। दो का निलंबन, आयुक्त समेत तीन अधिकारियों का हो चुका तबादला फर्जी बिलों के आधार पर 15 करोड़ के रिफंड मामले में सीजीएसटी में दो अधिकारियों के निलंबन के बाद आयुक्त समेत तीन अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पांच अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के निर्देश पर इस मामले में पहले सीजीएसटी के उपायुक्त दिनेश बिश्नोई और अधीक्षक संजीव शर्मा को निलंबित किया गया था।

# भीमगढ़ खेड़ी स्कूल के 75 विद्यार्थियों को दी गई पेशेंट केयर किट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वार्ड-10** के अंतर्गत भीमगढ़ खेड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 75 विद्यार्थियों को पेशेंट केयर असिस्टेंट (पीसीएस) किट उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी ने शिरकत की।

मंगत राम बागड़ी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पीएम मोदी के स्किल डेवेलपमेंट अभियान को सफल बनाने का काम कर रही है। आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो रहा है। सरकारी विद्यालयों में बच्चों को स्किल डेवेलपमेंट की ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वह भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार की योजना के तहत राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को पेशेंट केयर असिस्टेंट (पीसीए) किट्स उपलब्ध कराई गई। बागड़ी ने कहा कि सीएम मनोहर सरकार के कार्यकाल में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था काफी मजबूत हुई है। सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाने के लिए खेल सुविधाओं में वृद्धि की जा रही है। बागड़ी ने किट्स वितरण के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया। विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार खन्ना ने बताया कि कक्षा आठवीं से बारहवीं



भीमगढ़ खेड़ी स्थित राजकीय विद्यालय में बच्चों को पेशेंट केयर असिस्टेंट (पीसीएस) किट वितरण करते पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी, पार्षद शीतल बागड़ी।

तक के छात्र छात्राओं को नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फार्मेट (एनएसक्यूएफ) के तहत (पीसीए) पेशेंट केयर असिटेंट किट्स उपलब्ध कराई गई, जिसमें बीपी सेट, सेटेथोस्कॉप, नर्सिंग ड्रेस सहित जरूरी सामान छात्रों को निशुल्क उपलब्ध कराया गया। वितरण अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, वोकेशनल ट्रेनर सीमा गोयल, पीजीटी स्टाफ देवेंद्र, राजेंद्र, सुनीता सैनी, प्रमिला, सोनल, सुमन, ओमपति, मनोज व अन्य टीजीटी स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूथ फेस्टीवल में जीयू के छात्रों को बेहतर प्रदर्शन



गुरुग्राम विवि के छात्रों द्वारा यूथ फेस्टीवल में जीत की बधाई देने के दौरान सामूहिक चित्र कराते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के छात्रों ने इंटर-यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में भाग लेकर कई पुरस्कार जीते हैं। एसजीटी यूनिवर्सिटी में यह यूथ फेस्टिवल आयोजित किया गया था। गुरुग्राम विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब के समन्वयक डॉ. रेनू चौधरी और डॉ. फलक खन्ना ने बताया कि फेस्टिवल में 33 विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जीयू के छात्रों ने हरियाणवी डांस (डुएट) सोलो डांस, ग्रुप डांस (हरियाणवी), बेकार की चीजों में से उत्तम चीज बनाना, अंताक्षरी, आदि गतिविधियों में पूरे उत्साह से भाग लिया। विवि के छात्रों ने पुरे आत्मविश्वास के साथ भाग लेते हुए हरियाणवी डांस (डुएट) में रिशु और अंजलि ने पहला स्थान, बेकार की चीजों में से उत्तम चीज बनाना में राखी यादव और संजू ने पहला स्थान, सोलो डांस में आरुषि पहला और अंशिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। इंटर-यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में विवि के 10 विद्यार्थियों की टीम ने ग्रुप डांस हरियाणवी, में दूसरा स्थान, अंताक्षरी में पहला स्थान प्राप्त कर विवि का नाम रोशन किया। विवि के सभी विजेता छात्रों की जीत पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बधाई दी है।

### छात्राओं व महिला फैकल्टी को दिए सेनेटरी पैड व सेनिटाइजर



गुरुग्राम की एसजीटी यूनिवर्सिटी में पैड व सेनिटाइजर दिखाती छात्राएं।

**गुरुग्राम।** श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय ने नाइन फाउंडेशन के सहयोग से विश्वविद्यालय में महिला स्टूडेंट्स और फैकल्टी मेंबर्स को सेनेटरी पैड्स और हैंड सैनिटाइजर का वितरण किया। यह वितरण समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर और फैकल्टी ऑफ नर्सिंग के स्टाफके सहयोग से करवाया गया और विश्वविद्यालय के हर संकाय में सेनेटरी पैड डिस्ट्रीब्यूट किया गया। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि विवि में पढ़ने आ रहे बच्चे एवं फैकल्टी मेंबर के सेहत और हाइजीन को लेकर नाइन फाउंडेशन के साथ यहां सैनिटरी पैड्स और हैंड सैनिटाइजर वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज के वक्त अपने पर्सनल हाइजीन को लेकर लोग काफी सतर्क हो गए हैं। यहां तक की सिनेमा में भी ऐसे थीम पर मूवी बनाए जा रहे हैं जिससे कि लोगों में जागरूकता बढ़ सके। इसी और विशेष ध्यान रखते हुए एसजीटी विश्वविद्यालय ने छात्रों को हैंड सैनिटाइजर भी मुहैया करवाए हैं, ताकि छात्रों और स्टाफ मेंबर्स को किसी प्रकार की समस्या न पेश आए। वहीं अलग-अलग विभागों के छात्रों ने बताया कि यह एक सराहनीय कार्य है।

### निकाय चुनाव लड़ने वालों के लिए व्यय सीमा की निर्धारित

**नूंह।** निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा को भी नए सिरे से निर्धारित कर दिया गया है। साथ ही इस बार के निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का नियम भी लागू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अगले माह होने वाले निकाय चुनाव के लिए नियम एवं कानून निर्धारित हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च कर संशोधित सीमा निर्धारित कर दी गई है और साथ ही शैक्षणिक योग्यता को लेकर भी निकाय चुनाव में नियमों को पालन किया जाएगा। खर्च के लिए निर्धारित की गई सीमा के अनुसार नगर पालिका के अध्यक्ष के लिए चुनाव 10.50 लाख रुपये, नगर परिषद अध्यक्ष के लिए 16 लाख रुपये रहेगी। नगर पालिका सदस्य के लिए चुनाव खर्च की सीमा 2.50 लाख रुपये और नगर परिषद सदस्य के लिए 3.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आयोग के नियमों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को अपने-अपने चुनावी-खर्च का लेखा निर्धारित रजिस्टर में दर्ज करना होगा। चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर यह ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी या राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा कराना होना। ऐसा न करने पर वह उम्मीदवार 5 वर्षों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि इस बार निकाय चुनाव में शैक्षणिक योग्यता का नियम भी लागू होगा, जिसके अनुसार ही अध्यक्ष अथवा पार्षद के लिए शैक्षणिक योग्यता होनी अनिवार्य है। अध्यक्ष और सदस्य के लिए अनारक्षित वर्ग में शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं निर्धारित की गई है। अध्यक्ष और सदस्य के लिए चुनाव लड़ने वाली महिलाओं और अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आठवीं पास होना आवश्यक है। इसके अलावा, अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लडने् वाली अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के लिए आठवीं कक्षा, जबकि सदस्य के पद का चुनाव लडने् के लिए पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

# टोल प्लाजा पर डेडिकेटिड इमरजेंसी लेन नहीं हुई तो होगा केस दर्ज

## जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक में डीसी ने कही यह बात

## सड़क सुरक्षा उपाय करने के लिए समय सीमा की गई निर्धारित

## स्कूल व अस्पतालों के पास लगाए जाएंगे साइनेज बोर्ड

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**टोल** प्लाजा पर नॉर्म के अनुसार सुविधाएं जुटाने संबंधी पिछली बैठक में दिए गए आदेशों का फॉलोअप करते हुए उपायुक्त ने कहा है कि टोल प्लाजा पर यदि अलग से इमरजेंसी लेन नहीं बनाई गई तो धारा-188 के तहत पुलिस में केस दर्ज हो सकता है। उपायुक्त ने जिला में स्थित सभी टोल प्लाजा पर इसी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश संबंधित एसडीएम को देते हुए कहा है कि वे कन्सेसनेयर से पालना के बारे में लिखित जवाब मंगवाएं। ये बातें उन्होंने शुक्रवार को यहां जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक में कही।



गुरुग्राम में जिला सड़क सुरक्षा परामर्श समिति की बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

जिला में सड़कों पर यात्रा जोखिम फ्री बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सड़क निर्माण व सड़क अभियांत्रिकी से जुड़े अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से काम करने की हिदायत दी। पिछली बैठक में सड़क निर्माण करने वाली एजेंसियों को जिला में कुछ सड़कें चिन्हित करके उन्हें मॉडल सड़क के तौर पर विकसित करने की हिदायत दी गई थी, जिसके बारे में इस बैठक में उपायुक्त ने उन एजेंसियों से रिपोर्ट तलब की। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के अधिकारियों ने बताया कि जीएमडीए द्वारा चार सड़कों को मॉडल सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें एमजी रोड का इफको चौक से वजीराबाद मेट्रो स्टेशन तक का हिस्सा शामिल है। जिसकी मुख्य सड़क को ठीक कर दिया गया है और अब उसके साथ साईकिल ट्रैक व फुटपाथ बनाने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार, श्याम चौक के पास सनाथ रोड को मॉडल सड़क बनाया जाएगा। सेक्टर-58 से सेक्टर 67 तक की रोड को मॉडल सड़क बनाने के लिए टेंडर कर दिए गए हैं। इसके अलावा शीतला माता रोड को भी मॉडल सड़क बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों ने बताया कि निगम के सभी 35 वार्ड में प्रत्येक वार्ड में एक सड़क को मॉडल रोड के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए लगभग 17 करोड़ रुपये का अस्टीमेट तैयार किया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके विभाग द्वारा गांव चंदु से लेकर बादली तक की सड़क को मॉडल रोड बनाया जाएगा, जिस पर लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने बताया कि राजीव चौक से लेकर हीरो होडा चौक तक के हाईवे के भाग को मॉडल रोड बनाया जाएगा। इसके साथ फुटपाथ बनाने और सर्फेस ड्रेन की सफाई आदि के लिए गुरूवार को ही जीएमडीए के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को आदेश दिए कि वे हाईवे के इस भाग का डिजाईन तैयार करवाकर उसे लागू करवाएं।

### स्कूल व अस्पतालों के पास लगाए जाएंगे साइनेज बोर्ड

**बैठक** में जिला में पड़ने वाले स्कूलों तथा अस्पतालों के निकट साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश भी जीएमडीए तथा नगर निगम को दिए गए। इन स्थानों पर हॉरन नहीं बजाने, वाहन की गति धीमी आदि करने संबंधी सुरक्षात्मक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। जीएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे साइन बोर्ड लगाने के लिए 265 बिंदुओं को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त ने स्थान चिन्हित करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक, उप-जिला शिक्षा अधिकारी, उप-सिविल सर्जन तथा जीएमडीए के प्रतिनिधि को शामिल कर एक समिति बनाने के आदेश दिए हैं। यह समिति स्कूल व अस्पताल के पास उचित साइन बोर्ड लगवाने के लिए जगह चिन्हित करेगी।

# विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल रोजगार में निपुण बनाएं : जितेन्द्र गर्ग

## प्रधानाचार्य, निवर्तमान सरपंच व समाज सेवी की मौजूदगी में 35 विद्यार्थियों को किट बांटी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** के चार राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में कक्षा 10 और 12वीं में कौशल रोजगार से संबंधित शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हेल्थ केयर और ब्यूटी एण्ड वैलनेश की कीट वितरण की गई। जिसका उद्घाटन शहर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी कन्या स्कूल में एसडीएम द्वारा छात्राओं को किट देकर किया।

वर्ष 2021-22 में खंड के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में कौशल रोजगार के कोर्स शुरू किए गए थे। जिसमें ब्यूटी एण्ड वैलनेश, हेल्थ केयर, ऑटो मोबाइल शामिल थे। यह कौशल रोजगार संबंधित कोर्स कक्षा 9 से 12 वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों



राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल में छात्राओं को ब्यूटी एण्ड वैलनेश की किट वितरण करते एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

को कराया जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा कौशल रोजगार की शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कक्षा 10 और 12वीं में पढ़ने वालों को किट उपलब्ध कराई गई। इन किटों में 35 से 40 प्रकार के उपकरण एवं वस्तुएं थी। जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपने घर पर उपयोग करके कौशल रोजगार में निपुण हो सकेंगे।

**कौन-कौन से स्कूलों में हुआ किटों का वितरण :** शहर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी कन्या स्कूल में एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने यहां की 42 छात्राओं को प्रधानाचार्य सुनील कुमार के नेतृत्व में ब्यूटी एण्ड वैलनेश का कोर्स करने वाली 42 छात्राओं को किट देकर शुरुआत की। अभयपुर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य रेखा मलिक के नेतृत्व में कक्षा 10 के 12 तथा कक्षा बारहवीं में पढ़ने वाले 23 विद्यार्थियों को किट वितरण की गई। सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ला में प्रधानाचार्य करमला पूनिया की अध्यक्षता में निवर्तमान सरपंच नरेन्द्र व समाज सेवी सतेन्द्र राघव की मौजूदगी में 35 विद्यार्थियों का हेल्थ केयर की किट वितरण की गई।

> **प्रदेश** सरकार राजकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल रोजगार में निपुण बनाना है। ताकि विद्यार्थी किन्ही कारणों से 12वीं के बाद शिक्षा प्राप्त नहीं स्कूल में प्राप्त की कौशल रोजगार पढ़ाई से अपनी आजीविका कमा सकें। राज्य सरकार इस योजना से विद्यार्थी स्कूल से छोड़ने के दौरान कौशलता में निपुण होगा।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **( एसडीएम )**

# मजबूत लोकतंत्र की नींव रखने में पंडित नेहरू का अहम योगदान : विधायक

## पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर विधायक आफताब अहमद चौधरी ने खिराजे अकीदत पेश की

## पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने भी उनके योगदान पर रोशनी डाली

दीपक कुमार। नूंह

**जिला** कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर स्थानीय विधायक व कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद व पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। जिला मुख्यालय पर आफताब अहमद ने आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को भी याद किया। पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने भी उनके योगदान पर रोशनी डाली व कार्यकर्तओं को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता लखन सिंगला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे।



पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर खिराजे अकीदत पेश करते विधायक आफताब अहमद व कार्यकर्ता।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भारत की आजादी में पंडित जवाहरलाल नेहरू का विशेष योगदान रहा और भारत को विकसित देश की तरफ बढाने में उनका योगदान अविस्मरणीय हैं। उनके निधन के वर्षों बाद भी उनके विचार, देश के लिए उनका दृष्टिकोण उतना ही प्रासंगिक है, जितना पहले था। आफताब अहमद ने उन्हें आधुनिक स्वतंत्र भारत के निर्माता और भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाला प्रधानमंत्री करार दिया। विधायक दल उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि आजाद भारत के सामने अनेक चुनौतियां थी। देश की सुरक्षा, रोजगार, आधारभूत संरचना, कृषि, उद्योग, सामाजिक उत्थान आदि सभी क्षेत्रों में संरक्षण चाहिए था। पंडित नेहरू ने सभी समस्याओं को एक अवसर में परिवर्तित किया। आज हम सभी जो भारत देख रहे हैं उसकी नींव उन्होंने ही रखी थी। आजादी की लड़ाई में भागीदारी निभाने के साथ-साथ भारत के नवनिर्माण में पंडित नेहरू का अमूल्य योगदान रहा। उसके लिए राष्ट्र हमेशा उनका ऋणी रहेगा। आफताब अहमद ने कहा जवाहर लाल नेहरू दूरगामी एवं विकासपरक सोच के व्यक्ति थे। उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान देशहित में ऐसी कई योजनाओं को क्रियान्वित किया। जिससे देश को नई दिशा मिली। उन्होंने पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत की, मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी, भारत को हमेशा के लिए अखंड बनाया, मजबूत विदेश नीति जैसे ऐतिहासिक काम किए। आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा नफरत व भेदभाव की राजनीति कर रही है, जो नेहरू की विचारधारा के विपरीत है। मोदी सरकार को संवैधानिक मूल्यों की कीमत पंडित जवाहरलाल नेहरू से सीखनी चाहिए। मुख्य अतिथि लखन सिंगला ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू से आज के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असल राष्ट्रवाद की परिभाषा समझनी चाहिए। वहीं पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के लिए वो उदाहरण हैं। जिससे आज के नेता व स्वयं प्रधानमंत्री भी काफी कुछ सीख सकते हैं। व्यक्तिगत त्याग, बलिदान व सद्भाव के प्रतिबिंब के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू को हमेशा याद किया जाता रहेगा। महताब अहमद ने कहा कि नेहरू के आदर्शों को अपनाते हुए समाजहित देशहित में सभी को अपना योगदान देना चाहिए। इस दौरान कांग्रेस की सभी जिला ईकाईयों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# हिंदु-मुस्लिम भाईचारा कायम रखने और गोकसी रोकने को हुई महापंचायत



**मेवात।** शुक्रवार को नूंह जिला के बडकली चौक पर गोकसी, नषा, दहेज प्रथा को रोकने के लिए पंचायत आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मुफ्ती रफीक अहमद ने की, जबकी पंचायत का आयोजन रिटायर्ड लेक्चरार अब्दुल वहाब ने किया। पंचायत में सैंकड़ों गांवों के पंच, सरपंच, चौधरी व प्रमुख लोगों ने भाग लिया।

इस मौके पर कई फैसले लिए गये। पंचायत में मुख्य रूप से बकरीद के मौके पर गाय की कुर्बानी न करने, गाय ने काटने और ने ही किसी को काटने देने का फैसला लिया गया। इस मौके पर मुफ्ती रफीक अहमद ने पंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस कार्य से आपसी भाईचारा बिगता हो। उन्होंने कहा कि करीब डेढ़ माह बाद बकरीद का त्योहार आने वाला है। ऐसे में भले ही इस्लाम धर्म में कार्य की कुर्बानी जायज हो, लेकिन जिसके कार्य से किसी दूसरे धर्म की आस्था को ठेस पहुंचे वह कार्य नहीं करना चाहिए। मुफ्ती रफीक ने कहा कि आज मेवात में नशा, जुआ सट्टा से युवाओं बढ़ रहा है। इसे रोकना चाहिए। वहीं इस्लाम धर्म सबसे अच्छी शादी उसे कहा गया है। जिसमें सबसे कम खर्चा किया जाये। बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम देने का आह्वान किया। रिटायर्ड लेक्चरार अब्दुल वहाब, पूर्व ब्लोक समिति सदस्य चौधरी सूबेदार ने कहा कि पंचायत का मकसद हिंदु-मुस्लिम भाइचारा कायम रखने, गोहत्या पा पाबंदी लगाने, नशा और जुआ सट्टा जैसी सामाजिक बुराईयों को रोकना है। प्रमुख लोगों ने मुफ्ती रफीक अहमद की बातों पर अमल करने को जोर दिया।

# निकाय चुनाव के लिए नो डयूज लेने वालों की लगी भीड़

## नगरपालिका, बिजली निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, बैंकों में नो डयूज ले रहे हैं लोग

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**चुनाव** आयोग द्वारा प्रदेश में नगर निगम, नगर परिषद व नगरपालिकाओं के चुनाव 19 जून को करवाने की घोषणा के बाद शहर की राजनीति गरमा गई है। जहां एक ओर चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशियों के जनसंपर्क करने के अभियान में तेजी आ गई है वहीं दूसरी ओर सरकारी कार्यालयों से नो डयूज लेने के लिए संभावित प्रत्याशियों की भीड़ लग रही है। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार नगरपालिका, बिजली निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, को-आपरेटव बैंक एवं पैक्स, भूमि विकास बैंक, एवं अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों से नो डयूज लेना जरूरी है। नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अब सरकारी कार्यालयों एवं बैंकों में नो डयूज लेने की भीड़ उमड़ रही है। चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्यशियों के साथ-साथ उनके प्रस्तावक भी नो डयूज लेने के लिए सरकारी कार्यालयों में जा रहे हैं। संभावित प्रत्याशियों द्वारा नो डयूज लेने की वजह से सरकारी विभागों को राजस्व की भी प्राप्ति हो रही है।



नूंह जनस्वास्थ्य विभाग से नो डयूज लेता वार्ड-13 का एक प्रत्याशी।

# पुलिस ने ट्रक से करोड़ों रुपये का गांजा जब्त किया

## ट्रक में नमक के कट्टों की आड़ में छुपा रखा था मादक पदार्थ

**होडल।** होडल सीआईए पुलिस ने एक ट्रक से सैकड़ों किलो मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया है। पुलिस ने गांजे के साथ दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है। बताया जाता है कि दोनों आरोपियों के पास से बरामद हुए गांजे की कीमत एक करोड़ रुपये से भी अधिक है।

जिला पुलिस कप्तान राजेश दुग्गल ने जानकारी में बताया कि होडल सीआइए प्रभारी जंगशेर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक ट्रक में नमक के कट्टों की आड़ में भारी मात्रा में मादक पदार्थ तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही सीआइए प्रभारी जंगदेश ने नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर पर नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें नमक के कट्टे के बीच में से गांजे के छोटे पैकेट भी बरामद किए। पुलिस ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाकर गाडी में से 91 पैकेट गांजे के बरामद किए। पुलिस ने ट्रक के आगे रैकी कर रही एक सिफ्ट गाडी को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने ट्रक में से 474 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने गांजे के साथ गांव पट्टका थाना ताबडू निवासी ट्रक चालक मुस्तगिल व गोवर्धन मथुरा यूपी निवासी अमर ङ्क्षसह को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस कप्तान ने बताया कि इन गांजे का मालिक अमर सिंह है और वह यह गांजा विजय नगर उडीसा से तस्करी के लिए ला रहा था। उन्होंने बताया कि गांजे की कीमत एक करोड़ से ज्यादा है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है।

# मारपीट में 13 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज, चार गिरफ्तार

## नाई नंगला में मोबाइल छीनने आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर किया था हमला

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**बृहस्पतिवार** को उपमंडल के अंतर्गत गांव नाई नांगल ढाणी में मोबाइल छीनने के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में सदर थाना पुलिस ने 13 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर चार को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि बृहस्पतिवार को मोबाइल मोबाइल छीनने व अन्य मामलों में वांछित आरोपी खलील उर्फ खल्ली को उपमंडल के अंतर्गत नाइ नंगला ढाणी में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा था। लेकिन इस दौरान आरोपी के परिजनों ने पुलिस टीम पर हमला कर आरोपी को छुड़ा लिया। इस हमले में पुलिस जवान भजनलाल घायल हो गया। तावडू सदर थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी खलील, नासिर अली शेर, जुबेर, रक्कू, इसराइल, मोहम्मदा, मिसकिना, अंजुम, राहिला फिरदोस व बसमीना के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिनमें से मुख्य आरोपी खलील सहित नासिर अलीशेर और इसराइल को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने दावा किया कि मुख्य आरोपी से पूछताछ की जा रही है जिससे चोरी की कई वारदातों का खुलासा होगा।

# कौशल रोजगार निगम भंग और एनपीएस बंद हो

## सर्व कर्मचारी संघ ने जिला स्तरीय पर विरोध प्रदर्शन कर जताया रोष

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**हरियाणा** कौशल रोजगार निगम को भंग करवाने की मांग, पुरानी पेंशन बहाल करवाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, कच्चे कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी, छंटनीग्रस्त कर्मचारियों की बहाली व अन्य मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय के सामने जिला सचिव योगराज दीक्षित की अध्यक्षता में किया गया। प्रदर्शन का संचालन लिखीराम ने किया।

प्रदर्शन में पुनहाना, नगीना, फिरोजपुर झिरका, तावडू, नूंह के पक्के व कच्चे कर्मचारी शामिल हुए। सभी कर्मचारियों ने सरकार की आलोचना करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद सभी कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव योगराज दीक्षित ने बताया कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम में बहुत ज्यादा खामियां उजागर हो रही हैं। कौशल रोजगार निगम में जाने से कच्चे कर्मचारियों के लिए भविष्य में गंभीर परिणाम सहन करने होंगे। कच्चे कर्मचारियों मे भ्रम की स्थिति बनी हुई है और वे इस निगम में शामिल भी नहीं होना चाहते हैं। यह निगम ना तो कर्मचारियों के हित में हैं और ना विभागों व जनता के हित में हैं। सरकार कच्चे कर्मचारियों को जबरदस्ती पंजीकरण करवाकर हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करना चाहती है यदि सरकार इन कच्चे कर्मचारियों की हितैषी है तो पहले गेस्ट टीचर की तर्ज पर इनको समान काम समान वेतन दे सेवा सुरक्षा की गारंटी दे। बाद में पक्का करने की नीति बनाए। इस निगम के बाद कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। भविष्य में कच्ची भर्तियां होंगी कर्मचारियों में सरकार की नीतियों व कौशल निगम के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है।



प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पदाधिकारी और सदस्य।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य सचिव समून खान ने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार की नीयत और नीति में खोट है हरियाणा सरकार के पिछले सात साल बीत जाने पर भी सरकार ने कच्चे वे पक्के कर्मचारियों के बारे में कुछ नहीं सोच रही कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की वजाय उन्हें जबरदस्ती हरियाणा कौशल रोजगार निगम की ओर धकेला जा रहा है। जिससे भविष्य में उनका रोजगार जाने का खतरा बना है। राजस्थान की तर्ज पर पुरानी पेंशन बहाल की जाए और हरियाणा कौशल रोजगार निगम भंग किया जाए करोना काल में स्वास्थ्य विभाग में जान जोखिम में डालकर नौकरी करने वाले कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। उन्हें वापस ड्यूटी पर लिया जाए अगर समय रहते हुए सरकार ने हमारी मांगों का समाधान नहीं किया तो जल्दी ही आंदोलन करने का फैसला करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन से व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत बिलासपुर रोड पर गांव झामुवास के निकट शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। पीड़ित अब्दुल रजाक निवासी गांव खातीबास ने बताया कि युसूफ पुत्र इसाक उनके ही परिवार का सदस्य था, जिसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। शुक्रवार सुबह जल्दी उठकर यूसुफ अपने निजी काम से घर से निकला था। जब वह तावडू बिलासपुर रोड पर गांव झामुवास के नजदीक पहुंचा तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने उन्हें सूचित कर मौके पर बुलाया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने उन्हें सौंप अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुलिस-बदमाशों की मुठभेड में तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

**होडल।** पलवल सीआइए पुलिस ने हत्या के मामले में लिप्त तीन बदमाशों को चौबीस घंटे में पकड़ने में सफलता हासिल की है। बताया जाता है कि जेल में हुए झगड़े की रंजिश को लेकर युवक की हत्या की गई थी। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों के पास से दो देशी कट्टा व कारतुस भी बरामद किए है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है। जिला पुलिस कप्तान राजेश दुगगल ने पत्रकारों को दी जानकारी में बताया कि गुरूवार को गांव फतेहपुर बिल्लौज निवासी पवन कुमार का अपहरण कर गांव जनौली में हत्या कर दी थी। शुक्रवार सुबह पलवल सीआइए प्रभारी इंस्पेक्टर विश्व गौरव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गांव पवन की हत्या करने वाले तीन आरोपी खेतों में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही सीआइए प्रभारी अपनी टीम के साथ खेतों में पहुंच गए। पुलिस टीम को देख खेतों में छिपे तीनों आरोपियों ने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। जबावी कार्यवाही में पुलिस ने भी उनपर गोलियां चलाई। पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड में बदमाशों को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने तीनों बदमाशों को काबू कर लिया। पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को अपने नाम गांव जनौली निवासी गौरव, विजय व आकाश बताया।

### स्कूल की छात्राओं को किट वितरित



स्कूल की छात्राओं को किट वितरित करते।

**होडल।** गांव औरंगाबाद के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विघालय के प्रांगण में दसवीं व बारहवीं की छात्राओं को टूल किट वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच हरदीप चौहान व होडल बीईओ यशपाल गर्ग मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसीपल दिनेश कुमारी व इंचार्ज पूनम देवी ने की। कार्यक्रम में बारहवीं की 21 छात्राओं व दसवीं की 27 छात्राओं को किट वितरित की गईं। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एनएसक्यूएफ की छात्राओं को टूल किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच हरदीप चौहान व बीईओ यशपाल गर्ग ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के इस मौके पर अतिथियों ने छात्राओं से कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार स्कूलों में उन्हें प्रत्येक सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। इस मौके पर एनएसक्यूएफ की इंचार्ज पुष्पा देवी, आईटी अध्यापिका डिम्पल, रजनीश कुमार, राजबाला, अंजू, मंजू, अनीता बत्रा, दिनेश सैनी, प्रभा रानी, सुदेश देवी, अनीता मंगला के अलावा अन्य स्कूल स्टॉफ व दर्जनों छात्राएं मौजूद थीं।

### 31 मई तक बैंक खाते को आधार से लिंक कराएं किसान

**नूंह।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूंह के किसान सम्मान निधि योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अजय तोमर ने कहा कि बार-बार आग्रह करने व जागरुक किए जाने के बावजूद अनेक किसान अपने बैंक खाते को आधार से लिंक नहीं करवा रहे है और न ही बैंक में जाकर ई-केवाईसी करवा रहे हैं, जिस कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 11वी किश्त नहीं डल पा रही है। इसके लिए सरकार द्वारा 31 मई 2022 तक का समय दिया गया है। इसलिए ऐसे किसानों को तुरंत बैंक में जाकर अपना खाता आधार नंबर से लिंक करवाने के साथ-साथ ई. केवाईसी भी करवानी चाहिए ताकि उनको किसान सम्मान निधि की किश्त मिलने में कोई परेशानी न हो। यहां जारी एक प्रेस बयान में डॉ. तोमर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो हजार रूपये की पेंशन राशि हर चार माह के अंतराल पर दी जाती है। अभी सरकार की ओर से 11वीं किश्त जारी की जाने वाली है। परंतु विभाग के संज्ञान में आया है कि ऐसे अनेक किसान जिन्होंने इस योजना के तहत अपना पंजीकरण करवाया हुआ है, उन्होंने अपना बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक नहीं करवाया हुआ है या उनके संयुक्त खाता है। जबकि ऐसे अनेक किसान जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है अथवा जिनके द्वारा ईकेवाईसी नहीं करवाई गई है, वे किस्त न मिलने के कारण कृषि विभाग के कार्यालयों के चक्कर काटते रहते हैं और बेवजह परेशान रहते हैं। इसलिए ऐसे किसानों को कार्यालय के चक्कर काटने की बजाय ये अपने संबंधित बैंक में जाकर उक्त कार्य करवाएं ताकि किस्त की राशि खाता में आने में कोई दिक्कत न हो। आधार से लिंक न होने वाले खातों में यह राशि आने से रूक सकती है। इसलिए किसानों को तुरंत इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

# डीलर कमीशन हर 6 माह बाद पुनर्निर्धारण हो : पेट्रोल पंप संचालक

## 31 को तीन कंपनियों के डीलरों ने पेट्रोल व डीजल की सप्लाई न लेने का निर्णय लिया

## जिला पेट्रोल एसोसिएशन के प्रधान पवन गुप्ता व महासचिव अनिल शर्मा ने दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**हरियाणा** के सभी जिलों के पेट्रोल पंप डीलरों की गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मीटिंग हुई। इस मीटिंग में पेट्रोल पंप डीलरों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। जिला पेट्रोल एसोसिएशन के प्रधान पवन गुप्ता व महासचिव अनिल शर्मा ने बताया कि वर्ष 2017 के बाद अभी तक पिछले 5 साल के दौरान पंप डीलर का कमीशन तेल कंपनियों ने नहीं बढ़ाया है, जबकि नियमानुसार प्रति 6 माह के बाद डीलर कमीशन का पुनर्निर्धारण किए जाने का प्रावधान है और यह तेल कंपनियों ने खुद भी लिखित में स्वीकार किया हुआ है।

पिछले 5 साल के दौरान पेट्रोल की कीमत 150 प्रतिशत व डीजल की कीमत 160 प्रतिशत बढ़ चुकी है, लेकिन कमीशन 5 साल पुराना ही मिल रहा है। पंप डीलर को जो कमीशन मिलता है उसमे 90 प्रतिशत पंप चलाने का खर्चा हो जाता है। अत: 5 साल के दौरान पंप चलाने का जो खर्चा बढ़ा है। उसकी पूर्ति आज के दिन मिल रहे कमीशन में नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि डीलर कमीशन का प्रति 6 माह में पुनर्निर्धारण किया जाना एवं पंप चलाने में कमीशन का 90 प्रतिशत खर्च हो जाना भारत सरकार द्वारा गठित अपूर्व चंद्रा कमेटी (एसीसी) ने अपनी रिपोर्ट में दिया है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों का वेतन राज्य-केंद्रीय सरकार द्वारा प्रति 6 माह में पुनर्निर्धारित किया जाता है, क्योंकि डीलर कमीशन में कर्मचारियों का वेतन भी शामिल होता है इसलिए भी डीलर कमीशन का प्रति 6 माह में पुनर्निर्धारण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 व मई 2022 में भारत सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में 15 से 20 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और जुलाई 2015 में पेट्रोल 17. 46 रुपये, डीजल 10.26 रुपये तथा जुलाई 2021 में पेट्रोल 32.90 रुपये, डीजल 31.80 रुपये (कुल पेट्रोल 50.36 रुपये व डीजल 42.06 रुपये) की बढ़ोतरी की है लेकिन बढ़ोतरी को डीलरों के बिक्री मूल्य में नहीं जोड़ा गया है जबकि घटाई गई एक्साइज ड्यूटी की राशि दोनों बार ही डीलर के बिक्री मूल्य से घटा दी गई है। जिससे प्रत्येक डीलर को लाखों रुपये का नुकसान भुगतना पड़ा है जोकि किसी भी प्रकार से न्यायसंगत नहीं है। वैसे भी डीलर को एक्साइज ड्यूटी की घटती बढ़ती के अंतर्गत रखना उचित नहीं है क्योंकि डीलर को एक्साइज ड्यूटी का पूरा भुगतान करने पर ही पेट्रोल डीजल की सप्लाई मिलती है। अत: इसके बिक्री मूल्य में से एक्साइज ड्यूटी की राशि वापस कम करना अति ज्यादती है। उन्होंने कहा कि इन दोनों समस्याओं के बारे में तेल कंपनियों के उच्चतम अधिकारियों तक लिखित में अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन डीलरों की समस्याओं का कोई हल नहीं हुआ है। इसके विरोध में सभी डीलरों का सहमति से निर्णय लिया है कि 31 मई को हरियाणा राज्य के तीन कंपनियों का कोई भी डीलर पेट्रोल व डीजल की सप्लाई न तो उठाएगा और न खरीद करेगा। वहीं उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल पंप खुले रहेंगे व पेट्रोल डीजल की बिक्री चालू रहेगी। यह संघर्ष तेल कंपनियों के अव्यवहारिक रवैये के विरोध में है।



# लोगों ने उठाई होड़ल-बड़कली मार्ग को मरम्मत कराने की मांग

## वाहन चालकों ने कहा, मार्ग टूटा होने के कारण बढ़ रही हैं सड़क दुर्घटनाएं

ललित गर्ग। पुन्हाना

**दो** विधानसभा व दो लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले तथा नूंह जिले को पलवल, फरीदाबाद जिलों के अलावा दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्यों से जोड़ने वाला सबसे व्यस्तम होडल-बड़कली मुख्य मार्ग पिछले काफी समय से जगह जगह से टूटा होने के कारण पूर्णरूप से दुर्घटना ग्रस्त मार्ग बना हुआ है। गहरे गड्ढों में तब्दील इस मार्ग के अधिक टूटा हुआ होने के कारण आयेदिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। मार्ग टूटने की शिकायत सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सम्बंधित विभाग सहित पुन्हाना व होड़ल के उप मण्डल स्तर के अधिकारियों के समक्ष रख दी है, लेकिन सिवाय आश्वासन व खानापूर्ति के कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। लोगों ने जिला प्रशासन एवं सम्बंधित विभाग अधिकारियों से मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की है।

आपको बता दें कि बड़कली-होडल मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छोटे व बड़े वाहनों का आवागमन रहता है। ये कहना भी गलत नहीं होगा कि व्यापारिक दृष्टि से यह मार्ग जिला नूंह को उत्तर प्रदेश व दिल्ली राज्यों के अलावा अन्य जिलों से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी है। पुन्हाना से गांव सिंगार, नीमका, बिछोर, चौखा, चांदनकी, लाहवास इत्यादि गांवों के समीप गहरे गड्ढे बने हुए हैं। जो इन दिनों वाहन चालकों के लिए सबसे परेशानी दायक मार्ग बना हुआ है। मार्ग में इतने गड्ढे बने हुए है कि वाहनों में नुकसान के साथ-साथ हर समय दुर्घटनाएं होने का भय बना रहता है।

पायनियर क्लासीफाइड

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511556/2/02 पर रिक्त स्थान है। जिस पर किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है। जिसे वेदपाल पुत्र मनोहर लाल ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 10 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
वेदपाल पुत्र मनोहर लाल
निवासी सांप की नंगली
तहसील सोहना जिला गुरुग्राम।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# चर्चा का विषय

## रेस्टोरेंटों में सेवा शुल्क

**सरकार** रेस्टोरेंटों के बिलों पर 'सेवा कर' या सेवा शुल्क लगाने के विवादास्पद विषय पर चर्चा करने जा रही है। टिप देने का अर्थ केवल वेटर को कुछ पैसा देना भर नहीं है। अतीत में इस पर वैचारिक संघर्ष हुए हैं। आज सरकारों ने इसे रेस्टोरेंट संचालकों पर डाल दिया है तथा इसे वेटरों के श्रम के खिलाफ ग्राहकों के अधिकार का मामला बना दिया है। 2 जून को उपभोक्ता मामलों का विभाग तथा नेशनल रेस्टोरेंट्स असोसियेशन आफ इंडिया इस विवादास्पद विषय पर विचार करेंगे कि क्या भारत में भोजनालय सेवा शुल्क प्राप्त करते हैं जिसे कानूनी शब्दावली में टिप कहा जा सकता है, भले ही यह स्वैच्छिक ही क्यों न हो। सवाल है कि क्या रेस्टोरेंट ग्राहकों को सेवा शुल्क के लिए 'मजबूर' करते हैं? कम से कम भोजनालयों के खिलाफ यही आरोप है। दूसरे, कहा जाता है कि सेवा शुल्क मनमाने तरीके से तय होता है। भोजनालयों पर ग्राहकों को सेवा कर की वैधता के बारे में भ्रमित करने का भी आरोप है। सेवा शुल्क ग्राहक तथा वेटर या सेवा करने वाले कर्मचारियों के बीच लेनदेन है। इसमें कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों को सेवा देना तथा यदि वे प्रसन्न हों तो कर्मचारियों को टिप देना शामिल है। जब टिप को एक शुल्क के रूप में बिल का हिस्सा बना लिया जाता है तब इसे सेवा



शुल्क कहते हैं। रेस्टोरेंट इस लेनदेन में शामिल नहीं हैं, हालांकि वे व्यक्तिगत रूप से टिप के बजाय ग्राहकों से स्वैच्छिक सेवा शुल्क वसूलने में सहायता करते हैं। ऐसे में सवाल है कि वार्ता के लिए केवल रेस्टोरेंट संस्थानों को क्यों बुला रही है, कर्मचारी यूनियनों को नहीं? अनेक ग्राहक सेवा शुल्क से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं और बहुत से लोग अब भी सेवा कर व सेवा शुल्क के बीच भ्रमित हैं। बहुत से लोगों को विश्वास नहीं है कि रेस्टोरेंट ने जीएसटी व अन्य टैक्स वसूलने से पहले सेवा शुल्क की गणना की गई है। रेस्टोरेंटों का तर्क है कि वे बिल तथा मेन्यू कार्ड पर सेवा शुल्क व जीएसटी दर्ज करने की अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। सरकार अभी इस बारे में निश्चित नहीं है कि क्या सेवा शुल्क पर कर लगना चाहिए। वस्तु एवं सेवा कर के अनुसार सभी सेवायें कर योग्य हैं। क्या इसमें सेवा कर के अलावा सेवा शुल्क भी शामिल है?


सरकार द्वारा 2017 में जारी सेवा कर दिशानिर्देश केवल सलाह है और इसके समर्थन में कोई विधायन नहीं है। ग्राहक संरक्षण कानून, 2019 में टिपिंग या सेवा शुल्क का उल्लेख नहीं है। इस पृष्ठभूमि में देखने पर सवाल उठता है कि क्या 2 जून की बैठक रेस्टोरेंट मालिकों की संस्था को 'सलाह' देने के सिवा कुछ और प्राप्त कर सकती है? इसके साथ सवाल यह भी है कि वेटर कर्मचारियों के हितों की रक्षा कौन करेगा? टिप से वेटर की क्षमता स्पष्ट होती है। सर्वोत्तम वेटर को सर्वाधिक टिप मिलती है। वास्तव में वेटर ही भोजन व अन्य चीजों के साथ रेस्टोरेंट को लोकप्रिय बनाते हैं। दूसरी ओर सेवा शुल्क सभी वेटरों के लिए समान होता है। उनको एकत्रित शुल्क का समान हिस्सा मिलता है, भले ही उनकी क्षमता का स्तर कुछ भी हो। हालांकि, सभी वेटरों के लिए टिप अतिरिक्त आय है जो उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन करती है। ऐसे मामले हो सकते हैं जहां सेवायोजक सेवा शुल्क का एक हिस्सा अपने पास रख लेते हों। ऐसे में कोई कानून क्यों नहीं बनाया जाता है जिससे वेटरों को दी जाने वाली टिप को वैध बनाया जाए क्योंकि सेवा शुल्क व्यवस्था बहुत जटिल है? यही असली मुद्दा है।

# पाकिस्तानी दमन से नाराज बलूच

बलूच सीपीईसी का विरोध कर रहे हैं क्योंकि यह बलूचिस्तान के बजाय पंजाब-केन्द्रित है। पाकिस्तानी दमन बढ़ने के साथ ही बलूचों में 'आजादी' की आग और भड़क रही है।



**निष्ठा कौशिकी**
(पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर)



बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा कब्जे वाला प्रांत है जो देश के कुल भूमि क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत है। 770 किलोमीटर की तटीय रेखा वाले बलूचिस्तान की सीमा ईरान व अफगानिस्तान से भी लगी है। दुनिया का लगभग 40 प्रतिशत तेल ग्वादर बंदरगाह से गुजरता है जो हर्मुज जलडमरूमध्य के निकट है। पाकिस्तान की एकीकृत राष्ट्रीयता का मुकाबला बलूचों, पख्तूनों व सिंधियों के नस्ली-राष्ट्रवाद से है जो पाकिस्तान बनने के बाद से अपने राजनीतिक व आर्थिक हाशियाकरण के खिलाफ संघर्ष कर रही हैं। पंजाब-केन्द्रित योजनाओं तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा-सीपीईसी के अंतर्गत परियोजनाओं के क्रियान्वयन से राज्य तथा 'आजादी' की मांग करने वाले बलों के बीच टकराव और तेज हुआ है।

सीपीईसे से जुड़ी परियोजनाओं तथा अनेक अन्य विकास परियोजनाओं द्वारा ग्वादर बंदरगाह के अधिग्रहण तथा इनसे बलूच फर्मों, कामगारों व मछली पकड़ने वालों को बाहर करने के कारण बलूचिस्तान में पहले से मौजूद लोगों की विभाजनकारी भावनायें भड़की हैं। इसका कारण प्राकृतिक संसाधनों का दोहन भी है। इसके साथ ही ईस्टर्न रूट या चीनी परियोजनाओं को ग्वादर और कराची से जोड़ने वाला मार्ग पंजाब व सिंध के विकसित क्षेत्रों से गुजरता है तथा वह बलूचिस्तान के कई जिलों को बाहर छोड़ देता है। इस कारण बलूचिस्तान की मुख्यधारा पार्टियां पूरी परियोजना का विरोध कर रही हैं तथा उन्होंने अपने लिए 'संपूर्ण आजादी' की मांग की है। क्वेटा में शिया हजारा समुदाय से राजनीतिक भेदभाव भी एक मानवाधिकार मुद्दा है। सुन्नी कट्टरपंथी व नस्लवादी शिया हजारा लोगों को ईरान का जासूस समझते हैं। रावलपिंडी में भेदभाव की नीतियों के चलते शिया हजारा समुदाय का नरसंहार हो रहा है और उनको राष्ट्रीय मीडिया में स्थान नहीं मिल रहा है। इसके पहले पूर्वी पाकिस्तान या बांग्लादेश ही ऐसा एकमात्र क्षेत्र था जो संपूर्ण रूप से पाकिस्तान के अत्याचार से मुक्ति पाने में सफल हुआ।

आज विभिन्न बलूच विद्रोही समूहों ने एकजुट होकर बलूच नेशनल आर्मी-बीएनए या 'आजादी ब्रिगेड' का गठन किया है जिसमें बलूच रिपब्लिकन आर्मी-बीआरए, युनाइटेड बलूच आर्मी व बलूच राजी अजोई संगार-बीआरएएस शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान से अलग कर एक बलूच क्षेत्र की स्थापना हो सकती है। यदि रावलपिंडी के अत्याचार बढ़ते हैं तो बलूच ईरान, पाकिस्तान व अफगानिस्तान में सभी बलूचों को एकजुट कर 'ग्रेटर बलूचिस्तान' के लिए संघर्ष छेड़ सकते हैं। अनेक नाराज पाकिस्तानी समहों ने शारी बलूच द्वारा सीपीईसी व रावलपिंडी के विरोध के निर्णय का समर्थन किया है। ट्विटर जैसी सोशल मीडिया साइटों पर सिंधी अलगाववादियों ने शारी बलूच की वीरता की प्रशंसा की है। यह एक संकेत है कि बलूच लिबरेशन आर्मी भविष्य में अपना विस्तार कर सिंधी समूहों को भी उसमें शामिल कर सकती है। अब तक बलूच विद्रोही समूह विरोध के पुराने तरीके पर चल रहे थे जिसमें इम्प्रोवाइज़्ड विस्फोटक उपकरणों के साथ मारो व भागो जैसे विरोध शामिल हैं। शारी बलूच के आत्मघाती हमले ने हमलों की संवेदनशील प्रकृति को बढ़ावा दिया है। इस प्रकार के हमले तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी व अन्य समूह करते रहे हैं। टीटीपी का लक्ष्य अमीरात पाकिस्तान की स्थापना है जो अफगानिस्तान में तालिबान गतिविधि के समान है। टीटीपी मुख्यत: अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा से अपनी भर्ती करती है और बीएलए के प्रति उसकी सहानुभूति है। लेकिन समस्या यह है कि टीटीपी का जुड़ाव अफगान तालिबान से है और उसे अलकायदा का समर्थन प्राप्त है। इस कारण टीटीपी की भूमिका बीएलए व पाकिस्तान बलों के बीच शतरंज जैसी हो सकती है। ऐसे में क्या यह संभव है कि टीटीपी का नेता नूर वली महसूद बलूच विद्रोहियों से मिल गया हो? अब तक टीटीपी पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम तथा बीएलए पाकिस्तान के दक्षिण में स्वतंत्र गतिविधियां करती रही हैं। लेकिन अब शायद ऐसा न हो। पाकिस्तानी दृष्टिकोण से अफगान तालिबान के कब्जे का अर्थ अमेरिका को बाहर धकेलने के साथ उसके सहयोगियों के लिए कुछ समस्यायें हो सकती हैं, हालांकि इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि तालिबान की क्षमतायें व महत्वाकांक्षायें रावलपिंडी के नेतृत्व से निकल कर स्वतंत्र गतिविधियां हो सकती हैं। तालिबान 'मंत्रियों' की ओर से ऐसे बयान आए हैं कि वे 'राष्ट्रीय' व क्षेत्रीय मामलों में स्वतंत्र भूमिका अदा करना चाहते हैं। इसके साथ ही तालिबान 9-11 के बाद वाली घटनाओं का बदला लेने के बारे में सोच सकते हैं जब पाकिस्तान ने तालिबान को चालाकी से कुचलने में अमेरिका के साथ था। ऐसे में अनुमान है कि तालिबान शायद टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई धीमी कर उसे फिर से हथियार प्राप्त करने और उभरने का मौका दें। इसके अलावा वे बलूच विद्रोहियों से भी संबंध स्थापित कर सकते हैं।

2010 के दशकारंभ में तहरीके तालिबान बलूचिस्तान-टीटीबी भी टीटीपी की तरह उभरा था। टीटीबी पाकिस्तानी सुरक्षा बलों तथा कानून-व्यवस्था एजेंसियों से संघर्ष के साथ सभी विदेशियों को बलूचिस्तान से निकालना और पाकिस्तान को रणक्षेत्र बनाना चाहता था। इस संगठन ने स्वदेशी तथा अफगान-पख्तून कबीलाई मूल के विदेशियों की लड़ाकू इकाइयां बनाई थीं। लेकिन बलूच कट्टरपंथी के बजाय परंपरावादी हैं और इसलिए टीटीपी व बीएलए से उनका गठजोड़ बन सकता है। 'आजादी ब्रिगेड' में इस्लामिक स्टेट खुरासान-आईएसकेपी के लोग भी शामिल हो सकते हैं जिससे पाकिस्तान के हितों को और नुकसान पहुंचेगा। हालांकि, अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिक चले जाने के बाद पाकिस्तानी सैनिक अवस्थापना के खिलाफ हमलों की तीव्रता व उनकी संख्या बढ़ी है, पर अफगान तालिबान व हक्कानी नेटवर्क की मध्यस्थता से टीटीपी व पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हमें 2020 की याद दिलाता है जब अलकायदा ने टीटीपी व विभिन्न समूहों के बीच विलय कराया था। टीटीपी के साथ विलय करने वालों में लश्करे झांगवी का एक समूह, हकीमुल्ला महसूद गुट, जमातुल अहरार तथा हिज्बुल अहरार का एक समूह शामिल था। इससे टीटीपी मजबूत हुआ था और उसकी स्थिति काबुल में तालिबान जैसी हो गई थी। रणनीतिक भिन्नताओं के बावजूद युद्धविराम से अनेक सवाल उठे हैं। हो सकता है कि रावलपिंडी बलूचिस्तान में एक और सुन्नी आतंकी समूह खड़ा करना चाहता हो जो पहले बलूच आंदोलन का दमन करे तथा बाद में ईरानी जुंदुल्ला संगठन पुनर्जीवित कर सिस्टान व बलूचिस्तान में अस्थिरता पैदा करे। पाकिस्तान 'विनाशकारी शक्तियों' का प्रयोग दूसरी जगह करना चाहता है। देखना होगा कि बीएलए टीटीपी के साथ मिल कर संघर्ष करता है या पाकिस्तान अंतत: अस्थिरता पैदा करने में सफल होता है। लेकिन क्षेत्र में हिंसा बढ़ने पर चीनी सीपीईसी अव्यवस्था का शिकार होगी।

ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान चीन के साथ भी वही खेल खेल रहा है जो उसने अफगानिस्तान में अमेरिका के साथ खेला था? बलूचिस्तान व ईरान में चीनी पैसा व ढांचा आकर्षित कर तथा ईरान को अलग-थलग कर वह अतिवादी समूहों को बलूच नागरिकों तथा ईरानी बलूचों के खिलाफ खड़ा करना चाहता है। क्या यह अमेरिका को भगाने की रणनीति जैसा नहीं है? हिंसा भड़कने पर चीनी परियोजनायें व चीनी नागरिक प्रभावित होंगे। ऐसे में क्या चीनी अपनी परियोजनायें उसी प्रकार छोड़ने पर मजबूर नहीं होंगे जिस प्रकार अमेरिका और नाटो को अफगानिस्तान में अपने हवाईअड्डे छोड़ने पड़े थे?

पाकिस्तान की विदेश व सुरक्षा नीति मुख्यत: भारत-विरोधी दिशा में चलती है। यदि जिहादी संगठनों की संख्या में भारी वृद्धि को इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो इसका लक्ष्य किसी भी प्रकार की सहायता व शक्ति प्राप्त कर भारत को अस्थिर करना है। लेकिन जल्द ही इस्लामाबाद अपने यहां पैदा देशी आतंक का शिकार बनेगा और वह स्वयं अपनी कब्र खोदने वाला देश बन सकता है। जोसेफ नाय ने एक बार कहा था, 'महत्वपूर्ण नेता कभ्झी केवल अपने हित प्राप्ति की दिशा में नहीं चलते हैं, उनको अपनी जनता के हितों की भी चिन्ता होती है।' लेकिन इस्लामाबाद ने कभी ऐसा नेता नहीं पैदा किया। और ज्यादा अराजकता, आतंक, बाहरी कर्जों व महंगाई को देखते हुए यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि जल्द ही 'आजाद बलूचिस्तान' का सपना सच होगा।

# रोजगार के आंकड़ों पर विवाद

**अश्विनी महाजन**
(दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर)



साल 2021-22 में मनरेगा नौकरी की मांग कम थी, जिसका अर्थ है कि जो लोग कोविड के बाद गांवों में चले गए, उन्हें शहरी क्षेत्रों में अपनी नौकरी वापस मिल गई। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) का कहना है कि हालांकि जीडीपी ने कोविड के बाद वापस उछाल पाया है, लेकिन इसका सबसे बड़ा प्रभाव रोजगार पर पड़ा है। 2019-20 में 40.89 करोड़ के मुकाबले साल 2021-22 में रोजगार केवल 40.18 करोड़ तक पहुंच गया। बेरोजगारी जो 2019-20 में 3.29 करोड़ थी, 2021-22 में 3.33 करोड़ तक पहुंची- केवल 4 लाख की वृद्धि। सीएमआईई का निष्कर्ष है कि हालांकि रोजगार में लगभग 7 मिलियन या 70 लाख की कमी हुई है, मगर बेरोजगारी में वृद्धि केवल 4 लाख है, जो संकेत करता है कि वे लोग जो इस अवधि में बेरोजगार हो गए थे, उन्होंने नौकरी की उम्मीद खो दी है और वे अब नौकरी की दौड़ से बाहर हो गए हैं। गौर तलब है कि कुछ समय के लिए, कुछ कारणों की वजह से, देश में रोजगार संबंधी डाटा एनएसएसओ द्वारा प्रकाशित किया गया है। यह स्वाभाविक है कि अधिकृत आंकड़ों की अनुपस्थिति में, सीएमआईई जैसे संस्थानों के आंकड़ों ने मीडिया में जगह हासिल की है। हालांकि, उनकी विश्वसनीयता प्रश्नों के घेरे में है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण बेरोजगार को कम से कम 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है। इसलिए, जब लोग बेरोजगार होते हैं, तो वे मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार पाने के हकदार होते हैं। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति को कहीं भी आकस्मिक रोजगार मिल रहा हो और वह 100 या उससे कम दिनों तक बेरोजगार रहता है तो वह 'मनरेगा' के तहत रोजगार की तलाश कर सकता है।

इसका तार्किक अर्थ यह है कि अगर बेरोजगारी बढ़ती है तो मनरेगा की मांग भी बढ़ेगी। उदाहरण के लिए 2020-21 में शहरों में तालाबंदी और आर्थिक गतिविधियों में गिरावट के कारण रोजगार में कमी आई और लोग गांवों की ओर पलायन कर गए, तो उन दिनों 'मनरेगा' के लाभार्थियों की संख्या लॉकडाउन से पहले महज 5 करोड़ से बढ़कर 7 करोड़ हो गई।



दिलचस्प बात यह है कि जिस अवधि (2021-22) के लिए सीएमआईई-रिपोर्ट बेरोजगारी में वृद्धि की बात कर रही है, मनरेगा रोजगार की मांग वास्तव में पिछले वर्ष की तुलना में 6.55 प्रतिशत कम थी। यानी यह कहा जा सकता है कि कोरोना काल में गांवों में पलायन कर चुके लोगों को शहरी क्षेत्रों में वापस रोजगार मिल गया था. इसी क्रम में अप्रैल 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि अप्रैल 2021 में 2.62 करोड़ लोगों ने 'मनरेगा' के तहत काम मांगा था, जबकि अप्रैल 2022 में मनरेगा के तहत 2.33 करोड़ लोगों ने ही काम मांगा था, यानी, 11.15 फीसदी की गिरावट। विश्लेषकों का मानना है कि मनरेगा के तहत रोजगार की मांग में गिरावट शहरी क्षेत्रों में रोजगार बढ़ने के कारण आई है। यह आंकड़ा सीएमआईई द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें कहा गया है कि लोग रोजगार के अवसरों के नुकसान के कारण रोजगार की उम्मीद छोड़कर श्रम-बल से बाहर चले गए हैं। बेरोजगारी के बारे में अपना मनमाना मूल्यांकन देने के बजाय, सीएमआईई को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए मनरेगा के आंकड़ों पर ध्यान देना चाहिए था।

सीएमआईई की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर 2022-23 में 7.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ हासिल कर भी ली जाए तो बेरोजगारी दर नीचे जाने के बजाय और बढ़ेगी। इसके लिए वे जीडीपी के संबंध में रोजगार उतार-चढ़ाव की बात करते हैं। लेकिन हमें यह समझना होगा कि अर्थव्यवस्था में कोविड के बाद की रिकवरी कोई सामान्य रिकवरी नहीं है। यह सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ मूलभूत परिवर्तनों के साथ है। अर्थव्यवस्था के तमाम संकेतक इन बदलावों की ओर इशारा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष (2021-22) की अंतिम तिमाही में जीएसटी संग्रह का मासिक औसत 1.42 लाख करोड़ था। इस वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2022) के पहले महीने में 1.68 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व जीएसटी संग्रह निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था में उछाल की ओर इशारा कर रहा है। मार्च 2022 में, 7.7 करोड़ ई-वे बिल बनाए गए, फरवरी 2022 में बनाए गए 6.8 करोड़ ई-वे बिल से 13 प्रतिशत अधिक। यह स्पष्ट रूप से अर्थव्यवस्था में तीव्र सुधार को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि देश में सेमीकंडक्टर्स की कमी के कारण ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम समेत हमारे कई उद्योग प्रभावित हुए हैं। इसके बावजूद, बढ़ता जीएसटी राजस्व अर्थव्यवस्था में विनिर्माण में तेजी का संकेत दे रहा है। यह सच है कि इस अवधि के दौरान आयात में भी वृद्धि हुई है, जिससे जीएसटी का राजस्व बढ़ा है, लेकिन जहां जीएसटी का राजस्व 1.68 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, इस राजस्व में आयात जीएसटी का हिस्सा 36705 करोड़ रुपये है, जो कि मार्च 2021 के आयात जीएसटी से केवल 5608 करोड़ अधिक है। उल्लेखनीय है कि मार्च 2021 में आयात जीएसटी 31097 करोड़ रुपये था। इसका तात्पर्य यह है कि इस अवधि के दौरान घरेलू व्यवसायों में निश्चित रूप से वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप जीएसटी में यह भारी वृद्धि हुई है।

सरकार को जल्द ही एनएसएसओ के मजबूत आधिकारिक आंकड़े प्रकाशित करने चाहिए और देश में रोजगार की सही तस्वीर पेश करनी चाहिए।

## आप की बात

### मान का प्रशंसनीय कदम

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी की सरकार ने टेंडर के बदले कमीशन मामले में स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ बर्खास्तगी का कदम उठा कर राजनीति में हलचल मचा दी है। इतना ही नहीं मंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कह कर मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार को लेकर अपने इरादे भी साफ कर दिए। आज राजनीति में कमीशनखोरी को लेकर जिस प्रकार दुकानदारी चलती है उसे रोके जाने की जरूरत है। अब देखना यही है कि मान अपने इरादों में सफल होते हैं या दबाव की राजनीति चलती है। मंत्री की शिकायत पहुंचते ही उन्होंने अपने स्तर से इसकी जांच करवाई और मंत्री सिंगला का पक्ष जाना। मंत्री के गलती मानते ही उन्हें बर्खास्त कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। निश्चित रूप से पंजाब में हुई इस कार्रवाई का स्वागत किया जाना चाहिए। आज देश के राजनीतिज्ञों के इस तरह के मामले बहुत आम बात है। मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार जनता के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश की है इसे नजीर मानकर देश के अन्य राज्यों को भी आगे आना चाहिए तभी भ्रष्टाचार मुक्त देश की कल्पना की जा सकती है।

**अमृतलाल मारू**, धार, म.प्र.

### क्वाड का संदेश

**खबरों** के मुताबिक चीन ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा है । दूसरी तरफचीन भारतीय सीमा पर बसाहट के साथ साथ एयरपोर्ट, सड़कों, टावरों का निर्माण कर रहा है। पूरा विश्व रूस यूक्रेन युद्ध की मार झेल रहा है । लेकिन चीन की दादागिरी व उसके तीखे तेवरों में कोई नरमी नहीं है । भारत समेत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्र प्रमुखों ने क्वाड बैठक के माध्यम से कड़ा संदेश दिया है कि चीनी ताकत का जोर नहीं चलेगा । लेकिन देखने में आया है कि ऐसी चेतावनी के बावजूद ड्रेगन के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है । ऐसी चेतावनियों को वह हवा में उड़ा देता है तथा मनमर्जी करता रहता है । अब इन सभी देशों को एकजुटता के साथ अपने कड़े संदेश को अमली जामा पहनाना होगा । चीन को यह एहसास कराया जाना होगा कि यह केवल संदेश नहीं है और इसे हल्के फुल्के में लेना उसके लिए भारी पड़ सकता है । क्वाड में अमेरिका ने सीधी चेतावनी दी है कि यदि चीन ने वैसा दु:साहस करने का प्रयास किया जैसा रूस ने यूक्रेन में किया है तो अमेरिका ताइवान में सैनिक हस्तक्षेप को मजबूर होगा। इस सम्मेलन से भारतीय विदेश नीति की विजय हुई है।

**हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद उज्जैन

### समान नागरिक संहिता

**हमारे** देश के संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में यह भावना व्यक्त की थी कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाना चाहिए जिसमें सरकार से अपेक्षा की गई कि वह पंथ, जाति, क्षेत्र, भाषा जैसे विभाजनकारी आधार की चिंता किए बिना सभी के लिए समान कानून बनाएगी। विडंबना है कि जब समान नागरिक संहिता की बात हुई तो प्रचार हुआ कि इससे अल्पसंख्यकों के मजहबी अधिकार छिन जाएंगे। जबकि यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी कानून किसी मजहब के विरुद्ध हो तो वह कानून सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो जाएगा। समान नागरिक संहिता लाने की घोषणा के साथ-साथ ही उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध में यही तर्क है कि यह संविधान-विरोधी है इसमें ज्यादातर विरोध मुस्लिम संगठनों का ही है जिससे लगता है कि इससे उन्हें बड़ा नुकसान होगा तब इस कानून को लाने से पहले इस पर हर धर्म में बहस करना बेहद जरूरी है ताकि उनकी भी इस विषय में आंखें खुल सके क्योंकि यह कानून तो सभी के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए लाभदायक भी है।

.- **राज**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**मुझे** पूर्ण विश्वास है कि भारत-अमेरिकी मैत्री लगातार सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती रहेगी।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मैं** भारत-अमेरिकी साझीदारी को धरती पर निकटतम संबंध तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

- **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**हमें** पंजाब के सीएम भगवंत मान पर गर्व है जिन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपी मंत्री को फौरन हटा दिया।

- **अरविंद केजरीवाल**
आप के राष्ट्रीय समन्वयक"

# सिविल अस्पताल में बनेगा 10 बेड का आईसीयू, मरीजों को नहीं करना पड़ेगा रैफर

## एक्सीडेंट सहित गंभीर रोगियों को आईसीयू वार्ड में किया जा सकेगा भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



इस निर्माणाधीन भवन में बनेगा आईसीयू।

**जिला** नागरिक सामान्य अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू बनेगा, दुर्घटना सहित गंभीर बीमारी से पीड़ितों को आईसीयू वार्ड में भर्ती कर बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

अस्पताल प्रशासन की मानें तो आईसीयू सेंटर के लिए बनने वाली बिल्डिंग जल्द ही बनकर तैयार होगी, जिसके बाद आईसीयू चालू हो जाएगा। अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू होना वाक्या में ही मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। आईसीयू को लेकर अस्पताल प्रबंधन की उत्सुकता ऐसी कि डॉक्टरों सहित कई स्टाफ सदस्यों को ट्रैनिंग उपलब्ध कराई जा चुकी है, जबकि कुछ की ट्रैनिंग जारी है ताकि आईसीयू वार्ड को जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।

बता दें कि अस्पताल नेशनल हाइवे पर स्थित होने के चलते ज्यादा केस दुर्घटना सम्बधित आते हैं, उनमें से कई घायल मरीजों को तुरंत ही आईसीयू में एडमिट करने की आवश्यकता होती है। जबकि बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध न होने के चलते मरीजों को कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज या हायर सेंटर में रैफर करना पड़ता था। अब जबकि अस्पताल में जल्द ही आईसीयू वार्ड बन जाएगा, स्थिति में परिवर्तन होगा। प्रबंधन की मानें तो आईसीयू के लिए जरूरी उपकरण अस्पताल में उपलब्ध हो चुके हैं।

**पुरानी बिजली की लाइन बदली :** अस्पताल में बिजली लाइन पुराने होने के चलते गर्मियों के दिनों में बिजली कट लगातार लगते रहते थे, जो मरीजों सहित उनके परिजनों के लिए काफी पीड़ादायक होते थे। समस्या पिछले आठ से 10 सालों से बनी हुई थी। विकट समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने पुरानी बिजली लाइन को ही बदलवा दिया। जिससे अस्पताल में अब बिजली कट लगने के झंझट से पूरी तरह से छुटकारा मिल गया।

### प्रतिदिन 21 सौ ओपीडी हर दिन छह बड़े आपरेशन

**अस्पताल** में प्रतिदिन 19 सौ से लेकर 21 सौ तक ओपीडी बनी रहती है, जबकि अस्पताल में प्रतिदिन छह बड़े आपरेशन किए जा रहे हैं। यही नहीं अस्पताल ने कायाकल्प प्रोग्राम के तहत प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल किया था, इनाम स्वरूप अस्पताल को 50 लाख रुपये मिले थे। जो सीएम सिटी के सरकारी अस्पताल के लिए गर्व की बात है। इसके अलावा अस्पताल को एनक्वास और लक्ष्य में बेहतर स्वास्थ्य सर्विस को देखते हुए सर्टिफिकेट मिला है।

> “**अस्पताल** में 10 बेड का आईसीयू बनेगा, भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है। आईसीयू के लिए बिल्डिंग बनते ही आईसीयू वार्ड चालू कर दिया जाएगा। क्योंकि आईसीयू चलाने के लिए डॉक्टरों और स्टाफ को ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। यहीं नहीं अस्पताल में बिजली लाइन पुरानी होने के चलते दिक्कत आती थी, प्रबंधन ने पूरी लाइन ही बदलवा दी है। अब अस्पताल में बिजली व्यवस्था लगातार सुचारू रहेगी। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल करनाल प्रदेश का पहला अस्पताल है, जिसे कायाकल्प में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि अस्पताल मरीजों को गुणवत्तायुक्त इलाज की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।
>
> **डॉ. पीयूष शर्मा, पीएमओ, जिला नागरिक अस्पताल करनाल।**

# हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना सरकार का मुख्य लक्ष्य

## आयुष्मान भारत योजना के तहत आर्थिय रूप से पिछड़े लोगों को दी जा रही हैं स्वास्थ्य सेवाएं

## सांसद ने पीएचसी भठगांव की नव-निर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन किया

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत



पीएचसी भठगांव की नव-निर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन करते सांसद रमेश कौशिक।

**सांसद** रमेश कौशिक ने शुक्रवार को पीएचसी भठगांव की नव-निर्मित बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि केन्द्र सरकार का पहला कार्य है कि देश के हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना है। ताकि उन्हें भी समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके और उनका इलाज हो सके।

केन्द्र सरकार व राज्य सरकार ने स्वास्थ्य संबंधित अनेक योजनाएं बनाई हैं, जिसके द्वारा गरीब से गरीब व्यक्ति को भी मुफ्त में इलाज हो सके। सांसद कौशिक ने बताया कि केन्द्र में भाजपा सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के इलाज के लिए अनेक योजनाएं बनाई। जिसमें मुख्यतः आयुष्मान भारत योजना शामिल है। इस योजना में जिस व्यक्ति की सालाना आय 01 लाख 80 हजार से कम है, उन लोगों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। जिसके माध्यम से वे लोग पांच लाख रुपये तक देश के किसी भी सरकारी व पैनल पर आने वाले गैर-सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकते हैं।

इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत प्रत्येक गर्भवती महिला में बच्चे के जन्म पर 06 हजार रूपये की राशि सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके अलावा और भी बहुत योजनाएं है जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए चलाई गई है।

इस दौरान उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी मिले। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला के गांवों में स्वास्थ्य जांच कैंप के साथ-साथ जागरुकता कैंप भी लगाए जा रहे हैं। जिसमें लोगों को जागरूक किया जाएगा कि आप इन योजनाओं का कैसे लाभ उठा सकते हैं तो कैसे इन योजनाओं में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## एनजीटी ने ज्योतिसर तीर्थ परिसर में पेड़ों की कटाई पर लगाई रोक

**कुरुक्षेत्र।** पर्यावरण सरंक्षण में कार्यरत ग्रीन अर्थ संगठन की याचिका पर 25 मई को सुनवाई करते हुए एनजीटी की जस्टिस अरुण कुमार व डॉ अफरोज अहमद की खंडपीठ ने ज्योतिसर तीर्थ परिसर में कृष्ण वाटिका में खड़े पेड़ों की कटाई पर तुरंत लगाई रोक लगा दी है तथा उपायुक्त व केडीबी को इन पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। संगठन सदस्य डॉ. नरेश भारद्वाज ने बताया कि ज्योतिसर मंदिर परिसर में खड़े 24 पेड़ों की कटाई करने के लिए जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग तथा केडीबी ने योजना बनाई हुई है। पेड़ों की कटाई रोकने के लिए बार बार गुहार लगाने के बावजूद पेड़ों को काटने की लगातार कोशिश की जा रही थी। ये पेड़ 1970 के दशक में पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री बंसीलाल द्वारा स्थापित हरित/ बन क्षेत्र जिसको अब कृष्ण वाटिका का नाम दिया है में खड़े हैं, जिनकी कटाई किसी भी रूप में प्रासंगिक नहीं थी। इन पेड़ों से तीर्थ में पर्यावरण सरंक्षण का एक इकोसिस्टम बना हुआ है तथा पेड़ तीर्थ की शोभा बढ़ा रहे हैं। एडवोकेट सुशील कुमार ने बताया कि याचिका में ये भी मांग की है कि पूरे कुरुक्षेत्र जिले में पेड़ों की जड़ों से टाइल्स, कंक्रीट आदि हटवाएं जाएं।

# वोकेशनल एजुकेशन से छात्र बने आत्मनिर्भर



विद्यार्थियों को टूलकिट देते मुख्य अतिथि पार्षद मंजीत सिंह व प्राचार्य दीपक आंतिल।

## कोर्स करने वाले छात्रों को वितरित की टूलकिट

**सोनीपत।** राजकीय माडर्न संस्कृति स्कूल मॉडल टाउन में हेल्थकेयर और वोकेशनल एजुकेशन विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद मंजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और बच्चों को टूलकिट वितरित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य दीपक आंतिल ने किया। मंच संचालन कृष्ण कुमारा रोहिल्ला ने किया। मुख्य अतिथि नगर पार्षद मंजीत सिंह ने कहा कि वोकेशनल एजुकेशन और हेल्थ केयर से बच्चे बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इस कोर्स के बाद बच्चे अस्पताल, या प्राइमरी स्कूलों में प्रशिक्षित के रूप में कार्य कर सकते हैं। विद्यार्थी इससे आत्मनिर्भर बनने सकते है, वे खुद दूसरों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बने। यह एक सराहनीय कदम है, इस प्रकार प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बच्चे स्वयं रोजगार का कार्य कर सकते हैं और दूसरों को भी प्रशिक्षित करके रोजगार दे सकते हैं, ताकि सरकार का उद्देश्य हैं, स्वयं रोजगार पैदा करना, ताकि बेरोजगारी को कम किया जा सके।

सरकार के व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल स्तर से ही व्यवसायिक शिक्षा को लागू किया और बच्चों को उनसे संबंधित प्रोत्साहन देने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। बच्चे इसका जाए ज्यादा लाभ उठा सकते हैं, जिस कारण व्यवसायिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार हो रहा है और सरकार का उद्देश्य भी पूर्ण हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से कोर्स से छात्र किसी भी हॉस्पिटल या प्राइमरी स्कूल में प्रशिक्षित के रूप में कार्य कर सकते हैं।

# संक्षिप्त-समाचार

## हर व्यक्ति देश में बड़ा राजनीतिक फेरबदल चाहता : हरबंस लाल



रैली के लिए डोर टू डोर न्योता देते हल्का अध्यक्ष हरबंस लाल और टीम।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आम आदमी पार्टी की टीम ने बाजारों में डोर टू डोर जाकर 29 मई को कुरुक्षेत्र में होने वाली रैली के लिए न्योता दिया। इस टीम का नेतृत्व हल्का अध्यक्ष हरबंस लाल ने किया। पत्रकारों से बात करते हुए हरबंस लाल ने बताया कि शहर में लोगों से मिलते हुए मालूम हुआ कि शहर की जनता प्रदेश की सरकार से बेहद परेशान है। हर व्यक्ति देश में बहुत बड़ा राजनीतिक फेरबदल चाहता है। देश की जनता बेरोजगारी, महंगाई से बहुत दुखी है और आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी को एक मौका देना चाहती है। इसी का आगाज करने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द केजरीवाल 29 मई को कुरुक्षेत्र में आ रहे हैं। इस मौके पार्टी कार्यकर्ता डॉ. रोहताश रंगा एडवोकेट नलवी, युवा नेता चरणदीप सिंह, युवा शहरी प्रधान नवजोत सिंह, किसान नेता रविंद्र सिंह, पुष्पराज अग्रवाल, निर्मल सिंह, ललित अग्रवाल, जगजीत सिंह, जगदीप सिंह, हरमिंदर सिंह, दीवान सिंह राणा, बीर सिंह, निर्मल चडूनी, परविंदर सिंह मौजूद रहे। हल्का अध्यक्ष हरबंस लाल के नेतृत्व में राजेश वाल्मीकि और वीरेंद्र गुलाटी पार्टी में शामिल भी हुए।

## संदीप गर्ग ने खेड़ा मंदिर पर की खाटू श्याम की आरती



महावीर कॉलोनी में स्थित खेड़ा मंदिर पर पूजा-अर्चना करते समाजसेवी संदीप गर्ग व समिति सदस्य।

**कुरुक्षेत्र।** महावीर कालोनी लाडवा में खेड़ा मंदिर पर श्री महावीर सेवा समिति की ओर से एकादशी पर्व पर स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग को लाडवा रसोई चलाने के लिए सम्मानित किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने श्री खाटू श्याम बाबा के चरणों में शीश झुकाया। श्री महावीर सेवा समिति के प्रधान अजय सिंगला ने बताया कि स्टालवार्ट फाऊंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग द्वारा खाटू श्याम बाबा की आरती करवाई गई और समिति की ओर से उन्हें लाडवा व बाबैन में जो मात्र पांच रुपये में भरपेट खाना देने की रसोई चलाई जा रही है उसको लेकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समिति के सभी सदस्य पूर्ण रूप से उनके साथ खड़े हैं और जो भी वह कार्य करने के लिए कहेंगे वह पूर्ण रूप से करने का प्रयास करेंगे। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने खाटू श्याम बाबा की आरती की और कहा कि एकादशी के दिन जो भी श्रद्धालु खाटू श्याम बाबा के चरणों में शीश झुकाता है उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। समिति की ओर से उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर अनिल आनन्द, अमित खुराना, संजीव मल्हौत्रा, रोकी, जितेन्द्र, संदीप गोयल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## बोटनी मॉडल प्रदर्शनी का विद्यार्थियों ने किया अवलोकन



बोटनी मॉडल प्रदर्शन का अवलोकन करती स्कूली छात्राएं।

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज में बोटनी विभाग के तत्वावधान में आयोजित बोटनी मॉडल प्रदर्शनी का स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने अवलोकन किया। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्य डॉ. रेनू भाटिया ने प्रदर्शनी की बधाई देते हुए विद्यार्थियों को पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। बोटनी विभाग के तत्वावधान में हुई बोटनी विभाग की मॉडल प्रदर्शनी का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रेनू भाटिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता की प्रमुख संयोजक एवं विज्ञान संकाय की डीन डॉ. रश्मि जावा ने बताया कि प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की 140 छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए बोटनी के विभिन्न पहलुओं पर आधारित 50 वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किये। इनमें प्रमुख तौर पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिुलिना फार्मिंग, ग्रीन हाउस इफैक्ट, पॉलिनेशन, वेस्ट वाटर रिसाईक्लिंग, डीएनए-रिप्लिकेशन, ट्रांसपोर्टेशन इन प्लांट, बायोगैस प्लांट तथा हाइड्रोपॉनिक्स और ओपनिंग एंड क्लोजिंग ऑफ स्टॉमेटा शामिल रहे। प्रतियोगिता की आयोजक डॉ. अनीता सैनी ने बताया कि कई स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ जीवीएम की छात्राओं ने भी प्रदर्शनी का रूचिपूर्वक अवलोकन किया। इससे विद्यार्थियों को इस दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का विद्यार्थियों को पूरा फायदा उठाना चाहिए।

# निकाय चुनावों में अग्रवाल समाज निभाएगा अहम भूमिका : प्रदीप अग्रवाल



पत्रकारों से बातचीत करते अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा समन्वय समिति के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**निकाय** चुनावों के मध्येनजर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा लोकसभा अध्यक्ष प्रदीप सिंगला की अध्यक्षता में अग्रवाल धर्मशाला में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है जिसमें अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा समन्वय समिति के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल और प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला मौजूद रहे।

प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि आने वाले निकाय चुनावों में अग्रवाल समाज अपनी अहम भूमिका दर्ज कराएगा जिसके तहत अग्रवाल समाज के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का समाज भरपूर सहयोग करेगा और 36 बिरादरी में जो भी अग्रवाल समाज के प्रत्याशी का समर्थन करेगा। अग्रवाल समाज उनके प्रचार प्रसार में भी अहम भूमिका निभाएगा और आने वाले चुनाव के लिए समाज द्वारा सभी जिलों के चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। इस मौके पर राजेश सिंगला ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा ही समाजिक कार्यों में अग्रणीय भूमिका निभाता रहा है और आगे भी अग्रवाल समाज 36 बिरादरी के साथ खड़ा होते हुए समाज में कार्यों को बढ़ावा देने में सहयोग करेगा।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुमित हिंदुस्तानी ने कहा कि चुनावों में अग्रवाल समाज के प्रत्याशियों की अनदेखी को सहन नहीं किया जाएगा और जहां भी अग्रवाल समाज से प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। पूरा अग्रवाल समाज एकजुट होकर उस को जिताने की पूरी कोशिश करेगा। इस मौके पर अजय गुप्ता, सुमित गर्ग, योगेश गर्ग, विपिन, विजय, हिमांशु गोयल, श्रीकांत मंगला, अमर प्रकाश, दीपक सिंगला, प्रमोद बंसल, मनीष मित्तल, जंग बहादुर सिंगला, चंद्र अग्रवाल, विशाल अग्रवाल और अशोक गर्ग आदि मौजूद रहे।

## आयुष विभाग ने सैनिक स्कूल में लगाया मेडिकल कैंप जांचा 313 का स्वास्थ्य

**करनाल।** आयुष विभाग करनाल के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. ब्रह्म शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग के महानिदेशक के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सैनिक स्कूल कुंजपूरा में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष हेल्थ कैंप लगाया गया। प्रधानाचार्य कर्नल विजय राणा, कमांडर तेजंद्र सिंह गिल, स्कॉड लीडर सोनिया शर्मा, डॉ. दीपक, डॉ. पूजा, डॉ. अमित पुंज, डॉ. असरार अहमद, डॉ. चांद, अंजू बाला, संजीव तथा जोगिंद्र द्वारा सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। डॉ. ब्रह्म शर्मा ने बताया कि इस शिविर में कुल 313 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। मरीजों के वजन, रक्तचाप तथा मधुमेह की जांच भी की गई तथा विभिन्न बीमारियों के बारे में आयुष की सभी चिकित्सा पद्धतियों के बारे में निःशुल्क परामर्श और दवाइयों का वितरण भी किया।

# कौशल विकास से बच्चे बनेंगे आत्मनिर्भर : संजय बठला

## स्किल डेवलपमेंट और एनएसक्यूएफ की ओर से हुआ टूलकिट वितरण कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



टूलकिट वितरण करते हुए मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला।

**राजकीय** कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड करनाल में शुक्रवार को जिला स्तरीय टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

स्कूल प्रिंसिपल मोहिंदर सिंह नरवाल ने बताया कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किल डेवलपमेंट व एनएसक्यूएफ की ओर से टूलकिट वितरण कार्यक्रम एक बहुत अच्छा प्रयास है। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में कुल 98 टूलकिट वितरित की गई जिसमें 50 किट पेशेंट केअर असिस्टेंस व 48 ब्यूटी एंड वैलनेस की थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से भविष्य में बच्चे स्वयं आजीविका काम सकेंगे।

मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्म निर्भर बनाने की सरकार की यह योजना सराहनीय है। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्किल डेवलपमेंट की ओर से स्किल इंडिया की दिशा में हरियाणा सरकार की ओर से यह सफल कोशिश है ताकि स्कूल शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात बच्चे अपने पांव पर खड़े हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की यह कोशिश पूरे देश के लिए अनुकरणीय रहेगी। क्योंकि इतने बड़े स्तर पर छात्रों को टूलकिट प्रदान करने वाला हरियाणा देश का प्रथम राज्य है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की वाईस प्रिंसीपल रेखा सीकरी, सुमन लता, प्रीति चतुर्वेदी, सविता और मीनाक्षी आदि का मुख्य योगदान रहा।

# न्युवोको विस्टास ने क्यू 4 एफवाई22 और एफ वाई22 के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**न्युवोको** विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी, ने आज वर्षांत और तिमाही के लिए अपने लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। न्युवोको विस्टास, क्षमता के मामले में, भारत की भारत की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट खिलाड़ी है।

कंपनी के लिए समेकित सीमेंट बिक्री की मात्रा क्यू 4 एफ वाई22 में 31 प्रतिशत क्यू ओ क्यू से 5.5 एमएनटी तक बेहतर हुई है। इसी अवधि के दौरान ऑपरेशंस से समेकित राजस्व में 35 प्रतिशत क्यू ओ क्यू से 2930 करोड़ रुपये तक सुधार हुआ, जबकि समेकित एविडटा 83 प्रतिशत क्यू ओ क्यू से बढ़कर 440 करोड़ रुपये हो गया।

31 मार्च, 2022 को वर्षांत के लिए आपरेशंस से समेकित राजस्व में 24 प्रतिशत वाई ओ वाई से 9318 करोड़ रुपये तक सुधार हुआ। वित्त वर्ष 22 के दौरान समेकित एविडटा और प्रॉफिट आफ्टर टैक्स क्रमशः 1539 करोड़ रुपये और 32 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का समेकित शुद्ध ऋण क्यू4 एफ वाई22 में 431करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2022 में 1666 करोड़ रुपये घटकर 5064 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी मुख्य रूप से वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ाने, ब्लेंडेड सीमेंट की स्वस्थ हिस्सेदारी, और कुशल वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने और इससे जुड़े स्टेकहोल्डर्स के लिए अधिकतम वैल्यू क्रिएशन करने पर ध्यान केंद्रित करके अपने सस्टेनबल प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के चित्तौड़ सीमेंट प्लांट ने एफ वाई22 में 23 प्रतिशत तक की वैकल्पिक ईंधन दर क्षमता स्थापित की, जो सर्कुलर इकोनॉमी में इसके योगदान को आगे बढ़ाती है। जैसा कि भारत के दीर्घकालिक विकास की संभावनाएं बरकरार हैं, कंपनी एक सुरक्षित, स्मार्ट और संस्टनेबल दुनिया बनाने के लिए तैयार है।

वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णस्वामी ने कहा, वित्त वर्ष 22 एक असाधारण चुनौतीपूर्ण वर्ष था। कई संकट जैसे -कोविड-19 महामारी का फिर से आना, रेत का उपलब्ध न होना और मुद्रास्फीति के दबाव ने उद्योग को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इस बीच, हमने आंतरिक काम करने के तरीके और ऑपरेशनल क्षमता पर ध्यान देना जारी रखा। हमारे प्रीमियम उत्पादों की बाजार में बिक्री की मात्रा मे हिस्सेदारी 34 प्रतिशत तक सुधरी और यह आगे भी बने रहेगी। सस्टेनेबिलिटी परियोजनाओं में हमारा निवेश हमारे ईएसजी एजेंडा को आगे बढ़ाएगा। हम क्लिंकर विस्तार योजना के तहत रिस्डा और निंबोल में अपने ऑपरेशन को बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं; और भिवानी में ग्राइंडिंग यूनिट।

# नाइन हाइजीन और पर्सनल केयर ने मासिक धर्म स्वच्छता जागरुकता पैदा की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/नोएडा



**भारत** में मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता समय की आवश्यकता है क्योंकि बहुत कम प्रतिशत महिला आबादी के पास सैनिटरी नैपकिन है, बाकी अभी भी अपने मासिक धर्म के दौरान पुराने कपड़े और लत्ता का उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के हिस्से के रूप में, जो कंपनी की 5वीं वर्षगांठ की तारीख भी है, नाइन हाइजीन एंड पर्सनल केयर ने केवल एक महीने के भीतर 8 राज्यों में 2.5 लाख से अधिक लड़कियों को सैनिटरी पैड वितरित किए हैं। अपनी स्थापना के समय से लेकर अब तक कंपनी ने सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता तक पहुंच के साथ 7.5 लाख से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है।

कंपनी के संस्थापक अमर तुलसियान ने कहा कि इतने कम समय में 2.5 लाख लड़कियों तक पहुंचना आसान नहीं था, लेकिन यह केवल इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारी टीम अच्छी मासिक धर्म स्वच्छता के अभ्यास को फैलाने के लिए समर्पित है। मासिक धर्म चक्र की शुरुआत महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण जैविक परिवर्तनों में से एक है, फिर भी उनमें से अधिकांश इसके लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। उन्हें आवश्यक मासिक धर्म शिक्षा प्रदान करके और उन्हें सस्ती सैनिटरी नैपकिन तक पहुंच प्रदान करके, हम उन्हें अपने स्वास्थ्य और उनके जीवन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए सशक्त बनाते हैं। हम समाज में एक बदलाव लाने की उम्मीद करते हैं जहां मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता तक पहुंच हर महिला के लिए सुलभ है और यह केवल विशेषाधिकार की बात नहीं है।

सैनिटरी नैपकिन और प्रीमियम गुणवत्ता के बेबी डायपर के निर्माण के साथ नाइन खुद को बाकी हिस्सों से अलग करता है जो एक किफायती प्राइस प्वाइंट बनाए रखता है। कंपनी नियमित रूप से मासिक धर्म की वर्जनाओं को खत्म करने, जागरूकता बढाने और युवा लड़कियों और महिलाओं को उनके मासिक धर्म के स्वास्थ्य का खुद ख्याल रखने में सक्षम बनाने के मुख्य उद्देश्य के साथ स्कूलों और कॉलेजों में कार्यशालाओं का आयोजन करती है। इसके साथ ही उन्हें समाज में दूसरों के लिए भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

यह आंदोलन सामाजिक देखभाल करने वालों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पुरुषों और महिलाओं तक पहुंचकर उन्हें एक साथ लाता है और सक्रिय रूप से उन्हें मासिक धर्म यानि पीरियड्स पर चर्चा करने और इससे संबंधित वर्जनाओं को खत्म करने के लिए प्रोत्साहित करता है।



# डिजिटल इंडिया: हरियाणा ने किया ई-लेट्स एजुकेशन इनोवेशन समिट का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**डिजीटल** इंडिया के तहत हरियाणा ने शुक्रवार को पंचकूला में राष्ट्र स्तरीय डिजिटल लर्निंग ई-लेट्स एजुकेशन इनोवेशन समिट का आयोजन कर कोरोना के बाद अध्यापन व अध्ययन में सूचना प्रोद्यौगिकी के महत्व के पहलुओं पर चर्चा की।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने समिट का उद्घाटन करने उपरांत कहा कि कोविड के बाद हर प्रदेश अपने अध्यापन व अध्ययन के तौर-तरीकों पर अलग-अलग तरह से कार्य कर रहे हैं और हमें एक-दूसरे से अलग-अलग जानकारियां

## देशभर के शिक्षाविदों ने लिया भाग

प्राप्त होंगी। कार्यशाला में तमिलनाडू, आसाम, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, केरल, पंजाब के शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पांच मई को शुरू अभियान के तहत अब तक तीन लाख से अधिक टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं तथा 10वीं कक्षा के परिणाम आने के बाद फिर टैबलेट वितरण का कार्य किया जाएगा। स्कूल के बच्चों को आईटी के टूल किट भी वितरित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संस्कृति मॉडल



स्कूल एक अच्छा प्रयास है, इससे शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि आज की कार्यशाला में जारी की गई डिजिटल लर्निंग की पुस्तिका एक उपयोगी दस्तावेज है, जिसमें विश्व भर में हो रहे शिक्षा परिवर्तनों की जानकारी दी गई है। शिक्षा मंत्री ने डिजीटल लर्निंग सोल्यूशन, डिजीटल क्लासरूम सोल्यूशन, डिजीटल बोर्ड सोल्यूशन, डिजीटल लैंगवेज लैब सोल्यूशन, सेक्योरिटी एण्ड सर्विलांस सोल्यूशन, स्कूलनैट, लर्निंग फॉर लाईट पर लगाई गई ई-एक्पो का अवलोकन भी किया। माध्यमिक शिक्षा महानिदेशक डॉ. जे गणेशन ने समिट में भाग लेने आए एनसीईआरटी व देश के अन्य राज्यों से आए व वर्चुअली जुड़े शिक्षाविदों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि शिक्षा पर इनावेटिव पहल की है।

### सरकारी स्कूलों के बच्चों ने किया नाम रोशन

विद्यालय शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. महावीर सिंह ने हरियाणा द्वारा अध्यापन कार्य में आईटी के अधिक से अधिक प्रयोग के बार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कोविड के दौरान शिक्षा विभाग को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से सरकारी स्कूलों के मेडिकल व नॉन मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग देने के लिए सुपर-100 नाम से एक कार्यक्रम चलाया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में इसे आरंभ किया गया था और जिसका 2020 में पहला बैच में जिससे 23 बच्चे आईआईटी, 64 बच्चे नीट क्वालीफाई कर सके और प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला हुआ। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में आईआईटी में 28 और नीट में 72 बच्चों का दाखिला हुआ जिसमें से 5 बच्चों का एम्स में दाखिला हुआ जो किसी भी सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# हरियाणा देश का पहला राज्य जहां शुरू हुआ ऑटो अपील सॉफ्टवेयर सिस्टम

## मुख्य सचिव के निर्देश प्रशासनिक सचिव सात दिन में ऑन बोर्ड करें सेवाएं

## ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत विभिन्न विभागों की 192 सेवाएं हैं ऑनबोर्ड



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत शुरू किये गए 'आस' यानी ऑटो अपील सॉफ्टवेयर की समीक्षा करते हुए कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने इस तरह का अनूठा सिस्टम शुरू किया है। कौशल शुक्रवार को चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत शुरू किये गए 'आस' यानी ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के संबंध में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत विभिन्न विभागों की 192 सेवाएं ऑनबोर्ड हैं।

उन्होंने सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के अंदर ही अपने विभागों की सेवाओं को अपील सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत ऑन बोर्ड करें। ऐसा न करने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कौशल ने कहा कि जिन विभागों की सेवाएं दूसरे विभागों में स्थानांतरित हो गई तो वे विभाग उन सेवाओं को डीनॉटिफाई करें और दूसरे विभाग जल्द से जल्द स्थानांतरित सेवाओं को अधिसूचित कर आस के अन्तर्गत ऑन बोर्ड करें।

बैठक में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेंद्र सिंह, प्रशासनिक सुधार विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक अजीत बालाजी जोशी, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के निदेशक के मकरंद पांडुरंग उपस्थित रहे।

इनके अलावा, विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# हरियाणा कांग्रेस का चिंतन शिविर स्थगित, हुड्डा ने बुलाई कांग्रेस विधायक दल की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** कांग्रेस का चंडीगढ़ में पहली बार होने जा रहा चिंतन शिविर स्थगित कर दिया गया है। अब 30 मई को चंडीगढ़ में कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा हालही में राजस्थान में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया था। जिसके आधार पर हरियाणा कांग्रेस द्वारा पहली बार चंडीगढ़ में 31 मई से दो दिवसीय चिंतन शिविर के आयोजन का ऐलान किया गया था। इस आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी थी। इसी दौरान हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के चुनाव कार्यक्रम का ऐलान हो गया। जिसके चलते कांग्रेस ने 31 मई से होने वाला चिंतिन शिविर स्थगित कर दिया है।

अब 30 मई को पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक बुला ली है। इस बैठक में सभी

## राज्यसभा चुनाव पर होगा फैसला, 31 को कांग्रेस प्रत्याशी करेगा नामांकन

विधायकों को शामिल होने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस बैठक में राज्यभा प्रत्याशी को लेकर मंथन किया जाएगा।

हरियाणा में दो सीटों के लिए चुनाव होना है। विधायकों की संख्या के आधार पर एक सीट भाजपा तो दूसरी सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। कांग्रेस की तरफ से इस सीट के लिए कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला, आनंद शर्मा समेत कई नेता दावेदार हैं। 30 मई को चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में विचार-विमर्श के बाद प्रत्याशी का नाम तय किया जाएगा। 31 मई को राज्यसभा नामांकन की अंतिम तिथि है। जिसके चलते इस बैठक में लिए गए फैसले के आधार पर 31 मई को नामांकन किया जाएगा।

# भारी वाहनों की लेन ड्राइविंग के लिए चलेगा निरीक्षण अभियान : विज

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश में राजमार्गों पर भारी वाहनों की उल्लंघनाओं को चैक करने के लिए व निरीक्षण अभियान को तेज करने हेतु जल्द ही उच्च अधिकारियों की बैठक बुलाई जाएगी। नशा करके वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग अधिकारियों

## नशा करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

को जल्द नियमों का पालन करने के लिए सख्त आदेश भी दिए जाएंगे।

विज ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजमार्गों पर भारी वाहनों की उल्लघनाओं को चैक करने के लिए निरीक्षण अभियान को जारी रखा जाएगा और वे स्वयं प्रदेश के अन्य जिलों में जाकर राजमार्गों पर लेन ड्राइविंग के संबंध में निरीक्षण भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि सालभर में हरियाणा में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग पांच हजार लोगों की मृत्यु हो जाती है और लगभग नौ हजार लोग जख्मी हो जाते हैं और ये सब यातायात के नियमों के पालन न करने से होता है। इसलिए इस निरीक्षण अभियान को सख्ती से चलाया जाएगा।

## कशिश शर्मा को कैडेट वेलफेयर सोसाइटी स्कॉलरशिप मिलने पर किया सम्मानित

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर सात की एनसीसी एयर विंग कैडेट कशिश शर्मा को कैडेट वेलफेयर सोसाइटी स्कॉलरशिप मिलने पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शालिनी नारंग ने बधाई दी तथा भारतीय वायुसेना में अपनी सेवा देने के लिए प्रेरित किया। कैडेट कशिश शर्मा इससे पहले भी एनसीसी की अन्य गतिविधियों में अपनी सफलता दिखा चुकी है। विद्यालय में भी वह शिक्षा के साथ साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हुए अनेक पुरस्कार जीत चुकी है। उनके द्वारा प्राप्त की गई स्कॉलरशिप अन्य कैडेट्स और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।

# प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की छवि व शक्ति को दिए नये आयाम : नायब सिंह सैनी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**मारकंडा** नेशनल कॉलेज शाहाबाद में संसदीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित 16वें राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और न्यायाधीश की भूमिका में कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी ने शिरकत की। उन्होंने युवा सांसदों द्वारा प्रस्तुत की गई कार्यप्रणाली को सराहा तथा युवा सांसदों को इस प्रकार की कार्यप्रणाली को बार-बार दोहराने पर जोर दिया।

उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार पूर्ण कूटनीति व निष्पक्षता के साथ भारत की जनता के विकास व उत्थान की ओर ध्यान दे रही है। किस प्रकार यूक्रेन व रूस के बीच छिड़े विनाशकारी युद्ध में प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सांसदों की टीम ने वहां पढ़ाई कर रहे लगभग 22 हजार भारतीय छात्रों की निकासी का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने अपनी अद्भुत कूटनीति के माध्यम से रूस व यूक्रेन के मुखिया



संबोधित करते सांसद नायब सैनी।

से बात करके सभी भारतीय छात्रों की जान बचाई। उन्होंने बताया कि आज हम आजादी के 75 वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं।

यह अमृत महोत्सव आजादी के मतवालों, रणबांकुरे, वीरों के बलिदान व त्याग को याद करने के लिए मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अंग्रेज आजादी के मतवालों की आवाज को दबाने के लिए कठोर यातनाएं व काला पानी की सजा देते थे। भारत सरकार इन सभी रणबांकुरे वीर सपूतों को याद कर रही है जिनका इतिहास में कहीं नाम ही दर्ज नहीं है।

## महिला को मोबाइल पर मैसेज भेजना पड़ा महंगा, केस दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** महिला के मोबाइल पर गलत मैसेज भेज कर परेशान करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया है। करनाल वासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे रेलवे में टिकट बुक करवानी थी। इसके चलते उसने एक नंबर पर कॉल की, जोकि गलती से कुरुक्षेत्र वासी विश्वनाथ शर्मा के पास मिल गया। व्यक्ति से उन्होंने पूछा कि क्या वे रेलवे से बोल रहे हैं, इस पर व्यक्ति ने कहा कि नहीं, वह रेलवे से नहीं बोल रहे, इस पर गलत नंबर मिलने की बात कह कर उसने फोन काट दिया। इसके बाद व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर कई मैसेज किए।

इस पर उसने व्यक्ति से कहा कि सर आप मुझे मैसेज मत कीजिए। इसके बाद भी व्यक्ति मैसेज करने से नहीं रुका और लगातार गलत मैसेज करता रहा। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने व्यक्ति की व्हाट्सएप की प्रोफाइल में उसका नाम विश्वनाथ शर्मा लिखा देखा। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने भादंस की धारा 354डी और 509 के तहत आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 'अब बदलेगा हरियाणा' से प्रदेश में चलेगी परिवर्तन की लहर : जवाहर गोयल

## गोयल ने ग्रामीणों को दिया रैली में शामिल होने का न्योता

एजेंसी। कुरुक्षेत्र

**अब** बदलेगा हरियाणा रैली को कामयाब बनाने के लिए आप पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता रैली को कामयाब बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में आप पार्टी के जिला चेयरमैन जवाहर लाल गोयल ने जनसंपर्क अभियान के तहत दुनिया माजरा मेघामाजरा व जल बेहड़ा गांव का दौरा कर ग्रामीणों को 29 मई का की रैली का न्योता दिया।

उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा जजपा गठबंधन सरकार लोगों की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतरी है। लोगों को दोनों हाथों से लूटने का काम किया जा रहा है। महंगाई व बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है। सरकार बेरोजगारी व महंगाई पर नियंत्रण लगाने में बुरी तरह से फेल हो रही है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कोई भी काम रिश्वत के



गांव दुनिया माजरा में ग्रामीणों को रैली का न्योता देते जवाहर लाल गोयल।

बिना नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो लोगों के हितों के लिए काम कर रही है।

आप पार्टी ने भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने का फैसला लिया है और जिसकी शुरुआत हो चुकी है। भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा बल्कि भ्रष्टाचार करने वाले दोषियों को सरकार बनने पर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हर आदमी की जुबान पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम है। जनता पूरी तरह से जान चुकी है कि केवल आप पार्टी ही लोगों का भला कर सकती है। पंजाब में आप पार्टी की जीत के बाद जो बदलाव और परिवर्तन की लहर चली है उससे पूरे देश के अंदर बदलाव आएगा और जल्द ही हरियाणा में भी बदलाव आएगा और आप पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने ग्रामीणों को आहवान किया कि वे 29 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंचकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी को मजबूत करने का काम करें। उन्होंने कहा कि अगर आप पार्टी मजबूत होगी तो आप लोग मजबूत होंगे और उनके काम भी प्राथमिकता के आधार पर होंगे। इस मौके पर आप पार्टी के आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुमित हिंदुस्तानी, लखविंदर राणा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र मित्तल, जागर सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार पर गरजे सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पदाधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सर्व** कर्मचारी संघ के बैनर तले आज सभी विभागों के ठेका कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा कौशल विकास निगम को भंग करने, ठेका कर्मचारियों को पक्का करने, स्वास्थ्य विभाग के हटाए गए ठेका कर्मचारियों को वापस लेने समेत कई मांगों को लेकर जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सोनीपत के जिला उपायुक्त कार्यालय पर आज सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले सभी विभागों के ठेका

## कहा, सरकार कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही

कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारी धरनास्थल से पैदल मार्च करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शीलक राम मलिक ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है। खट्टर सरकार ने 7 साल के दौरान किसी कर्मचारी को पक्का नहीं किया और ठेका कर्मचारियों को हटाया जा रहा है, यह सरकार के



नारेबाजी करते सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

तानाशाही नीति है। कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना देकर जबरदस्त सरकार के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान जयभगवान दहिया ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार कौशल विकास निगम के नाम पर कर्मचारियों को दबाने पर लगी है। वही कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा। इसके अलावा कोविड-19 में जान हथेली पर रखकर स्वास्थ्य विभाग के लिए काम करने वाले प्रदेश भर के 22 सौ से अधिक कर्मचारियों को सरकार ने हटा दिया। राममेहर शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त के मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है। साथ ही सरकार को चेतावनी दी है कि अगर जल्द सरकार ने इन कर्मचारियों की मांगों को नहीं माना तो कर्मचारी आंदोलन को तेज करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। जिसके लिए सरकार जिम्मेवार होगी। गौरतलब है कि आज सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर धरना और ज्ञापन सौंपकर अपनी आवाज बुलंद की है। अब देखने वाली बात होगी कि सरकार कर्मचारियों की चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेती है।

## श्रीमद्भागवत के श्रवण से होता कल्याण : राजीव जैन

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मानव जीवन का कल्याण सुनिश्चित हो जाता है। गांव मुरथल में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है, जिसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव जैन शामिल हुए। राजीव जैन ने कहा कि आज के दौर में मानव जीवन विभिन्न प्रकार की समस्याओं के मक्कड़जाल में फंसा हुआ दिखाई देता है, जिनसे निकलने के लिए प्रभु की शरण अति आवश्यक है। इस दौरान आयोजकों ने राजीव जैन को फूलमालाएं पहनाकर तथा श्रीमद्भागवत की प्रति भेंट कर सम्मानित किया।

# संक्षिप्त-समाचार

## विद्यार्थियों को किट कीं वितरित



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संभालखी में एग्रीकल्चर ट्रेड के विद्यार्थियों को किट वितरण किया गया, जिसमें कार्यक्रम संयोजक विकास त्यागी, मुख्य अतिथि एसएमसी प्रधान मलकीत सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय कुमार ने की। विकास त्यागी ने कहा कि वर्तमान में केवल हरियाणा सरकार स्किल डेवलपमेंट में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। बच्चों को वोकेशनल कोर्स के माध्यम से बहुत सा सामान फ्री में उपलब्ध करवा कर उनको सपनों को पूरा करने का काम कर रही है। त्यागी ने कृषि क्षेत्र में बच्चे को बताया कि कैसे अपने आपको इस क्षेत्र में स्थापित कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग कर सकते है। मधुमक्खी पालन, पिग फार्मिंग, वरमिकांपोस्ट आदि की जानकारी बच्चों को दी गई। अजय कुमार ने बच्चों को सही दिशा में कार्य करने, मेहनत करने के बारे में बताया। इस अवसर पर सुभाष कल्साना, हरविंदर सिंह सिमरन जीत कौर हरप्रीत, मंजु रानी सतीश कुमार जितेंद्र, सुशील तिवाना उपस्थित रहे।

## एनएसकयूएफ स्कीम के तहत हेल्थ किटों का हुआ वितरण

**कुरुक्षेत्र।** गांव नगला रोड़ान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य की देखरेख में स्कूली बच्चों को एनएसकयूएफ स्कीम के तहत पीसीए हैल्थ किट वितरित की गई। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में रजत शर्मा, डॉ. कपिल भाटिया व एसएमसी प्रधान मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह हैल्थ टूल किट सरकार की योजना के तहत दी जा रही है ताकि स्कूली बच्चें शिक्षा के साथ साथ रोजगार की तरफ भी आकर्षित हो।

## देश को एकता के सूत्र मे पिरोया नेहरू ने : लक्ष्मीकांत



**कुरुक्षेत्र।** देश की आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ही देश को एकता के सूत्र मे बान्धा था। यह शब्द प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मी कान्त शर्मा एडवोकेट ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू कि पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहे। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब देश आजाद हुआ तब देश मे एक सुई तक नही बनती थी। यह नेहरू की राष्ट्र के प्रति प्रतिब्धता और समर्पण ही था की उन्होंने आजादी के कुछ समय बाद ही देश में आईआईटी, बड़े बड़े कारखाने, मेडिकल संस्थान, भाखड़ा डेम, इसरो, शिक्षण संस्थान का निर्माण करवाया। देश में सुई से लेकर जहाज तक बनने लगे, डॉक्टर और इंजिनयर बनने लगे। उन्होंने समस्त जातियों और धर्मों को एकता के सूत्र पिरोकर दुनिया मे एक मजबूत भारत को खड़ा किया। छोटी छोटी रियासतों मे बंट चुके भारत से रियासतों और राजशाही को खत्म कर भारत को एक राष्ट्र बनाया। लक्ष्मीकांत ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगते हुए कहा कि भाजपा सरकार नेहरू जी पर अनर्गल टिप्पणियां करके फिर से देश को जाति धर्म मे बाँट कर देश को पूंजीपतियों के हाथों मे सौंपना चाहती है। वर्तमान सरकार नेहरू जी बारे बेहूदा बातें कर उनका नही बल्कि देश का अपमान कर रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी शाहबाद, कर्मचारी नेता, मदन लाल सारसा, छात्र नेता संजीव कुमार, सुरेंदर कुमार, रमेश चंद्र, अंशुल कुमार, दिनेश चंद्र मौजूद रहे।

## स्कूल में विद्यार्थियों वितरित की हेल्थकेयर टूल किट



**कुरुक्षेत्र।** शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना में विद्यार्थियों को हेल्थकेयर टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद की निवर्तमान सदस्य रीतु रानी बतौर मुख्यातिथि पहुंची। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यहां पहुंचने पर प्राचार्या रीटा बठला ने उनका स्वागत किया। रीतु रानी ने कहा कि जो व्यक्ति मेहनत के साथ आगे बढ़ता है उसे सफल होने से कोई नही रोक सकता। इसलिए विद्यार्थी जीवन से मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्राचार्या रीटा बठला ने विभाग का धन्यवाद करते हुए कहा कि विभाग द्वारा पहली बार हेल्थकेयर टूल किट वितरीत की गई हैं। सरकार के निर्देश से स्कूलों में बच्चों में कौशल विकास के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इससे बच्चे स्कूलों जीवन में ही बहुत कुछ सीख कर आगे बढ़ेंगें। इस मौके पर उमंग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना, राजन गुप्ता, शशी भूषण शास्त्री, पिंकी रानी व सीमा सहित अन्य मौजूद रहे।

## बच्चों को अच्छे संस्कार दें अभिभावक : रोशन पुरी



**कुरुक्षेत्र।** महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीटीएम बैठक का आयोजन हुआ। विशेष अतिथि विद्यालय प्रबंधक स्वामी रोशनपुरी रहे। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य भजन सिंह राठोर ने की। स्वामी जी ने अपने संबोधन में माता पिता को बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य राठोर ने बताया कि बैठक में ऐजेंडा अनुसार बच्चों के चहुंमुखी विकास के मध्येनजर अध्यापिकाओं व अभिभावकों ने कक्षानुसार ग्रुपों में सार्थक चर्चा की। प्राचार्य ने कहा कि अभिभावकों को हाल ही में संपन्न यूनिट टैस्टों के अंक बताए गए। बच्चों की ताकत व कमजोरियों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास मे अध्यापक के साथ साथ अभिभावक वर्ग की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें बच्चों की पढाई, स्वास्थ्य व सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों के सक्रिय सहयोग की अपेक्षा है। इस अवसर पर उप-प्रबंधक रमेश सचदेवा, उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, ज्या वत्स, रीटा रानी, डा. संतोष शर्मा,सरिता शर्मा, रेखा रानी, मुख्य शिक्षिका अंजू रानी, अनू पाहवा, सुमन धीमान, सीमा रानी, अमिता रानी, ज्योति रानी, नीरू गुप्ता, रितू धीमान, शुभम शर्मा, अलिषा अरोड़ा, चांदनी चढ्डा, अनूप शर्मा, मधू व महेंद्र सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सैनिटरी पैड मशीन : कहीं मशीनें खराब तो कहीं छात्राओं की हिचक है बाधा

## शिक्षा निदेशालय और एमसीडी के 553 स्कूलों के 3,204 शौचालय ब्लॉकों में बनाई थी लगाने की योजना

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार के जनवरी 2021 में अपने स्कूलों के साथ ही निगम के 550 से अधिक विद्यालयों के शौचालयों में सैनेटरी नैपकिन निस्तारण मशीन लगाने का निर्देश दिए जाने के सवा साल बाद भी इन मशीनों के इस्तेमाल को लेकर आशंकाएं बरकरार हैं और छात्राएं माहवारी के दिनों में स्कूल जाने से झिझकती हैं। इतना ही नहीं, कुछ स्कूलों में छात्राएं इन मशीनों के इस्तेमाल से हिचकती हैं तो कई स्कूलों में ये मशीनें काम ही नहीं कर रही हैं। इन छोटी मशीनों में सैनिटरी नैपकिन को डालकर जला दिया जाता है और वह राख में बदल जाता है।

माहवारी से संबंधित स्वच्छता और सैनिटरी नैपकिन का पर्यावरण अनुकूल निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य के साथ शुरू की गई इस पहल के तहत शिक्षा मंत्रालय के परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) ने सैनिटरी नैपकिन इंसीनरेटर की खरीद और शिक्षा निदेशालय और एमसीडी के 553 स्कूलों के 3,204 शौचालय ब्लॉकों में इन्हें लगाने की योजना बनाई थी। लेकिन स्थिति में कोई बहुत अधिक बदलाव नहीं आया है।



दिल्ली के एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर माना कि माहवारी के दौरान लड़कियां स्कूल कम आती हैं, क्योंकि यहां मशीन तो लगी हैं, लेकिन उसका उपयोग नहीं किया जाता। दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली 11वीं कक्षा की छात्रा स्वाति ने बताया, मशीनें लगी तो हैं लेकिन बार बार बटन दबाने के बावजूद वे काम नहीं करतीं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-पांच (एनएफएचएस-5) के आंकड़ों के मुताबिक, स्कूल नहीं जाने वाली 80 प्रतिशत लड़कियां माहवारी के समय कपड़े का उपयोग करती हैं और केवल 32 प्रतिशत लड़कियां सैनिटरी नैपकिन का इस्तेमाल करती हैं। वहीं, स्कूल जाने वाली लड़कियों में यह आंकड़ा, क्रमश: 35.6 और 76.8 प्रतिशत है।

### सैनिटरी नैपकिन को लेकर वर्जनाएं जस की तस

सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा हेमा ने बताया कि वह उन सात से आठ घंटों के दौरान स्कूल में शौचालय का इस्तेमाल नहीं करती। वह कहती है कि स्कूल में साफ-सफाई की सुविधाओं में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन सैनिटरी नैपकिन को लेकर वर्जनाएं जस की तस हैं।

# मेरा सपना है हर व्यक्ति पर एक स्मार्ट फोन और ड्रोन हो : प्रधानमंत्री

### मोदी ने देश के सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव के उद्घाटन के बाद कहा

### ड्रोन के जरिए दवा जैसे सामान गांव देहात में पहुंच सकेंगे बहुत जल्द

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 2014 से पहले के शासन में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को लेकर उदासीनता का माहौल था। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि वर्तमान सरकार ने ड्रोन सहित अन्य प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाना सुनिश्चित किया है।

प्रधानमंत्री ने यहां देश के सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ऐसे वक्त, जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, मेरा सपना है कि भारत में प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में एक स्मार्ट फोन हो, प्रत्येक खेत में एक ड्रोन हो और प्रत्येक घर में समृद्धि हो।

मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों के कार्यकाल में प्रौद्योगिकी को समस्या का हिस्सा समझा जाता था और इन पर गरीब विरोधी होने का ठप्पा लगाने के प्रयास किए जाते थे। इसके कारण 2014 से पहले के शासन में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को लेकर उदासीनता का माहौल था और इसका सबसे ज्यादा असर गरीबों, वंचितों और मध्यम वर्ग पर पड़ा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक वक्त था जब लोग राशन पाने के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़े रहते थे,लेकिन पिछले सात से आठ वर्षों में इन बाधाओं को प्रौद्योगिकी की सहायता से दूर किया गया है। उन्होंने दावा किया कि पहले ऐसा समझा जाता था कि प्रौद्योगिकी संबंधी अविष्कार गणमान्य लोगों के लिए है लेकिन, आज हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी नई प्रौद्योगिकी की लाभार्थी सबसे पहले जनता बने। ड्रोन प्रौद्योगिकी इसका एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सरकार देश भर में स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों के नेटवर्क को मजबूत बना रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गांवों में दवाइयां और अन्य सामान पहुंचाना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है ड्रोन के जरिए ऐसे सामान बहुत जल्दी पहुंचाए जा सकेंगे।

उन्होंने युवाओं से ड्रोन के क्षेत्र में और नए स्टार्टअप्स विकसित करने को कहा और उम्मीद जताई कि देश के पुलिस बल के लिए भी ड्रोन उपयोगी साबित होंगे। राष्ट्रीय राजधानी में दो दिवसीय भारत ड्रोन महोत्सव 2022 आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार महोत्सव का पहला दिन है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी के अलावा नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह भी मौजूद थे।



### पीएम मोदी आज सहकारी संस्थाओं के सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात जाएंगे, जहां वह एक नवनिर्मित अस्पताल का दौरा करेंगे, सहकारी संस्थाओं के प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे और नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री राजकोट के अत्कोट में नवनिर्मित मातुश्री के डीपी मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल जाएंगे। वह एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। बयान के अनुसार अपराह्न चार बजे प्रधानमंत्री सहकार से समृद्धि विषय पर विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रमुखों के सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम गांधीनगर में महात्मा मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कलोल में आईएफएफसीओ में निर्मित नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का उद्घाटन भी करेंगे। बयान में कहा गया है कि गुजरात का सहकारी क्षेत्र पूरे देश के लिए आदर्श रहा है। राज्य के सहकारी क्षेत्र की 84,000 से अधिक सोसायटी में करीब 231 लाख सदस्य हैं।

### भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बना प्रेरणा

सिंधिया ने कहा कि कभी भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दूसरों का अनुसरण करने वाला देश हुआ करता था लेकिन आज यह प्रणेता बन गया है। सिंधिया ने साथ ही कहा कि प्रौद्योगिकी तभी सफल होगी जब इसका इस्तेमाल वंचितों और गरीबों के लिए होगा।

### ड्रोन स्टार्टअप से जुड़े 16 सौ लोग हुए शामिल

इस ड्रोन महोत्सव में सरकारी अधिकारियों, विदेशी राजनयिकों, सशस्त्र बलों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों सहित, निजी कंपनियों और ड्रोन स्टार्टअप से जुड़े 1,600 से अधिक लोग भाग ले रहे हैं।

# हम जीतें तो ठीक, भाजपा जीते तो ईवीएम में गड़बड़ी, यह तो जनादेश का अपमान : योगी

### योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा

**एजेंसी।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा में नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, हम (विपक्ष) जीतें तो ठीक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीते तो ईवीएम में गड़बड़ी है... यह कहना जनादेश का अपमान है। विधानसभा सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव पर खूब तंज कसा।

मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यपाल के अभिभाषण पर हमने नेता प्रतिपक्ष के एक घंटे के भाषण को सुना। मुझे उनकी कुछ बातों पर आश्चर्य हो रहा था। एक व्यक्ति चुनावी सभाओं में बोलता है, मीठी-मीठी बातें करता है, लेकिन सदन में अगर जमीनी हालात पर बात होती तो बेहतर होता। उन्होंने अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा, हम जीतें तो अच्छा है, भाजपा जीत जाए तो साहब ईवीएम में गड़बड़ी कर दी गई, यह कहना तो जनता-जनार्दन का अनादर है।

अखिलेश ने विधानसभा में कहा था, ये लोग कैसे चुनाव जीते हैं, हम जानते हैं। उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अपने संबोधन में भाजपा सरकार की जमकर आलोचना की थी। राज्यपाल ने 23 मई को विधानसभा सत्र की शुरुआत में समवेत सदन (विधानसभा और विधान परिषद) को संबोधित करते हुए योगी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती (2017-2022) सरकार की उपलब्धियां गिनाई थीं और मौजूदा सरकार की भावी कार्ययोजना बताई थी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अखिलेश का एक घंटे का भाषण देखेंगे तो महसूस होगा कि जनादेश प्राप्त सरकार के प्रति इस तरह की बातें करना तो जनता-जनार्दन का अनादर है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने 2017 में स्थानीय निकाय के चुनाव संपन्न कराए, जिसमें कोई हिंसा नहीं हुई। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी कहीं से हिंसा की कोई खबर नहीं आई। 2021 में पंचायत चुनाव और 2022 में विधानसभा चुनाव भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए।



### धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में कुल 117 सदस्यों ने हिस्सा लिया

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में कुल 117 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिसमें सत्ता पक्ष के 67 और विपक्ष के 50 सदस्य शामिल हैं। योगी ने इन सभी के प्रति आभार जताया। उन्होंने राज्यपाल को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंगापुर में दों दोषी भारतीयों को बरी किया

**सिंगापुर।** सिंगापुर की अपीलीय अदालत ने पिछले साल मादक पदार्थों की तस्करी में दोषी करार दिए गए भारतीय मूल के दो पुरुषों को शुक्रवार को बरी कर दिया। इनमें से एक को मौत की सजा सुनाई गई थी। मुख्य न्यायाधीश सुंदरेश मेनन की अगुवाई वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने भारतीय मूल के सिंगापुर के राजकुमार अय्याचामी (40) की दोषसिद्धि और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए अनिवार्य मौत की सजा के खिलाफ अपील को अनुमति दी। अदालत ने भारतीय मूल के मलेशियाई रामदास पुन्नुसामी (41) की आजीवन कारावास और 15 बेंत की सजा के खिलाफ अपील को भी स्वीकार कर लिया। दोनों पुरुषों की अपील पूरी तरह से इस बात पर टिकी रही कि क्या उनमें से प्रत्येक को मादक पदार्थ की प्रकृति के बारे में पता था। दोनों पर 1.875 किलोग्राम गांजा का एक बैग रखने का आरोप लगाया गया था।

### चीन के विदेश मंत्री ने किया किरिबाती देश का दौरा

**वेलिंगटन।** चीन के विदेश मंत्री ने शुक्रवार को सुदूर प्रशांत देश किरिबाती का दौरा किया जहां मछली पकड़ने के विशाल क्षेत्र का भविष्य दांव पर लगा है। वांगई की चार घंटे की किरिबाती यात्रा आठ देशों के दौरे पर उनका दूसरा पड़ाव था, जो दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में बीजिंग की सैन्य और वित्तीय महत्वाकांक्षाओं के बारे में बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। किरिबाती ने इस साल अपनी सीमाओं को कोविड-19 के प्रकोप के कारण बंद कर दिया था, लेकिन सरकार ने अपवाद स्वरूप वांग और उनके 20 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल को आमने-सामने चर्चा के लिए देश में आने की अनुमति दे दी।

### हाई कोर्ट के छह जजों के स्थानांतरण की अनुशंसा की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों के स्थानांतरण की अनुशंसा की है। उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के स्थानांतरण, प्रत्यावर्तन, पदोन्नति से संबंधित उच्चतम न्यायालय के तीन सदस्यीय कॉलेजियम ने यह अनुशंसा की है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति यूयू ललित व एएम खानविलकर शामिल हैं। जिन न्यायाधीशों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें न्यायमूर्ति पीके. गौरव और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला शामिल हैं। न्यायमूर्ति गौरव का मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय से दिल्ली उच्च न्यायालय जबकि न्यायमूर्ति अमानुल्ला का आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरण किया गया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए कॉलेजियम के फैसले में कहा गया है कि न्यायमूर्ति चित्तरंजन दास को उड़ीसा उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय जबकि न्यायमूर्ति शुभाषीश तालापात्रा को त्रिपुरा उच्च न्यायालय से उड़ीसा उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया है।

### शिमला में होगा पीएम का रोडशो

**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सरकार की 8वीं वर्षगांठ के मौके पर 31 मई को शिमला में एक रोडशो करेंगे और रैली को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल प्रदेश इकाई के एक नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के सचिव त्रिलोक जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का आधे किलोमीटर का यह रोडशो सीटीओ से रानी झांसी पार्क के बीच होगा। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के राजनीतिक सलाहकार जामवाल ने कहा कि रोडशो के बाद मोदी, केंद्र में अपनी सरकार के आठ बरस पूरे होने के मौके पर ऐतिहासिक रिज मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशभर में 17 सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से डिजिटल माध्यम से रूबरू होंगे। जामवाल ने प्रधानमंत्री की रैली की तैयारियों की समीक्षा के बाद कहा, हिमाचल प्रदेश के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में अपनी सरकार के आठ साल पूरे होने के मौके पर रैली के लिए शिमला को चुना है।

### उपराष्ट्रपति ने लद्दाख में हुए हादसे पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को लद्दाख में हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया, जिसमें थल सेना के सात जवानों की मृत्यु हो गई। उन्होंने इस दुर्घटना में घायल कर्मियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने नायडू के हवाले से ट्वीट किया, लद्दाख में हुई सड़क दुर्घटना में सेना के वीर सैनिकों की मृत्यु, राष्ट्र की गहरी क्षति है। उन्होंने कहा, हमारे सैनिक विषम परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हैं। हर देशवासी इस दुर्घटना से व्यथित है, शोक संतप्त परिजनों के दुख में शामिल है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# जयशंकर ने हंगरी के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

### जयशंकर ने भारतीय मेडिकल छात्रों के दाखिले सहित तमाम मुद्दों पर हुई बात

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को हंगरी के अपने समकक्ष पीटर जिजार्तो के साथ द्विपक्षीय संबंध, यूक्रेन संघर्ष, हंगरी में भारतीय मेडिकल छात्रों के दाखिले सहित विविध मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की तथा बहु स्तरीय मंचों पर सहयोग मजबूत बनाने पर सहमति जताई।

जिजार्तो 26 और 27 मई की दो दिवसीय भारत यात्रा पर कल शाम नई दिल्ली पहुंचे। दोनों पक्षों की बैठक के बाद जयशंकर ने आज ट्वीट किया, हंगरी के विदेश मंत्री पीटर जिजार्तो के साथ गर्मजोशी से चर्चा हुई। ऑपरेशन गंगा अभियान के लिए हंगरी के समर्थन की सराहना की। गौरतलब है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस का सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इस युद्धग्रस्त पूर्वी यूरोपीय देश से छात्रों सहित भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन गंगा अभियान चलाया गया था। यूक्रेन में हवाई मार्ग बंद होने के कारण वहां से पोलैंड, हंगरी, रोमानिया जैसे देशों से होते हुए भारतीयों को स्वदेश लाया गया था।



यूक्रेन में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे थे और वहां रूस के हमले के कारण इन छात्रों की पढ़ाई पर संकट खड़ा हो गया है। छात्रों के मुद्दे पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने हंगरी के विदेश मंत्री के साथ वहां भारतीय मेडिकल छात्रों के दाखिले के मुद्दे पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने कोविड रोधी भारतीय कोवैक्सीन टीके को हंगरी द्वारा जल्द मान्यता देने और यात्रा समझौते को लेकर उसके खुले विचारों को याद किया।जयशंकर ने कहा हमने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शिक्षा और सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि दोनों देशों के कारोबारी संबंध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में नए सदस्य के रूप में हंगरी का स्वागत है।

# मंत्री चांदना की टिप्पणी को गंभीरता से नहीं लें: अशोक गहलोत

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि खेल मंत्री अशोक चांदना की उन्हें मंत्री पद से मुक्त करने की टिप्पणी को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए क्योंकि हो सकता है कि मंत्री ने किसी प्रकार के तनाव के चलते ऐसी बात कह दी हो।

उल्लेखनीय है कि चांदना ने बृहस्पतिवार रात मुख्यमंत्री गहलोत को संबोधित करते हुए ट्वीट किया था माननीय मुख्यमंत्री जी, मेरा आपसे व्यक्तिगत अनुरोध है कि मुझे इस जलालत भरे मंत्री पद से मुक्त कर मेरे सभी विभागों का चार्ज कुलदीप रांका को दे दिया जाए, क्योंकि वैसे भी वो ही सभी विभागों के मंत्री हैं। रांका मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव है। इस बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने राज्य में प्रस्तावित ग्रामीण ओलंपिक का जिक्र किया। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, राज्य में ग्रामीण ओलंपिक होने हैं जिनमें 30 लाख से अधिक लोग भाग लेंगे। इतना बड़ा भार उन (चांदना) पर है। हो सकता है कि वह किसी प्रकार के तनाव में आ गए हों और टिप्पणी कर दी। गहलोत ने कहा, उसको ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। मेरी उनसे बातचीत नहीं हुई है। दबाव में काम करते लग रहे हैं, इतनी बड़ी जिम्मेवारी उन पर आ गई है, देख लेंगे। गहलोत ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें यहां पुष्पांजलि अर्पित की।



### अशोक चांदना ने अपने विभाग को लेकर किया था ट्वीट

# असंगठित क्षेत्र के 27 करोड़ श्रमिक प्रवासी कामगार पोर्टल पर पंजीकृत : केंद्र

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया है कि राज्यों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के परामर्श से विकसित पोर्टल पर करीब 27.45 करोड़ असंगठित मजदूरों या प्रवासी श्रमिकों को पंजीकृत किया गया है।

केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ से कहा कि श्रमिकों के पंजीकरण के लिए एनआईसी के परामर्श से एक वेबसाइट विकसित की गई है। न्यायालय ने कहा, उन्होंने (भाटी ने) कहा है कि संबंधित राज्यों की ओर से उपलब्ध जानकारियों के आधार पर पोर्टल पर 27.45 करोड़ मजदूरों का पंजीकरण हुआ है। केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारें असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, प्रवासी मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए पंजीकरण का किस प्रकार फायदा उठाएंगी? शीर्ष अदालत ने कहा, पंजीकरण का एक उद्देश्य यह है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, प्रवासी श्रमिकों तक पहुंच सके।

एएसजी ने अनुपालन रिपोर्ट को प्रस्तुत करने के लिए कुछ समय देने का आग्रह किया। इस पर शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को सभी राज्यों से वांछित जानकारियां हासिल करने निर्देश दिया ताकि असंगठित मजदूरों और प्रवासी श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए आदेश जारी किया जा सके।

### पोर्टल पर पंजीकृत मजदूरों को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ



### ईडी फारूक अब्दुल्ला से 31 मई को करेगी पूछताछ

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए 31 मई को दिल्ली तलब किया है। सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।माना जाता है कि यह पूछताछ जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) में कथित वित्तीय अनिमियतता के मामले में की जाएगी। संघीय एजेंसी इस मामले की जांच कर रही है। यह समन धनशोधन रोकथाम कानून (एपीएमएलए) के तहत जारी किया गया है और अब्दुल्ला को 31 मई को ईडी के दिल्ली स्थित मुख्यालय में तलब किया गया है।

# एनसीबी ने मादक पदार्थ मिलने के मामले में आर्यन खान को दी क्लीन चिट

## अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल और कॉर्डेलिया कंपनी के जहाज से गिरफ्तार किए थे आठ लोग

**एजेंसी।** नई दिल्ली/मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में शुक्रवार को क्लीन चिट दे दी। इस मामले में पिछले साल उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

मुंबई की एक अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने वाले एनसीबी के अधिकारियों ने कहा कि आर्यन खान और पांच अन्य को पर्याप्त सबूतों के अभाव के कारण मामले में नामजद नहीं किया गया है। बयान में कहा गया है कि एसआईटी ने वस्तुनिष्ठ तरीके से जांच की। बयान के अनुसार, एसआईटी की जांच के आधार पर 14 आरोपियों के खिलाफ (मुंबई की एक अदालत के समक्ष) स्वापक औषधि एवं मन-प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दाखिल की गई है। छह अन्य व्यक्तियों के खिलाफ सबूतों के अभाव के चलते शिकायत दाखिल नहीं की जा रही है। आरोप पत्र में कहा गया है कि एनसीबी के मुंबई में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने पिछले साल 2 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल और कॉर्डेलिया नामक कंपनी द्वारा संचालित जहाज से आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों में विक्रांत, इश्मीत, अरबाज, अयान, गोमित, नूपुर, मोहक और मुनमुन शामिल थे। एनसीबी ने कहा, आर्यन (खान) और मोहक (जायसवाल) को छोड़कर सभी आरोपियों के पास से मादक पदार्थ मिले थे। एनसीबी ने इस मामले में पिछले साल 3 अक्टूबर को आर्यन खान को गिरफ्तार किया था और जमानत मिलने के बाद उन्हें उसी महीने जेल से रिहा कर दिया गया था। एनसीबी ने शुक्रवार को मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। एजेंसी ने रजिस्ट्री के समक्ष आरोप पत्र जमा किया और विशेष एनडीपीएस अदालत दस्तावेजों के सत्यापन के बाद इसका संज्ञान लेगी।

### एनसीबी ने कहा, आर्यन खान और पांच अन्य पर्याप्त सबूतों के अभाव में नामजद नहीं किए

### मामले में पिछले साल गिरफ्तार किया गया था



### हर पहलू की वस्तुनिष्ठ तरीके से जांच हुई

**नई दिल्ली/मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में शुक्रवार को क्लीन चिट दे दी। इस मामले में पिछले साल उन्हें गिरफ्तार किया गया था। मुंबई की एक अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने वाले एनसीबी के अधिकारियों ने कहा कि आर्यन खान और पांच अन्य को पर्याप्त सबूतों के अभाव के कारण मामले में नामजद नहीं किया गया है। बयान में कहा गया है कि एसआईटी ने वस्तुनिष्ठ तरीके से जांच की। आरोपियों में विक्रांत, इश्मीत, अरबाज, अयान, गोमित, नूपुर, मोहक और मुनमुन शामिल थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने जौहर विवि की जमीन संबंधी शर्त पर रोक लगाई

### सपा विधायक आजम खान की जमानत से जुड़ा है विवि का मामला

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के विधायक आजम खान की जमानत से जुड़ी इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शर्त पर रोक लगा दी। खान ने अपनी याचिका में दावा किया था कि यह शर्त उनके जौहर विश्वविद्यालय के एक हिस्से को ढहाने से संबंधित है, जिसे कथित तौर पर शत्रु संपत्ति पर कब्जा करके बनाया गया था।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई जमानत शर्त प्रथम दृष्टया असंगत है और दीवानी अदालत की डिक्री की तरह लगती है। सर्वोच्च न्यायालय ने जौहर विवि से संबंधित इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई जमानत शर्त को चुनौती देने वाली आजम खान की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब भी मांगा। आजम खान की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि रामपुर के जिलाधिकारी ने एक नोटिस जारी कर विवि की इमारतों को खाली करने व उन्हें गिराने की बात की है। पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई जमानत शर्तों पर रोक लगा रही है और अब मामले की सुनवाई छुट्टियों के बाद करेगी।

# हेलीपोर्ट प्रोजेक्ट को योगी सरकार ने दी हरी झंडी

## ग्लोबल टेंडर में केवल एक कंपनी ने रुचि दिखाई, मानकों के आधार पर परीक्षण करेगा प्राधिकरण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर के सेक्टर-151 में प्रस्तावित हेलीपैड के निर्माण के लिए योगी सरकार ने हरी झंडी दे दी है। इस परियोजना की राह से सबसे बड़ी बाधा दूर हो गई है।

प्राधिकरण के तरफ से हेलीपोर्ट के लिए निकाले गए ग्लोबल टेंडर में केवल एक ही कम्पनी ने रुचि दिखाई है। नियम के अनुसार एक बिडर आने पर कंपनी को काम एलॉट नहीं किया जा सकता है।

यह जानकारी प्राधिकरण ने शासन को भेजी और मार्गदर्शन मांगा। हाल में ही शासन स्तर के अधिकारियों के साथ प्राधिकरण ने बैठक की। शासन ने इस प्रोजेक्ट में रुचि दिखाने वाली इकलौती कंपनी पर मुहर लगा दी है। जानकारी के मुताबिक, नोएडा प्राधिकरण दुनिया भर की कंपनियों को कई बार टेंडर प्रक्रिया में आमंत्रित किया है, लेकिन इस



प्रोजेक्ट पर किसी कंपनी ने रुचि नहीं दिखाई। हर बार टेंडर प्रक्रिया में एक ही कंपनी ने हिस्सा लिया। अब प्राधिकरण टेंडर में आई अकेली एजेंसी के दावों और अनुभव का मानकों के आधार पर परीक्षण करेगी।

सभी दावे ठीक पाए जाने पर प्राधिकरण कंपनी को काम सौंप देगी। खास बात यह है कि नोएडा हेलीपोर्ट का निर्माण भी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की तर्ज पर किया जाएगा। नोएडा में यह देश का सबसे बड़ा हेलीपोर्ट बनने जा रहा है। अथॉरिटी का फोकस अब सेक्टर.151ए के डिवेलपमेंट पर है। इसी के चलते यहां 120 एकड़ जमीन को एनसीआर के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। जिसमें 90 एकड़ में गोल्फकोर्स, 20 एकड़ में स्पोर्ट्स एडवेंचर पार्क और 10 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर हेलीपैड बनाया जाएगा।

2004 से नोएडा में हेलीपैड बनाने पर विचार चल रहा है, जिसे अब मंजूर मिल गई है। तीनों प्रोजेक्टों के निर्माण पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हेलीपैड में कई हेलीकॉप्टर एक साथ उतरने की सुविधा होगी। शहर में बढ़ रहे मल्टिनैशनल कंपनियों के निवेश और आए दिन सीएम व पीएम का कार्यक्रम होने के चलते हर बार हेलीकॉप्टर उतारने के लिए अस्थायी व्यवस्था करनी पड़ती है। इसी जरूरत को देखते हुए इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। करीब 170

### दुनिया का सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर एमआई- 172 उतर सकेगा

नोएडा हेलीपोर्ट का उपयोग बहुउद्देशीय होगा। यहां से कमर्शियल उड़ान होंगी। जिनके लिए बेल-412 हेलीकॉप्टर उपयोग होते हैं। इन हेलीकॉप्टर्स में 12 यात्री सवार हो सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े हेलीकॉप्टर एमआई.172 भी यहां लैंड.टेकऑफ कर सकेगा। इन हेलीकॉप्टर की क्षमता 26 यात्रियों को लाने या ले जाने की होती है। इन बड़े हेलीकॉप्टर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नोएडा हेलीपोर्ट का डिजाइन तैयार किया गया है।

करोड़ की लागत से बनने वाले गोल्फकोर्स के बनने से पहले ही मेंबरशिप खोलने का प्लान है। स्पोर्ट्स एडवेंचर पार्क में मनोरंजन के विभिन्न संसाधन होंगे। इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

# दुकानदार और ग्राहकों में मोमोज को लेकर चले लाठी-डंडे

नोएडा। वेज के बजाए नॉनवेज मोमोज परोसने पर दुकानदार और ग्राहकों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। तीन ग्राहकों को गंभीर चोट आने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया। इस मामले में मोमेज बेचने वाले चार लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है। रबूपुरा निवासी तीन दोस्त कपिल, विक्की और रिंकू ग्रेटर नोएडा में यथार्थ अस्पताल के सामने दुकान पर मोमोज खाने गए थे। उन्होंने दुकानदार से वेज मोमोज मांगे थे लेकिन उसने नॉन वेज मोमोज परोस दिए। इसी बात को लेकर तीनों युवक भड़क गए और दुकानदार के साथ मारपीट शुरू कर दी।

# आयुर्वेदिक मेडिसिन का आवंटन रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### औद्योगिक मंत्री के आदेश पर हुई कार्रवाई, 13 करोड़ रुपये की बकाया राशि नहीं कराई थी जमा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आयुर्वेदिक मेडिसिन बनाने वाली कंपनी एमजी कैप्सूल को सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में आवंटित प्लॉट संख्या 508 का आवंटन निरस्त कर दिया है। कंपनी पर प्लॉट आवंटन के प्रीमियम और लीज डीड विलंब शुल्क के रूप में करीब 13 करोड़ रुपये बकाया था।

प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी करने के बावजूद कंपनी कोई रेस्पॉस नहीं दे रही थी, जिसके चलते प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली कंपनी एमजी कैप्सूल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने ग्रेटर नोएडा में प्लॉट के लिए आवेदन किया था। प्राधिकरण ने कंपनी को जनवरी 2019 में सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में प्लॉट संख्या-08 30807 वर्ग मीटर जमीन आवंटित कर दी। प्राधिकरण ने कंपनी को लीजडीड कराने के लिए चेकलिस्ट भी जारी कर दी। उसके बाद कंपनी की तरफ से समय पर प्रीमियम का भुगतान नहीं किया गया, जिस पर प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया।

इसके बावजूद कंपनी ने भुगतान नहीं किया। प्राधिकरण ने दोबारा नोटिस जारी कर बकाया भुगतान को जमा करने के लिए 15 दिन का समय और दिया। कंपनी ने सिर्फ 1.50 करोड़ रुपये जमा कराते हुए शेष धनराशि दो से तीन माह में जमा करने का समय मांगा, जिस पर प्राधिकरण ने बकाया प्रीमियम धनराशि को तीन किस्तों में भुगतान की अनुमति दे दी, लेकिन कंपनी पहली ही किस्त का पूरा भुगतान नहीं कर सकी।

प्राधिकरण ने एक बार फिर कंपनी को पहली किस्त को जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय दे दिया। इसके बाद भी कंपनी ने बकाया भुगतान नहीं किया,बीते दिनों उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ग्रेटर नोएडा आए थे। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा था कि जिन बिल्डर और आवंटियों के ऊपर बकाया बाकी है। उन लोगों के आवंटन रद्द किए जाएं।

# दो अस्पतालों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। सफदरजंग अस्पताल और मक्कड़ मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल में शुक्रवार सुबह आग लगने की दो घटनाएं सामने आईं। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि दोनों घटनाओं में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर स्थित मक्कड़ मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल की छत पर सुबह करीब 8.10 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल विभाग की चार गाड़ियों को फौरन मौके पर रवाना किया गया। दिल्ली के अग्निशमन विभाग के अनुसार, सफदरजंग अस्पताल में सुबह 8.45 बजे आग लगने की सूचना मिली। अधिकारियों के मुताबिक, अस्पताल की एक इमारत की दूसरी मंजिल पर लिफ्ट के स्टेबलाइजर में आग लग गई थी।

# शहीदी स्मारक में इतिहासकारों की पुष्टि के बाद प्रदर्शित होंगे तथ्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा के अंबाला में 300 करोड़ की लागत से बनने वाले 'आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक' के संग्रहालय में गठित इतिहासकारों की समिति की पुष्टि के बाद ही किसी भी तथ्य का प्रदर्शन किया जाएगा।

शहीदी स्मारक में ऐतिहासिक विवरणों को बेहतर रूप से प्रस्तुत व प्रदर्शित किए जाने की दिशा में संग्रहालय को अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त बनाया जाएगा। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में शुक्रवार को अंबाला में बनने वाले शहीदी स्मारक के संबंध में हरियाणा के सूचना,जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक, हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व गठित समिति के संयोजक अमित अग्रवाल व गठित इतिहासकारों की छह सदस्यीय समिति की पहली बैठक में गहन विचार-विमर्श हुआ।

इसके साथ ही आगामी 11जून को इतिहासकारों की समिति अंबाला में शहीदी स्मारक स्थल का दौरा करने जाएगी। बैठक में भारतीय इतिहास परिषद अनुसंधान के अध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र तंवर, प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर कपिल कुमार, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान की निदेशक व उप कुलपति प्रोफेसर अनुपा पांडेय, मिलिट्री इतिहास की पुस्तकों के लेखक कर्नल योगेंद्र सिंह, भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय के अभिलेखाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा व सनातन धर्म महाविद्यालय इतिहास विभाग, अंबाला के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. उदयवीर मौजूद रहे।

# सुरक्षा मानकों की जांच करने सड़क पर उतरे यमुना एक्सप्रेसवे सीईओ

### सरकार से 16.03 करोड़ की परियोजनाओं को मिली मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह, दो एसीईओ मोनिका रानी और रविंद्र सिंह शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंचे।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करवाने के उद्देश्य से यमुना प्राधिकरण के अधिकारी एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। डॉ अरुणवीर सिंह दोनों एसीईओ के साथ यमुना एक्सप्रेसवे पर पहुंचे और सुरक्षा का मुआयना किया। दरअसल, यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि यमुना एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाए। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह अपनी टीम के साथ एक्सप्रेसवे पर उतरे। उन्होंने एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे और स्पीड कैमरों की जांच की। उसके बाद जीरो पॉइंट से लेकर जेवर टोल प्लाजा तक सड़क सुरक्षा का मुआयना किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि यमुना एक्सप्रेसवे पर जो भी कमी है, उसको तत्काल दूर करें।

# राजधानी की 12 सड़कों का होगा कायाकल्प

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक निर्माण विभाग 12 सड़कों का कायाकल्प करेगा। इन सड़कों का सुधार आधुनिक तकनीक किया जाएगा, ताकि लम्बे समय तक ये मजबूत बनी रहें। इसके लिए, दिल्ली सरकार ने 16.03 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है।

लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या न हो और उन्हें जाम से न जूझना पड़े। इसके मद्देनजर समय-समय पर जरुरत के अनुसार पीडब्ल्यूडी सड़कों की मरम्मत का कार्य होता है। इन सड़कों में सुधार के लिए विभाग ने हालात और आवश्यकताओं का निरीक्षण किया, जिसके बाद परियोजनाओं को सरकार की स्वीकृत मिली है। इन एक दर्जन सड़कों में से एक सड़क मार्जिनल बांध रोड है, जो कि नोएडा



और दिल्ली को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। जिस पर रोजाना लाखों यात्री इस्तेमाल करते है।

पीडब्ल्यूडी का मुख्य रूप से ध्यान अक्षरधाम मंदिर के सामने वाले हिस्से की सड़कों पर है। इसमें 2 आरओबी, आरओबी को जोड़ने वाली सड़कें और तीन यू-टर्न शामिल हैं। इस सड़क में सुधार होने से यात्रियों का यात्रा समय कम होगा और यात्रा आसान हो जाएगी।

आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों को सुरक्षित, सुगम और सुंदर सड़क मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की योजना दिल्ली वालों को विश्व स्तरीय सड़कें उपलब्ध कराकर उन्हें बेहतर यात्रा का अनुभव देना है। इस कारण इन सड़कों के सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी आधुनिकतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। जिससे सड़कें यात्रियों की आवाजाही के लिए अधिक सुरक्षित बन सकें।

### इन मार्गो का होगा जीर्णोधार

मार्जिनल बांध मार्ग (आईटीओ चुंगी से एनएच-24 तक), डॉ. कुंदन लाल मार्ग, राजौरी अपार्टमेंट रोड, हाउस नंबर 14/35 से 13/101, सुभाष नगर-डीए-1 हरी नगर से डीबी-1 हरी नगर, शांति देवी मार्ग, अयोध्या प्रसाद चोपड़ा मार्ग, बीए-बीबी ब्लॉक रोड, आर.नं. 32 से 17/117 सुभाष नगर, प्रेम नगर गुरुद्वारा रोड, शहीद मंगल पाण्डेय मार्ग, भाई कन्हैया जी मार्ग (आईटीआई रोड)।

# मालखाने में आंसू गैस का गोला फटने से लगी आग

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 24 में बने मालखाने में अचानक आग लग गई और आग के कारण वहां रखा आंसू गैस का गोला फट गया, जिससे थाने में काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा।

इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेक्टर 24 के पुलिस थाना कार्यालय के उपर मालखाना बना है। मालखाने में दंगे को नियंत्रित करने में इस्तेमाल होने वाला सामान रखा है। दोपहर को इसमें अचानक आग लग गई और मालखाने में रखा आंसू गैस का गोला फट गया। इससे आग बुझाने के काम में लगे पुलिसकर्मियों में भगदड़ मच गई तथा उनकी आंखों में जलन होने लगी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि अगर इस मामले में कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# पार्किंग ठेकेदार पर एक्शन भेजा एक करोड़ का नोटिस

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने पार्किंग ठेकेदारों के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने शहर के तमाम पार्किंग टेंडर को निरस्त कर दिया है साथ ही बकाई रकम को लेकर नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है।

प्राधिकरण की तरफ से एक ठेकेदार को एक करोड़ रुपए का बकाया 20 दिन के अंदर जमा करने का निर्देश दिया गया है। ठेकेदार लंबे समय से बकाया जमा नहीं कर रहे हैं। पार्किंग स्थानों पर मौजूद कर्मचारी तय शुल्क से अधिक की वसूली और पार्किंग स्थान से अधिक हिस्से में वाहनों को पार्क करवा कर शुल्क वसूला करते थे।

# महिला कांस्टेबल को शादी का झांसा देकर ठगी

### वसूले 60 लाख नाइजीरियाई गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



आरोपी

नोएडा की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर असम राइफल्स की एक महिला कांस्टेबल से 60 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में नाइजीरिया के एक नागरिक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

उत्तर प्रदेश के साइबर क्राइम विभाग के पुलिस अधीक्षक प्रोफेसर त्रिवेणी सिंह ने बताया कि असम राइफल्स में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि एक मेट्रीमोनियल साइट पर शादी के लिए उसने प्रोफाइल बनाया था, उसके बाद एक व्यक्ति ने उसे फोन किया तथा खुद को भारतीय मूल का कनाडाई नागरिक बताकर उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार कांस्टेबल और उस युवक के बीच बातचीत होने लगी और दोनों शादी के लिए तैयार हो गए। इस दौरान तीन माह में युवक ने महिला से अलग-अलग बहाने बनाकर 60 लाख रुपए ले लिए।

उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर रही साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव, उप निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह आदि ने इस मामले में नाइजीरिया व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में रह रहा था और बिजनेस वीजा पर भारत आया था और युवतियों के पैसे ऐंठ रहा है।

# गौतमबुद्ध नगर की तीनों अथॉरिटी ने मई में खूब दौड़ाया बुलडोजर

### 760 करोड़ की जमीन से अवैध कब्जे हटाए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश में योगीराज गुंडे, गैंगस्टर और माफियाओं पर भारी पड़ रहा है। योगी आदित्यनाथ का बुलडोजर खूब दौड़ रहा है। गौतमबुद्ध नगर के तीनों विकास प्राधिकरणों ने भी मई महीने में बुलडोजर खूब दौड़ाया है। जिसकी बदौलत तीनों अथॉरिटी ने 760 करोड़ रुपए की जमीन माफि याओं के कब्जे से निकाली है। इस मामले में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण अव्वल रहा।

दरअसल, अथॉरिटी की कमान संभालते ही नए सीईओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। दूसरी ओर जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के नाम को बिल्डर, कॉलोनाइजर और भूमाफिया भुनाने की फिराक में हैं, लेकिन अथॉरिटी ने इनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। नोएडा प्राधिकरण भी जमीनों से अवैध कब्जे हटा रहा है। कुल मिलाकर माफियाओं पर ट्रिपल अटैक जारी है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। धूम मानिकपुर में 4 अवैध कॉलोनी जमींदोज कर दी गई। इस कार्रवाई से 100 करोड़ रुपये की जमीन मुक्त करवाई गई है। करीब 50 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया गया। इस जमीन की कीमत करीब 100 करोड़ रुपये आंकी गई है। धूम मानिक पुर में लेविस ग्रीन, रमेश एंक्लेव, पृथ्वी रेजीडेंसी और राजश्री एंक्लेव नाम की कॉलोनी गिरा दी गई है।

**25 मई: गिराए होटल और एयरपोर्ट के नाम पर बस रही अवैध कॉलोनी**

यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जनपद अलीगढ़ के डोरीपुर, ग्राम खण्डेहा और सिमरौठी में यमुना विकास प्राधिकरण ने अपने अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है। कुछ लोग यहां पर अवैध रूप से प्लॉट और फार्म हाउस बेच रहे थे। डोरीपुर से 17.815 हेक्टेयर, खण्डेहा से 3.8327 हेक्टेयर और सिमरौठी से 5.7179 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया।

**18 मई: 109 करोड़ की जमीन पर हटा कब्जा**

सीईओ ऋतु महेश्वरी के आदेशों पर नोएडा अथॉरिटी ने शहर में बड़ी कार्रवाई की। अथॉरिटी की नोटिफाइड जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा था। सेक्टर.150 के पास होम्स 150 नाम से अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। नगली वाजिदपुर और गढी समसपुर गांव में यह बड़ी कार्रवाई की गई है।

**14 मई: भू-माफिया से 17 करोड़ की जमीन मुक्त हुई**

मेरठ के मंडलायुक्त सुरेंद्र कुमार सिंह ने नोएडा में बतौर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कमान संभालते ही भूमाफिया के खिलाफ जंग छेड़ने की घोषणा कर दी थी। इसी सिलसिले में लगातार बुलडोजर दौड़ रहा है। सदुल्लापुर गांव में अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चला और 17 करोड़ रुपये कीमत की जमीन को माफिया से मुक्त करवाया गया।

**10 मई: इटेहरा और छोटी मिलक में 20 करोड़ की जमीन हुई कब्जामुक्त**

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अमले ने इन दोनों जगहों पर करीब 10 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाया। किसानों के 6 फीसदी भूखंडों के लिए विकास प्राधिकरण ने यह भूमि आरक्षित कर रखी है।

# वयोवृद्ध पत्रकार सत सोनी का निधन

नई दिल्ली। वयोवृद्ध पत्रकार एवं लेखक सत सोनी का गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। उनके परिवार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह 89 वर्ष के थे। म्यांमा के मांडले में जन्मे सोनी द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी आक्रमण के मद्देनजर 1944 में पंजाब चले गए थे। उनके परिवार के एक सदस्य ने बताया कि उनकी शिक्षा जालंधर में हुई थी, जहां उन्होंने पहली बार उर्दू और हिंदी सीखी। परिवार ने एक बयान में कहा, देश के सबसे वरिष्ठ हिंदी पत्रकारों में से एक सत सोनी का बृहस्पतिवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। बयान के अनुसार बाद में वह 50 के दशक के मध्य में बेनेट कोलमैन एंड कंपनी से जुड़ गए और 1979 तक नवभारत टाइम्स में कार्यरत रहे।

# राशिफल

ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

## मेष

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र सफलता प्राप्त करेंगे। कोर्ट में कोई संपत्ति संबंधी मामला है तो आपके पक्ष में जाएगा। करियर में वांछित परिणाम आत्मविश्वास की एक नई भावना से भर देंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। कार्य से संबंधित छोटी यात्रा सार्थक होगी। जो लोग रिलेशनशिप में हैं वे शादी करने का फैसला ले सकते हैं। पारिवारिक जीवन यथावत रहेगा।

भाग्यांक : 9

विशेष : दशरथ कृत शनि स्तोत्र का पाठ करें।

## वृष

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज योजनाएं समय से पूरी होंगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। बढ़ी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे काम में आपको बड़ी आसानी से मदद मिल जायेगी। भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। अच्छी खबर भी मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी का कोई मामला है, तो आपके पक्ष में रहेगा। आपके सभी काम बनेंगे।

भाग्यांक : 8

विशेष : काले रंग के कुत्ते को रोटी खिलाएं।

## मिथुन

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

नौकरी में विस्तार हो सकता है। कामकाज में दबाव बढ़ेंगे घर-परिवार की चिंताएं भी बढ़ेंगी काम से जुड़े दबाव को चुनौती की रूप में लेना होगा। सफलता का सेहरा आपके सिर बंधेगा। दूसरों से आपको बहुत ज्यादा मदद मिलने वाली है। आप लोगों सतर्क रहने की जरूरत है, कुछ व्यक्ति आपके रास्ते में बाधा बनने का प्रयास कर सकते हैं। लोगों की ओर से आशीर्वाद मिल सकता है।

भाग्यांक : 6

विशेष : देवी दुर्गा की आराधना करें।

## कर्क

(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

आय अच्छी रहेगी। बेकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाना श्रेयकर रहेगा। करियर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। भावनाओं को अपने निर्णयों को निधारित न करने दें, निष्पक्षता बनाएं रखे। आर्थिक संदर्भ में यात्रा नवीन अवसर प्रदान कर सकती है। पुराने परिचित से अचानक ही मिल सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से कायाकल्प होगा। संतुष्ट और खुश रहेंगे।

भाग्यांक : 1

विशेष : लकड़ी का कोयला जल प्रवाह करें।

## सिंह

(मा, मी ,मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

दाम्पत्य संबंध मधुर होंगे। रोजगार के कामों से फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। नये काम करने के मौके मिलेंगे। दूसरों की मदद के लिये तैयार रहेंगे। परिवार में लाभ की स्थिति बनेगी। रचनात्मक काम से फायदा होगा। समय मौज-मस्ती में बीतेगा। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन भी हो सकता है। कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। धन लाभ होगा। परिवार के साथ समय बिताने से कायाकल्प होगा। संतुष्ट और खुश रहेंगे।

भाग्यांक : 8

विशेष : शाम का समय मंदिर में बिताएं।

## कन्या

(टो ,पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)

भावुकता में गलत फैसले लेने से बचें। अनुभवी लोगों की बातों पर ध्यान देने का अनुकूल समय है। पुराने कामों से फायदा मिलना शुरू होगा। पिता की सेहत में सुधार दिखेगा तनावमुक्त महसूस करेंगे। लव लाइफ पॉजिटिव दिखाई दे रही है। विदेश यात्रा से बेहतरीन समाचार या सुखद समाचार मिलेगा। किसी को अपना जीवनसाथी बनाना चाहते हैं, तो दिन शानदार है। इच्छा पूरी होगी। आरोग्य शक्ति बढ़े होने के कारण रोग शीघ्र प्रभावित नहीं कर पाएंगे।

भाग्यांक : 7

विशेष : गंगाजल का सेवन करें।

## तुला

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

आय के लिए बेहतर समय रहेगा। व्यापारिक कार्य से संबंधित योजनाएं फलीभूत होंगी। यात्रा का परिणाम सुखदायी होगा। शिक्षा इत्यादि से संबंधित कार्य करने वालों को अधिक सफलता मिलेगी। सुख की अनुभूति होगी और कार्यों से मन प्रसन्न होगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को सफलता का योग बना हुआ है।

भाग्यांक : 9

विशेष : सतनाजा का दान करें।

## वृश्चिक

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

दोस्तों के साथ घूमने की प्लानिंग करेंगे। खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतर रहने वाला है। परिवार में सुख-सौभाग्य बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नये विचारों पर भी काम करेंगे। सोशल वर्क करने का मौका मिल सकता है। कुल मिलाकर दिन अच्छा रहेगा।

भाग्यांक : 2

विशेष : मंदिर में काली उड़द दान करें।

## धनु

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महसूस करेंगे। जीवनसाथी से अच्छी मदद हासिल होने वाली है। खुशियों में तेजी से बढ़ोतरी होने वाली है। प्यार के मामलों में सफलता मिल सकती है। आर्थिक लाभ के लिए प्रयासरत कार्यों में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी का मधुर सहयोग मिल सकता है। अध्यात्म के प्रति भूख बढ़ेगी। ये जानने की इच्छा होगी कि आप किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं। कारोबारियों को धन लाभ होगा।

भाग्यांक : 8

विशेष : गाय को चारा खिलाएं।

## मकर

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

व्यवसायिक दृष्टि से विकास संभव है आत्मविश्वास बढ़ेगा। नई नौकरी की तलाश में हैं तो निराश नहीं होंगे। वित्तीय क्षेत्र में लाभ हो सकता है। छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पारिवारिक जीवन सामंजस्यपूर्ण रहेगा। एक पुराने दोस्त साथ समय बिताने का आनंद लेंगे। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आपकी सभी समस्याओं का निवारण होगा। पीठ एवं घुटनों के दर्द से पीड़ित हो सकते हैं। यात्रा को स्थगित करना पड़ सकता है।

भाग्यांक : 8

विशेष : शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

## कुंभ

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से लोग विरोध कर सकते हैं। गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। निवेश के मामले में नई सलाह मिल सकती है। कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए दिन मिला-जुला रहने वाला है। सफलता पाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। आपकी सभी समस्याओं का हल निकलेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

भाग्यांक : 6

विशेष : अनाथालय में जाकर कुछ दान करें।

## मीन

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

नया काम में बारे में सोच सकते हैं। परिवार में अनबन हो सकती है। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगा। जीवन में नए व्यक्तियों से मिलकर आप लोगों को अच्छा खासा सुकून मिल सकती है। हिम्मत रखनी पड़ेगी तभी कार्य करने में सफल रह सकते हैं। सिंगल लोगों को पार्टनर मिल सकता है। पति-पत्नी के बीच मन-मुटाव हो सकता है। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं।

भाग्यांक : 3

विशेष : शाम के समय घर के मंदिर में कपूर से आरती करें।

नोट : कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं।



# तेज गर्मी में कहीं सनस्ट्रोक बिगाड़ न दे आपकी सेहत!

## इन आसान टिप्स से दें तेज गर्मी को मात और पाएं राहत

> जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है वैसे-वैसे लोगों को सनस्ट्रोक का खतरा भी बढ़ने लगा है लेकिन आप इन तरीकों से खुद को गर्मी से बचा सकते हैं।

मई का महीना खत्म होने को है और जून-जुलाई आते ही लोग गर्मी से बचने के उपाय ढूंढने लगेंगे। जिस हिसाब से पारा चढ़ रहा है उसे देखकर यही लगता है कि लोगों को इस बार गर्मी बहुत ज्यादा लगने वाली है। अभी तो गर्मी की शुरुआत है, लेकिन यह इस बात की ओर इशारा करता है कि आने वाले महीनों में गर्मी और बढ़ेगी। इसी के साथ हमें भी गर्मी को हराने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। गर्मियों के दौरान सबसे आम और हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाने वाला कारक है, सनस्ट्रोक है, जिसे कुछ लोग हीटस्ट्रोक भी कहते हैं। सनस्ट्रोक गर्मी की बीमारी का एक तीव्र रूप है, जो शरीर के तापमान में अत्यधिक वृद्धि के कारण होता है। भ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, त्वचा का लाल पड़ जाना आम संकेत हैं। सनस्ट्रोक मस्तिष्क के साथ-साथ अन्य आंतरिक अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। मतली, दौरा, भ्रम, भटकाव और कभी-कभी चेतना खो देना इसके कुछ अन्य लक्षण हैं।

सनस्ट्रोक को गर्मी की चोट के सबसे गंभीर रूप में से एक कहा जाता है और इसे चिकित्सीय आपातकाल के रूप में माना जाता है और इस स्थिति में तत्काल उपचार की आवश्यकता होती है। और अगर इस स्थिति को बिना उपचार के ही छोड़ दिया जाए तो सनस्ट्रोक मस्तिष्क, हृदय, गुर्दे और मांसपेशियों को बहुत जल्दी नुकसान पहुंचा सकता है। उपचार में जितनी देरी होती है, उतना ही नुकसान होता है और गंभीर जटिलताओं या मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। चूंकि गर्मियां अपनी चरम सीमा पर हैं इसलिए सनस्ट्रोक से दूर रहने के लिए कुछ सुझाव दिए गए हैं। जिन्हें अपनाकर आप इस स्थिति से बच सकते हैं।

- जितना संभव हो, अत्यधिक तापमान होने पर किसी वातानुकूलित इमारत में ही रहें।
- पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें। इस बात का इंतजार न करें कि जब आपको प्यास लगेगी तभी पानी पीएंगे।
- हल्के रंग के, ढीले-ढाले कपड़े पहनें, जिसमें गर्मी में न फंसें और आपको ठंडा रखें।
- दिन में कई बार ठंडा होने के लिए कूल शॉवर या बाथ लें।
- अत्यंत गर्म दिन में गैस के उपयोग से बचें।
- अपने आप को गर्म मौसम में व्यायाम करने के लिए प्रेरित करें, लेकिन उचित हाईड्रेशन सुनिश्चित करें। दिन के सबसे गर्म हिस्सों के दौरान अत्यधिक परिश्रम से बचने के लिए हल्के व्यायाम करें।
- अपनी त्वचा को सन बर्न से बचाने के लिए 30 या उससे अधिक के सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) वाले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।
- डिहाईड्रेशन को रोकने के लिए गर्मियों में अतिरिक्त तरल पदार्थों का सेवन करें, जैसे फलों का रस और स्पोर्ट ड्रिंक। हालांकि, कैफीन या अल्कोहल के तरल पदार्थों से बचने की सलाह दी जाती है क्योंकि ये दोनों पदार्थ अधिक तरल पदार्थ नुकसान करते हैं और गर्मी से संबंधित बीमारियों को बदतर करते हैं।
- दिन के ठंडे वक्त यानी की सूर्यास्त के बाद बाहरी गतिविधियों करने की कोशिश करें। सूरज और उसकी गर्मी से अपने जोखिम को सीमित करें, खासकर गर्मी की लहरों और दिन के सबसे गर्म घंटों के दौरान।
- अपने रहने वाले क्षेत्र को भी ठंडा होने दें। ताजी हवा के लिए रात में खिड़कियां खुली छोड़ दें और गर्मी से बचने के लिए दिन के दौरान पर्दे बंद कर दें। वायु बाहर निकालने के लिए पंखे का उपयोग करें और यदि संभव हो तो, एयर कंडीशनर को चालू करें।
- अच्छे हवादार क्षेत्रों में रहें।
- सनस्ट्रोक के मामले में, तुरंत चिकित्सा सहायता लें और व्यक्ति को शांत करने की कोशिश करें।
- शरीर पर पहने हुए अतिरिक्त कपड़े उतार दें।
- ठंडे पानी के टब या ठंडे शॉवर में व्यक्ति को ले जाएं।
- त्वचा पर पानी से स्प्रे करें।
- अंडरआर्म्स, कमर, और गर्दन, गाल, हथेलियों और पैरों के तलवों पर आइस पैक या गीले तौलिये को लगाएं।
- पानी का सेवन भी बढ़ाएं।

### जोखिम

बुजुर्ग लोगों और बच्चों को हीटस्ट्रोक का खतरा अधिक होता है क्योंकि वे गर्मी में तापमान की भिन्नता को प्रभावी रूप से प्रबंधित नहीं करते हैं। इसके अलावा, मोटापे, उच्च रक्तचाप, शराब, मानसिक बीमारी जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के लोगों को हीटस्ट्रोक का खतरा अधिक होता है और इसलिए उन्हें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

### घरेलू उपचार

- चूंकि रोकथाम इलाज से बेहतर है, इसलिए यहां कुछ प्राकृतिक घरेलू उपचार भी दिए गए हैं, जिन्हें अपनाकर आप हीट स्ट्रोक से बचाव कर सकते हैं।
- कच्चे आम और मसालों के साथ बनाया गया, आम पन्ना गर्मी का कूलर है जो आपके शरीर को ठंडा करता है।
- आलू बुखारा एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं और बेहद हाइड्रेटिंग होते हैं।
- छाछ प्रोबायोटिक्स का एक बड़ा स्रोत है और शरीर को आवश्यक विटामिन और खनिजों के साथ फिर से भर देता है जो अत्यधिक पसीने के कारण गायब हो जाते हैं।
- नारियल पानी शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स को स्वाभाविक रूप से संतुलित करने के लिए जाना जाता है। इसलिए नारियल पानी का सेवन करें।
- गर्मियां अपने पूरे शबाब पर हैं। इन घरेलू उपचारों पर ध्यान दें, यह सुनिश्चित करें कि सूरज अपनी तेज गर्मी से आपको बचने का कोई कारण नहीं देगा। अपने आप को तैयार रखें, आवश्यक चीजों को ले जाएं और गर्मी को आप पर हावी न होने दें।

# लगातार छींक आने से रहते हैं परेशान

## रसोई की इन चीजों का इस्तेमाल दिलाएगा राहत

**अक्सर** देखा जाता हैं कि लोगों को एलर्जी के चलते छींक आने लगती हैं या इसका कारण सर्दी जुकाम भी हो सकता हैं। हालांकि छींक आना स्वाभाविक हैं लेकिन कई लोगों को एक बार छींक आने के बाद रूकती ही नहीं हैं और लगातार छींक आने लागती हैं। लगातार छींक आने की यह परेशानी हालत खराब कर देती हैं। ऐसे में आपको जरूरत होती हैं कुछ ऐसे नुस्खों को अपनाने की जो आपको तुरंत राहत दिलाए। आज हम आपको रसोई की कुछ ऐसी ही चीजों की जानकारी देने जा रहे हैं जिनका इस्तेमाल आपको लगातार छींक में राहत दिलाएगा। तो आइये जानते हैं इनके बारे में।

### लहसुन

**लहसुन,** हालांकि स्वाद में तीखा और खराब लग सकता है, लेकिन ये आपके छींक के लिए रामबाण इलाज बन सकता है। इसमें एक विशेष सक्रिय संघटक होता है, जिसे 'एलिसिन' कहा जाता है, जो नाक की सेंसिटिविटी रोकनेवाला के रूप में काम करता है। साथ ही ये एक ही समय में आपकी प्रतिरक्षा को बढ़ाता है। इसके लिए लहसुन की कुछ फली को चबाएं या सबसे अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए उन्हें घी में हल्का भूनें और फिर खा लें।

### काली इलायची

काली इलायची रसोई में गर्म मसाला तैयार करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पर छींक से निजात दिलाने वाले घरेलू उपचार के रूप में ये आपकी मदद कर सकता है, जो तुरंत आपके छींक को रोक सकता है। इसमें मौजूद मजबूत सुगंध, आवश्यक तेल के साथ नाक के श्लेष्म प्रवाह की मरम्मत करते हैं और जलन पैदा करते हैं। इस तरह जब आपको लगातार छींक आए, तो काली इलायची तो मुंह में रखें और चबाते रहें। कुछ देर में आप महसूस करेंगे कि छींक आना बंद हो गया है।

### आंवला

आंवला का भारत में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है और हमारे माता-पिता और बड़ों द्वारा नियमित रूप से सेवन करने की सलाह दी जाती है। यह न केवल इम्यूनिटी को बढ़ाता है, बल्कि इसमें मजबूत एंटीऑक्सिडेंट भी नाक के मार्गों को साफ करते हैं, अचानक छींक से भी छुटकारा दिलाते हैं। इसलिए जब भी आपको लगातार छींक आने की परेशानी हो आप इसे कच्चा चबा लें या इसका जूस निकाल कर रख लें और दिन में दो से तीन बार तक पिएं।

### अदरक और तुलसी

अदरक और तुलसी मिलकर एक ऐसा शक्तिशाली संयोजन बनाते हैं जो थोड़ी देर में सर्दी, खांसी और अचानक एलर्जी से लड़ते हैं। 3-4 तुलसी के पत्तों को अदरक के एक छोटे टुकड़े के साछ मिलाकर कूच लें और इसे अपने मुंह में रख लें। साथ ही आप इसे पानी में डाल कर उबाल कर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं अगर आप इतना भी न कर पाएं तो इन दोनों को अपने जेब में रखें और जब भी छींक आने लगे मुंह में इसे रख लें।



# वीर सावरकर : तेज, तारुण्य एवं तिलमिलाहट की प्रतिमूर्ति

**मैं तुम्हारे दर्शन करने आया हूं मदन, मुझे तुम पर गर्व है। सावरकर तुम्हें मेरी आंखों में डर की परछाई तो नहीं दिखाई दे रही, बिल्कुल नहीं मुझे तुम्हारे चेहरे पर योगेश्वर कृष्ण का तेज दिखाई दे रहा है,**



**मैं** तुम्हारे दर्शन करने आया हूं मदन, मुझे तुम पर गर्व है। सावरकर तुम्हें मेरी आंखों में डर की परछाई तो नहीं दिखाई दे रही, बिल्कुल नहीं मुझे तुम्हारे चेहरे पर योगेश्वर कृष्ण का तेज दिखाई दे रहा है, तुमने गीता के स्थितप्रज्ञ को साकार कर दिया है मदन न जाने ऐसे कितने ही जीवन है जो सावरकर से प्रेरणा प्राप्त कर मातृभूमि के लिए हस्ते हस्ते बलिदान हो गए. अपने महापुरुषों का स्मरण व सदैव उनके गुणों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ते रहना, यही भारत की श्रेष्ठ परंपरा है. ऐसे ही अकल्पनीय व अनुकरणीय जीवन को याद करने का दिन है सावरकर जयंती।

### यहां दीप नहीं जीवन जलते हैं

स्वातंत्र्य विनायक दामोदर सावरकर केवल नाम नहीं, एक प्रेरणा पुंज है जो आज भी देशभक्ति के पथ पर चलने वाले मतवालों के लिए जितने प्रासंगिक हैं उतने ही प्रेरणादायी भी. वीर सावरकर अदम्य साहस, इस मातृभूमि के प्रति निश्छल प्रेम करने वाले व स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाला अविस्मरणीय नाम है. इंग्लैंड में भारतीय स्वाधीनता हेतु अथक प्रवास, बंदी होने पर भी अथाह समुद्र में छलांग लगाने का अनोखा साहस, कोल्हू में बैल की भांति जोते जाने पर भी प्रसन्ता, देश के लिए परिवार की भी बाजी लगा देना, पल -प्रतिपल देश की स्वाधीनता का चिंतन व मनन, अपनी लेखनी के माध्यम से आमजन में देशभक्ति के प्राण का संचार करना, ऐसा अदभुत व्यक्तित्व था विनायक सावरकर का. सावरकर ने अपने नजरबंदी समय में अंग्रेजी व मराठी अनेक मौलिक ग्रंथों की रचना की, जिसमें मैजिनी, 1857 स्वातंत्र्य समर, मेरी कारावास कहानी, हिंदुत्व आदि प्रमुख है.

### सर्वत्र प्रथम कीर्तिमान रचने वाले सावरकर

सावरकर दुनिया के अकेले स्वातंत्र्य योद्धा थे जिन्हें दो-दो आजीवन कारावास की सजा मिली, सजा को पूरा किया और फिर से राष्ट्र जीवन में सक्रिय हो गए। वे विश्व के ऐसे पहले लेखक थे जिनकी कृति 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को दो-दो देशों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया। सावरकर पहले ऐसे भारतीय राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने सर्वप्रथम विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। वे पहले स्नातक थे जिनकी स्नातक की उपाधि को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण अंग्रेज सरकार ने वापस ले लिया। वीर सावरकर पहले ऐसे भारतीय विद्यार्थी थे जिन्होंने इंग्लैंड के राजा के प्रति वफादारी की शपथ लेने से मना कर दिया। फलस्वरूप उन्हें वकालत करने से रोक दिया गया। वीर सावरकर ने राष्ट्र ध्वज तिरंगे के बीच में धर्म चक्र लगाने का सुझाव सर्वप्रथम दिया था, जिसे तात्कालिक राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने माना। उन्होंने ही सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य घोषित किया। वे ऐसे प्रथम राजनैतिक बंदी थे जिन्हें विदेशी (फ्रांस) भूमि पर बंदी बनाने के कारण हेग के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मामला पहुँचा। वे पहले क्रांतिकारी थे जिन्होंने राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का चिंतन किया तथा बंदी जीवन समाप्त होते ही जिन्होंने अस्पृश्यता आदि कुरीतियों के विरुद्ध आंदोलन शुरू किया। दुनिया के वे ऐसे पहले कवि थे जिन्होंने अंदमान के एकांत कारावास में जेल की दीवारों पर कील और कोयले से कविताएँ लिखीं और फिर उन्हें याद किया। इस प्रकार याद की हुई दस हजार पंक्तियों को उन्होंने जेल से छूटने के बाद पुनः लिखा।

### काल कोठरी के ग्यारह साल और सावरकर

क्या मैं अब अपनी प्यारी मातृभूमि के पुन: दर्शन कर सकूंगा ? 4 जुलाई 1911 में अंदमान के सेलुलर जेल में पहुँचने से पहले सावरकर के मन की व्यथा शायद कुछ ऐसी ही रही होगी। अंदमान की उस काल कोठरी में सावरकर को न जाने कितनी ही शारीरिक यातनाएं सहनी पड़ी होगी, इसको शब्दों में बता पाना असंभव है. अनेक वर्षो तक रस्सी कूटने, कोल्हू में बैल की तरह जुत कर तेल निकालना, हाथों में हथकड़ियां पहने हुए घंटों टंगे रहना, महीनों एकांत काल-कोठरी में रहना और भी न जाने किसी -किस प्रकार के असहनीय कष्ट झेलने पड़े होंगे सावरकर को. लेकिन ये शारीरिक कष्ट भी कभी उस अदम्य साहस के प्रयाय बन चुके विनायक सावरकर को प्रभावित न कर सके. कारावास में रहते हुए भी सावरकर सदा सक्रिय बने रहे. कभी वो राजबंदियों के विषय में निरंतर आंदोलन करते , कभी पत्र द्वारा अपने भाई को आंदोलन की प्रेरणा देते, कभी अपनी सजाएँ समाप्त कर स्वदेश लौटने वाले क्रांतिवीरों को अपनी कविताएं व संदेश कंठस्थ करवाते। इस प्रकार सावरकर सदैव अपने कर्तव्यपथ पर अग्रसर दिखाई दिए. उनकी अनेक कविताएं व लेख अंदमान की उन दीवारों को लांघ कर 600 मील की दूरी पार करके भारत पहुंचते रहे और समाचार पत्रों द्वारा जनता में देशभक्ति की अलख जगाते रहे.

### समरसता और हिंदुत्व के पुरोधा

सन 1921 में सावरकर को अंदमान से कलकत्ता बुलाना पड़ा. वहां उन्हें रत्नागिरी जेल भेज दिया गया. 1924 को सावरकर को जेल से मुक्त कर रत्नागिरी में ही स्थानबद्ध कर दिया गया. उन्हें केवल रत्नागिरी में ही घूमने -फिरने की स्वतंत्रता थी. इसी समय में सावरकर ने हिंदू संगठन व समरसता का कार्य प्रारम्भ कर दिया। महाराष्ट्र के इस प्रदेश में छुआछूत को लेकर घूम - घूमकर विभिन्न स्थानों पर व्याख्यान देकर धार्मिक, सामाजिक तथा राजनैतिक दृष्टि से छुआछूत को हटाने की आवश्यकता बतलाई। सावरकर के प्रेरणादायी व्याख्यान व तर्कपूर्ण दलीलों से लोग इस आंदोलन में उनके साथ हो लिए. दलितों में अपने को हीन समझने की भावना धीरे-धीरे जाती रही और वो भी इस समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा है ऐसा गर्व का भाव जागृत होना शुरू हो गया. सावरकर की प्रेरणा से भागोजी नामक एक व्यक्ति ने ढाई लाख रूपए व्यय करके रत्नागिरी में 'श्री पतित पावन मंदिर% का निर्माण करवाया। दूसरी और सावरकर ने ईसाई पादरियों और मुसलमानों द्वारा भोले भाले हिंदुओं को बहकाकर किये जा रहे धर्मांतरण के विरोध में शुद्धि आंदोलन प्रारम्भ कर दिया। रत्नागिरी में उन्होंने लगभग 350 धर्म - भ्रष्ट हिंदुओं को पुनः हिंदू धर्म में दीक्षित किया।

### युवाओं के सावरकर

सावरकर का जीवन आज भी युवाओं में प्रेरणा भर देता है. जिसे सुनकर प्रत्येक देशभक्त युवा के रोंगटे खड़े हो जाते है. विनायक की वाणी में प्रेरक ऊर्जा थी. उसमें दूसरों का जीवन बदलने की शक्ति थी. सावरकर से शिक्षा- दीक्षा पाकर अनेकों युवा व्यायामशाला जाने लगे, पुस्तकें पढ़ने लगे. विनायक के विचारों से प्रभावित असंख्य युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ गया. जो भोग - विलासी थे, वे त्यागी बन गए. जो उदास तथा आलसी थे, वे उद्यमी हो गए. जो संकुचित और स्वार्थी थे, वो परोपकारी हो गए. जो केवल अपने परिवार में डूबे हुए थे, वे देश-धर्म के संबंध में विचार करने लगे. इस प्रकार हम कह सकते है कि युवाओं के लिए सावरकर वो पारस पत्थर थे, की जो भी उनके संपर्क में आया वो ही इस मातृभूमि की सेवा में लग गया.

सावरकर स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए व उसके बाद भी उसकी रक्षा हेतु प्रयास करते रहे. इसलिए उनका नाम %स्वातंत्र्य सावरकर% अमर हुआ. आज जयंती दिवस पर उस हुतात्मा को शत शत नमन ....

**डॉ. पवन सिंह**
(लेखक मीडिया विभाग, जे. सी. बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर है)

# सुपर चार मुकाबले में जापान के खिलाफ बदला लेने उतरेगा भारत

## युवा टीम की एक घंटे में 16 गोल दागने के लिए सराहना हो रही

**एशिया कप**

### टीम को जापान के खिलाफ 2-5 की हार का सामना करना पड़ा



**एजेंसी।** जकार्ता

**जोरदार** वापसी करके अगले दौर के लिए क्वालीफाई करने वाली आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को यहां एशिया कप के सुपर चार के अपने मैच में जपान से भिड़ेगी तो उसकी नजरें बेहतर प्रदर्शन करके इस टीम के खिलाफ ग्रुप चरण में मिली हार का बदला चुकता करने पर टिकी होंगी।

अंतिम ग्रुप लीग मैच में इंडोनेशिया की कमजोर टीम का सामना करने के बावजूद सरदार सिंह के मार्गदर्शन में खेल रही युवा टीम की एक घंटे में 16 गोल दागने के लिए सराहना हो रही है। भारत को पाकिस्तान को पछाड़कर सुपर चार में जगह बनाने के लिए 15-0 या इससे बेहतर अंतर से जीत दर्ज करने की जरूरत थी और टीम ऐसा करने में सफल रही। भारत और पाकिस्तान दोनों के पूल ए में चार अंक रहे लेकिन गत चैंपियन भारत ने बेहतर गोल अंतर के कारण अगले दौर में जगह बनाई।

इस ग्रुप में जापान शीर्ष पर रहा। पहले दो मैच में हालांकि भारत का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। मेजबान होने के नाते पहले ही अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के कारण भारत ने टूर्नामेंट मे युवा खिलाड़ियों को उतारने का फैसला किया जिससे कि उन्हें अनुभव मिल सके। भारतीय टीम में 12 ऐसे खिलाड़ी थे, जिन्होंने इससे पहले सीनियर स्तर पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला। भारत ने पहले मैच में पाकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ खेला और फिर उसे जापान के खिलाफ 2-5 की हार का सामना करना पड़ा जिससे उस पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था।

भारत ने हालांकि जोरदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की और अगले दौर में जगह बनाई। टीम को जापान से भी मदद मिली जिसने पाकिस्तान को अपने अंतिम ग्रुप मैच में 3-2 से हराया। भारतीय टीम सुपर चार चरण में अब बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी जहां जापान और उसके अलावा दक्षिण कोरिया और मलेशिया ने जगह बनाई है। ये सभी टीम एक दूसरे से एक बार भिड़ेंगी जिसके बाद शीर्ष दो टीम के बीच फाइनल होगा।

भारत अब जापान से ग्रुप चरण में मिली हार का बदला लेना चाहेगा। टीम की राह हालांकि आसान नहीं होगी। जापान की टीम पलटवार करने में माहिर है और ग्रुप चरण में भारत के खिलाफ इसका नजारा पेश कर चुकी है। पेनल्टी कॉर्नर पर अधिक गोल करने में नाकामी भारत की चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि टीम के पास रूपिंदरपाल सिंह और अमित रोहिदास जैसा ड्रैगफ्लिकर नहीं है। यहां तक कि इंडोनेशिया की कमजोर टीम के खिलाफ भी भारत 20 से अधिक पेनल्टी कॉर्नर में से आधों को भी गोल में नहीं बदल सका।

#### भारतीय टीम को अधिक अनुशासन के साथ खेलना होगा

युवा उत्तम सिंह को बेहतर फिनिशिंग करनी होगी। पवन राजभर भारत के लिए स्टार रहे हैं। उन्होंने अपनी गति की बदौलत ना सिर्फ मौके बनाए बल्कि गोल भी किए। अनुभवी एसवी सुनील ने पिछले मैच में दो गोल किए लेकिन ऐसा लगता है कि उन पर आयु का असर पड़ रहा है और उनकी गति कम हुई है। भारत को हालांकि अगर जापान को हराना है तो दोनों टीम के बीच पहले मुकाबले की तुलना में अधिक अनुशासन के साथ खेलना होगा। सुपर चार चरण के एक अन्य मैच में दक्षिण कोरिया की टीम मलेशिया से भिड़ेगी।

#### मिडफील्ड को भी गोल करने के अधिक मौके बनाने होंगे

भारत की रक्षापंक्ति को गति पर निर्भर जापान के खिलाड़ियों को रोकने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मिडफील्ड को भी गोल करने के अधिक मौके बनाने होंगे। इंडोनेशिया के खिलाफ पांच गोल करने वाले दिपसान टिर्की ने पेनल्टी कॉर्नर पर बेहतर प्रदर्शन किया है लेकिन कुल मिलाकर यह भारत का कमजोर पक्ष है क्योंकि टीम पिछले मैच में 22 पेनल्टी कॉर्नर पर नौ ही गोल कर सकी।

# बाबर सभी प्रारूपों में नंबर एक बनने वाला पहला बल्लेबाज बन सकता है : कार्तिक



**एजेंसी।** दुबई

भारत के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि बाबर आजम जल्द ही सभी प्रारूपों में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन सकते हैं और पाकिस्तान के कप्तान को अपनी बल्लेबाजी तकनीक में बदलाव का फायदा मिल रहा है।

तीनों प्रारूपों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले बाबर अभी टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक बल्लेबाज हैं और कार्तिक को भरोसा है कि बाबर खेल के इतिहास में तीनों प्रारूप में शीर्ष पर काबिज होने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं। कार्तिक ने कहा, शत प्रतिशत हो सकता है। वह (बाबर) स्तरीय खिलाड़ी है जो अपनी बल्लेबाजी के शीर्ष पर है और उसे आने वाले समय में कुछ टेस्ट मैच खेलने हैं। उन्होंने कहा, उसने खेल के तीनों प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है और अलग अलग बल्लेबाजी क्रम में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहा है। मुझे लगता है कि उसमें क्षमता है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक का मानना है कि बाबर ने हाल में अपनी बल्लेबाजी तकनीक में बदलाव किया है जिसका दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को फायदा मिला है।

उन्होंने कहा, जब मैं उसे बल्लेबाजी करते हुए देखता हूं तो दो चीजें मेरे दिमाग में आती है, संतुलन और वह जब गेंद को खेलता है तो वह जब बल्ले से टकराती है तो वह बिंदू। कार्तिक ने कहा, वह फ्रंट फुट पर खेले या बैक फुट पर, उसकी गेंद को स्ट्राइक करने की क्षमता शानदार है। वह गेंद को ऐसी जगह मारता है जहां सबसे ताकतवर शॉट लगता है और यह उसे विशेष खिलाड़ी बनाता है। खेल के सबसे लंबे प्रारूप में बाबर दुनिया के पांचवें नंबर के बल्लेबाज हैं।

टेस्ट क्रिकेट में पिछले कुछ समय में आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन के अलावा फैब फोर में शामिल भारत के विराट कोहली, इंग्लैंड के जो रूट, आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन का दबदबा रहा है।

### आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्तिक को फटकार

अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को कोलकाता में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी टीम के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रेस विज्ञप्ति में हालांकि यह जिक्र नहीं है कि असल में उन्होंने क्या अपराध किया। विज्ञप्ति में कहा गया, कार्तिक ने आईपीएल आचार संहिता के नियम 2.3 के अंतर्गत लेवल एक का अपराध और सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के तहत लेवल एक के अपराध में मैच रैफरी का फैसला अंतिम और बाध्य होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने बनाए आठ विकेट पर 157 रन



**अहमदाबाद।** पिछले मैच में शतक जड़ने वाले रजत पाटीदार (58) के अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने शुक्रवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आठ विकेट पर 157 रन बनाए। पाटीदार के अलावा कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 25 और ग्लेन मैक्सवेल ने 24 रन का योगदान दिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और ओबेद मैकॉय ने तीन तीन विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट और रविचंद्रन अश्विन को एक एक विकेट मिला।

### एशियाई खेलों के स्थगित होने से सुधार का समय मिलेगा

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता को एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है क्योंकि हांगझोउ में होने वाले इन महाद्वीपीय खेलों के स्थगित होने से टीम को ट्रेनिंग और सुधार करने का अधिक समय मिलेगा जैसा तोक्यो ओलंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने के दौरान हुआ था। ओलंपिक खेल 2020 को कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित किया गया था और इनका आयोजन 2021 में हुआ था। भारतीय टीम को अब दोबारा इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि एशियाई खेलों को भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। सविता ने हॉकी इंडिया के पोडकास्ट हॉकी ते चर्चा पर कहा, हम इन खेलों के स्थगित होने से एक बार फिर इस तरह निपटेंगे कि हम इसे एशियाई खेलों के लिए ट्रेनिंग और बेहतर तैयार होने के मौके के रूप में लेंगे। उन्होंने कहा, ओलंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने से हमें सुधार करने का काफी समय मिला था और निजी तौर पर मैं यानेक शॉपमैन के साथ काम करूंगी जिन्होंने गोलकीपर के रूप में मेरे अंदर आए सुधार में अहम भूमिका निभाई है। हाल के समय की सबसे सफल गोलकीपर में शामिल सविता जुलाई में होने वाले एफआईएच विश्व कप से पहले यूरोप में एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों में भारतीय टीम की अगुआई करेंगी।

### धोनी के विश्व कप विजयी शॉट देते हैं प्रेरणा : किरण

**पुणे।** महेंद्र सिंह धोनी का विश्व कप जिताने वाला छक्का भारतीयों के दिल और दिमाग में बसा हुआ है और इस शॉट ने कई लोगों की जिंदगी बदल दी थी, जिसमें सोलापुर की एथलीट किरण नवगिरे भी शामिल हैं। एथलेटिक्स का नुकसान इसके बाद क्रिकेट का फायदा बन गया जब महाराष्ट्र की राज्य स्तर की पूर्व एथलीट किरण ने फैसला किया कि अगर वह अपने आदर्श की तरह लंबे शॉट नहीं खेल पाईं तो फिर क्या मजा। धोनी के उस शॉट के 11 साल बाद नगालैंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाली 28 साल की किरण ने तुरंत सुर्खियां बटोरी जब उन्होंने बड़े शॉट खेलने की अपनी क्षमता से प्रभावित किया। महिला टी20 चैलेंज में दाएं हाथ की बल्लेबाज किरण ने अपनी टीम वेलोसिटी की ओर से सबसे तेज अर्धशतक जड़ा और उनकी 34 गेंद में 69 रन की पारी को लंबे समय तक याद रखा जाएगा, विशेषकर उनके पांच छक्कों को। किरण ने टीम की अपनी साथी यस्तिका भाटिया से बात करते हुए कहा, जब मैं छक्के मारती हूं और नेट पर अभ्यास करती हूं तो काफी अच्छा महसूस करती हूं। मैं छक्के मारने का अभ्यास करती हूं, मैं धोनी सर का खेल देखती हूं और उनकी तरह मैच खत्म करना पसंद है, बड़े छक्के मारना।

### चिली ने एडवर्डो बेरिडो को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त किया

**सेंटियागो।** विश्व कप फाइनल्स के दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में एक बार फिर निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले चिली ने एडवर्डो बेरिजो को राष्ट्रीय टीम का नया कोच नियुक्त किया है। चिली सॉकर संघ ने कहा कि 52 साल के बेरिजो का अनुबंध 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग में टीम का अभियान खत्म होने तक होगा। संघ के अध्यक्ष पाब्लो मिलाद ने वीडियो में कहा कि बेरिजो को इसलिए चुना गया क्योंकि विस्तृत अंतरराष्ट्रीय अनुभव होने के अलावा उन्हें देश के फुटबॉल की समझ भी है। चिली के लगातार दूसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद अप्रैल में उरूग्वे के कोच मार्टिन लसार्ते को बर्खास्त कर दिया गया था। चिली की टीम 10 देश के क्वालीफाइंग ग्रुप में सातवें स्थान पर रही थीं, लेकिन उसने कथित तौर पर अयोग्य खिलाड़ी के कारण कतर में इस साल होने वाले फाइनल्स में इक्काडोर के स्थान को चुनौती दी है। तब बेरिजो के मार्गदर्शन में खेल रही पैराग्वे की टीम आठवें स्थान पर रही थी।

# चेसेबल मास्टर्स फाइनल : टाईब्रेक में डिंग लिरेन से हारे प्रज्ञानंदा

## चीन के खिलाड़ी ने अगली बाजी 49 चाल में जीत ली

**एजेंसी।** चेन्नई



**युवा** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा को शुक्रवार को मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2020 आनलाइन टूर्नामेंट के फाइनल में कड़े मुकाबले में टाईब्रेकर में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डिंग लिरेन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

चेन्नई के 16 साल के प्रज्ञानानंदा ने वापसी करते हुए पहला सेट गंवाने के बाद दूसरा सेट जीत लिया, लेकिन इसके बाद वह दो बाजी के ब्लिट्ज टाईब्रेकर में हार गए। पहला सेट 1.5-2.5 से गंवाने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर ने वापसी करते हुए दूसरा सेट 2.5-1.5 से जीता जिसके कारण नजीजे के लिए ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लेना पड़ा। लिरेन ने इसके बाद अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरी टाईब्रेकर बाजी में प्रज्ञानानंदा को हरा दिया। टाईब्रेकर की पहली बाजी ड्रॉ रही थी लेकिन चीन के खिलाड़ी ने अगली बाजी 49 चाल में जीतकर प्रज्ञानानंदा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले मुकाबले को टाईब्रेक में खींचने के लिए प्रज्ञानानंदा को दूसरा सेट जीतना जरूरी था और उन्होंने महत्वपूर्ण जीत दूसरी बाजी में 79 चाल में दर्ज की। दूसरे सेट की अन्य बाजी बराबरी पर छूटी जिससे मुकाबले के नतीजे के लिए टाईब्रेक का सहारा लिया गया।

प्रज्ञानानंदा सेमीफाइनल में नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीष गिरी को हराकर मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाहले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में प्रज्ञानानंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को दूसरी बार हराया और फिर क्वार्टर फाइनल में चीन के वेईई को शिकस्त दी।

### विश्व कप से पहले माराडोना के सम्मान में बनेगा फ्लाइंग म्जूजियम

**ब्यूनर्स आयर्स।** अर्जेन्टीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना के सम्मान में जल्द ही आसमान में फ्लाइंग म्यूजियम (उड़ता हुआ संग्रहालय) उड़ता हुए नजर आएगा ।बुधवार रात टेंगो डी10एस विमान को पेश किया गया जो अर्जेन्टीना में विभिन्न स्थलों पर जाएगा और माराडोना के प्रशंसकों को मैदान पर आने के लिए प्रेरित करेगा। माराडोना का 2020 में 60 साल की उम्र में मस्तिष्क की सर्जरी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। विमान के बाहरी हिस्से में माराडोना की तस्वीरें लगाई गई। इसमें 1986 की वह तस्वीर भी है जिसमें माराडोना अर्जेन्टीना की जर्सी पहने हुए हैं और विश्व कप ट्रॉफी को चूम रहे हैं।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को दस विकेट से हराकर श्रृंखला जीती

## फर्नांडो ने करियर में पहली बार मैच में 10 विकेट हासिल किए

### क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन बांग्लादेश को मिली शिकस्त



**एजेंसी।** ढाका

**असित** फर्नांडो की तूफानी गेंदबाजी से श्रीलंका ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1. 0 से जीत ली।

बांग्लादेश का स्कोर दूसरी पारी में एक समय पांच विकेट पर 156 रन था और लग रहा था कि मेजबान टीम मैच ड्रॉ कराने की ओर बढ़ रही है, लेकिन फर्नांडो (51 रन पर छह विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के आगे टीम 169 रन पर ढेर हो गई। पहली पारी में 93 रन देकर चार विकेट चटकाने वाले फर्नांडो ने करियर में पहली बार मैच में 10 विकेट हासिल किए। श्रीलंका को 29 रन का लक्ष्य मिला, जिसके बाद ओशादा फर्नांडो (नौ गेंद में नाबाद 21 रन) और कप्तान दिमुथ करूणारत्ने (नाबाद सात) ने तीसरे ओवर में ही मेहमान टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 29 रन तक पहुंचाकर उसे जीत दिला दी।

अनुभवी शाकिब अल हसन (58) और लिटन दास (52) ने इससे पहले बांग्लादेश से पारी के हार के खतरे को टाला। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 34 रन से की। इस समय टीम को पारी की हार का खतरा टालने के लिए 107 रन की दरकार थी। टीम ने दिन के आठवें ओवर में ही अच्छी फॉर्म में चल रहे मुशफिकुर रहीम (23) का विकट गंवा दिया, जिन्हें कासुन रजिता (40 रन पर दो विकेट) ने नीची रहती गेंद पर बोल्ड किया। श्रीलंका की पारी में 96 रन पर पांच विकेट चटकाने वाले शाकिब ने इसके बाद मोर्चा संभाला और कुछ आकर्षक शॉट खेले।

पहली पारी में करियर की सर्वश्रेष्ठ 141 रन की पारी खेलने वाले लिटन ने सतर्कता से बल्लेबाजी की। उन्हें मैदानी अंपायर ने नौ रन के निजी स्कोर पर आउट दिया, लेकिन डीआरएस की मदद लेने पर मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा।

विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन ने बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रम की गेंद पर एक रन के साथ अपने 33वें टेस्ट में दो हजार रन पूरे किए। शाकिब ने तेजर्तार पारी खेलते हुए आफ स्पिनर धनंजय डिसिल्वा पर चौके के साथ 62 गेंद में 27वां अर्धशतक पूरा किया। लिटन ने भी 130 गेंद में 13वां अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद फर्नांडो को उन्हीं की गेंद पर वापस कैच थमा दिया, जिसके बाद बांग्लादेश की पारी ढह गई। उन्होंने शाकिब के साथ छठे विकेट के लिए 103 रन जोड़े और अपनी पारी के दौरान 135 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके मारे।

शाकिब भी फर्नांडो की गेंद पर विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को कैच दे बैठे जिससे बांग्लादेश की टेस्ट ड्रा कराने की रही सही उम्मीद भी टूट गई।

